# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 148 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 09 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया





किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के हाथों में मेट्रो संचालन

**समाज जागरण**

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (मुंबई मेट्रो रेल निगम) ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की। इस पहल के तहत Mumbai Metro Line 3 (Aqua Line) (मुंबई मेट्रो लाइन-3) के दो प्रमुख स्टेशनों - Marol Naka Metro Station (मरोल नाका मेट्रो स्टेशन) और CSMT Metro Station (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मेट्रो स्टेशन) - का संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया गया।



एमएमआरसी के अनुसार इन दोनों स्टेशनों पर कुल 85 महिला कर्मचारी विभिन्न शिफ्टों में अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। ये महिलाएं स्टेशन नियंत्रण, टिकट व्यवस्था, यात्री सहायता, सुरक्षा, रखरखाव सहयोग और साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को संभाल रही हैं। स्टेशन के दैनिक संचालन से लेकर यात्रियों को मार्गदर्शन देने तक सभी जिम्मेदारियां महिलाओं ने संभालीं, जो उनकी दक्षता और पेशेवर क्षमता को दशार्ता है।

महिलाएं केवल स्टेशन संचालन ही नहीं, बल्कि मेट्रो ट्रेन संचालन में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मुंबई मेट्रो रेल निगम में वर्तमान में 27 महिला ट्रेन संचालक कार्यरत हैं, जो मेट्रो ट्रेनों का संचालन कर रही हैं। यह दशार्ता है कि महिलाएं तकनीकी और जिम्मेदारी भरे क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभा रही हैं।

मुंबई मेट्रो रेल निगम में इस समय कुल 1,388 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें प्रशासनिक और कार्यालय स्टाफ के अलावा संचालन, टिकट व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा सेवाओं में काम करने वाली महिलाएं भी शामिल हैं। यह आंकड़ा बताता है कि संस्था में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में समान अवसर दिए जा रहे हैं।

निगम का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य केवल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को विशेष बनाना ही नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना भी है कि महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम हैं और उन्हें समान अवसर मिलना चाहिए। यह पहल लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ शहरी परिवहन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को भी मजबूत करेगी।

मुंबई मेट्रो रेल निगम की यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है, जो भविष्य में अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है। (इनपुट - आईएएनएस)

## राम मंदिर निर्माण के दौरान कई चुनौतियां आईं, लेकिन दायित्व पूरी निष्ठा से निभाया : नृपेंद्र मिश्रा

अयोध्या (उत्तर प्रदेश)। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति



के अध्यक्षनृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि पिछले चार वर्षों के दौरान मंदिर निर्माण के समय और उसके बाद कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया।

अयोध्या में मीडिया से बातचीत के दौरान नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि पिछले चार वर्षों में मंदिर निर्माण से जुड़े कई कार्यों को पूरा करना एक बड़ी जिम्मेदारी थी। इस दौरान तकनीकी, प्रशासनिक और व्यवस्थागत स्तर पर कई चुनौतियां सामने आईं, लेकिन सभी को मिलकर उनका समाधान किया गया।

उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की संतुष्टि है कि उन्होंने अपनी भूमिका, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया।

उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर निर्माण का कार्य देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहा है।

गौरतलब है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया गया है और इसके निर्माण से जुड़ी व्यवस्थाओं की देखरेख मंदिर निर्माण समिति द्वारा की जा रही है।

नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य में शामिल होना उनके लिए गौरव की बात है और वे इस जिम्मेदारी को निभाने पर संतोष महसूस कर रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपराष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों से किया संवाद, सशक्तिकरण पर दिया जोर

**समाज जागरण**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हापानिया में इंटरनेशनल ट्रेन एंड फेयर सेंटर में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जमीनी स्तर पर विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण में इन समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में महिलाओं की भूमिका में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। देश अब केवल महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्ण ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है, जो देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले



समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं मेला केंद्र में लगाए गए महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्हें त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से आए एसएचजी समूहों द्वारा प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के बारे में जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

इस कार्यक्रम में इंद्रसेन रेड्डी नल्लू, माणिक साहा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने महिला स्वयं सहायता समूहों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, "इंटरनेशनल विमेंस डे पर हम उन महिलाओं की ताकत, हिम्मत और कामयाबियों का जश्न मनाते हैं जो हमारे परिवारों, समाज और हमारे देश की किस्मत को आकार देती रहती हैं। भारत के लंबे और शानदार इतिहास में हमारी पुरानी ज्ञान परंपराओं की रखवाली करने वाली से लेकर हमारे आजादी के आंदोलन के बहादुर नेताओं और मॉडर्न भारत की तरक्की की अगुआ तक, महिलाएं हिम्मत, समझदारी और दया की मिसाल रही हैं। आज, महिलाएं साइंस, एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, गवर्नेंस, डिफेंस, स्पोर्ट्स और स्पेस जैसे हर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं, और भारत को एक मजबूत, सबको साथ लेकर चलने वाला और डेवलप्ड देश बनाने की दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। हम एक ऐसा समाज बनाते रहें जहां हर लड़की आजादी से सपने देख सके और हर महिला अपनी पूरी काबिलियत को पहचान सके। इंटरनेशनल विमेंस डे पर सभी महिलाओं को दिल से बधाई और शुभकामनाएं।" (इनपुट- आईएएनएस)

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कथित काले कानून के विरोध में दिल्ली पहुंचे सवर्ण समाज के कार्यकर्ता हिरासत में

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कथित काले कानून के विरोध में धरना देने के लिए राजधानी पहुंचे स्वर्ण समाज से जुड़े कई कार्यकताओं को रविवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग फरीदाबाद के सूरजकुंड क्षेत्र से दिल्ली पहुंचे थे और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने विकास द्विवेदी, हेमंत पंडित, कमल शर्मा और अधिवक्ता अनिल मिश्रा सहित कई लोगों को हिरासत में लिया है। ये सभी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित धरने में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे थे।

सूत्रों के मुताबिक प्रदर्शनकारियों का पहले रामलीला मैदान में एकत्र होकर धरना देने का कार्यक्रम था, लेकिन प्रशासन की ओर से वहां किसी भी प्रकार के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद कुछ प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर की ओर जाने की तैयारी कर रहे थे, जहां भी उन्हें धरना देने की अनुमति नहीं मिली।

बताया जा रहा है कि संभावित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस पहले से ही सतर्क थी। इसी कारण राजधानी के कई इलाकों, खासकर संभावित धरना स्थलों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था।



**विरोध और नए नियमों के मुख्य बिंदुः**

विरोध का कारणः प्रदर्शनकारियों ने इन नियमों को "काला कानून" बताते हुए इनकी वापसी की मांग की है। आरोप है कि इससे सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों का हनन होगा।

नियमों की प्रकृतिः 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित ये नियम कॉलेजों में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के लिए 'समान अवसर केंद्र' (Equal Opportunity Cells) और समितियां बनाने का निर्देश देते हैं।

विवादित प्रावधानः नए नियमों में OBC छात्रों को शामिल किया गया है और सबसे बड़ी चिंता यह है कि इसमें झूठी शिकायत करने पर पहले से मौजूद सजा के प्रावधान को हटा दिया गया है।

प्रशासनिक कार्रवाईः विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया।

इस मुद्दे को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से नाराजगी की खबरें हैं, और कुछ समूहों ने इसका कड़ा विरोध जारी रखने की चेतावनी दी है।

पुलिस की टीमों ने कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को रोककर उन्हें हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार कुछ लोगों को शाहदरा पुलिस थाने सहित दिल्ली के अलग-अलग पुलिस थानों में ले जाया गया, ताकि वे किसी प्रकार का प्रदर्शन न कर सकें। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कथित काले कानूनों के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाने दिल्ली आए थे, लेकिन उन्हें अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया गया और रास्ते में ही रोक लिया गया। फिलहाल हिरासत में लिए गए लोगों को अलग-अलग पुलिस थानों में रखा गया है और स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

## टीम इंडिया ने रचा इतिहास, भारत तीन बार T20 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की पहली टीम

अहमदाबादः भारत ने वो कर दिखाया, जो दुनिया की किसी टीम ने आज तक नहीं किया था. टीम इंडिया तीसरी बार टी-20 चैंपियन बनने वाली दुनिया की पहली टीम बन चुकी है. न्यूजीलैंड को 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में हराते ही भारत टाइटल डिफेंड करने वाली भी पहली टीम बन गई. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255 रन बनाए थे. जवाब में न्यूजीलैंड पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 158 रन पर ऑलआउट होते हुए 96 रन से फाइनल गंवा बैठी. अब सूर्यकुमार यादव का नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे वर्ल्ड चैंपियन कप्तानों के साथ लिया जाएगा.

**लगातार दूसरा और कुल तीसरा वर्ल्ड कप जीतने वाली भारत पहली टीम**

इसी के साथ टीम इंडिया ने इतिहास भी रच दिया. भारत ने न सिर्फ फाइनल में न्यूजीलैंड को रौंदा बल्कि कई रिकॉर्ड भी



अपने नाम किए. आज से पहले किसी टीम ने लगातार दो ट्रॉफी नहीं जीती थी. यानी भारत अपना टाइटल डिफेंड करने वाली दुनिया की पहली टीम बन चुकी है. इतना ही नहीं अपने घर पर भी किसी टीम ने वर्ल्ड कप नहीं जीता था. सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम ने वो कमाल भी कर दिया. अब भारत सबसे ज्यादा तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन चुकी है. इसके बाद वेस्टइंडीज ने दो बार खिताब अपने नाम किया है.

**भारत ने खड़ा किया था फाइनल में रिकॉर्ड टोटल**

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 255 रन बनाए थे, जो टी-20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है. संजू सैमसन ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ते हुए सिर्फ 46 गेंदों में 89 रन बनाए. अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए. पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए. यह टी-20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही. मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था. 15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी. इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली.

## योगी आदित्यनाथ की मां मेरी भी मां हैं, उनका सम्मान कीजिए : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्यस्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि "योगी आदित्यनाथ की मां मेरी भी मां हैं, उनका सम्मान किया जाना चाहिए।"

शंकराचार्य ने कहा कि समाज में माता का स्थान सर्वोच्च होता है और किसी भी व्यक्ति की माता के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के परिवारों के प्रति भी मयार्दा और सम्मान बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता को देवी के समान माना गया है और समाज को इस परंपरा का पालन करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति की माता का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है।

शंकराचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता भी उसी तरह सम्मान की पात्र हैं जैसे किसी भी अन्य व्यक्ति की माता होती है। इसलिए सभी को उनके प्रति आदर और सम्मान का भाव रखना चाहिए।

उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि व्यक्तिगत मतभेदों और राजनीतिक विचारों से ऊपर उठकर मातृ सम्मान की परंपरा को बनाए रखना चाहिए, क्योंकि यही भारतीय संस्कृति और सभ्यता की मूल भावना है।

## 'भारत से प्रेशर हटाना जरूरी था', रूसी तेल खरीद पर अमेरिका ने बताई अपनी मजबूरी

**समाज जागरण**

ट्रंप प्रशासन ने यह मान लिया है कि ईरान के मोर्चे पर लड़ते हुए वह रूस के मोर्चे पर भारत जैसे सहयोगियों को नाराज करने का जोखिम नहीं उठा सकता. यह 30 दिनों की मोहलत दरअसल दुनिया को उस बड़े आर्थिक संकट से बचाने की कोशिश है, जिसकी आहट ब्रह्मा चेलानी जैसे एक्सपर्ट्स पहले ही दे चुके थे.

ईरान के साथ छिड़ी जंग और आसमान छूती तेल की कीमतों के बीच ट्रंप प्रशासन ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने पूरी दुनिया के कूटनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर लगे प्रतिबंधों में भारत को बड़ी ढील दे दी है. इस चौंकाने वाले फैसले



का बचाव करते हुए अमेरिकी अफसरों ने अब अंदर की बात बताई है. उनका कहना है कि वैश्विक बाजार में तेल की किल्लत को रोकने और भारत जैसे बड़े सहयोगी पर से दबाव कम करने के लिए यह कॉमन सेंस वाला फैसला जरूरी था.

रविवार को कई अमेरिकी टीवी टॉक शो में नजर आए ट्रंप प्रशासन के आला अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कदम न केवल भारत के हित में है, बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को महंगाई के झटके से बचाने के लिए भी उठाया गया है.

**'लाखों बैरल तेल समंदर में फंसा था'**

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने एनबीसी के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में इस छूट के पीछे का असली तर्क साझा किया. उन्होंने कहा, यह केवल 30 दिनों का एक ह्यपॉजह्न है. यह पूरी तरह से कॉमन सेंस की बात है कि समंदर में जहाजों पर जो लाखों-लाख बैरल तेल पड़ा हुआ है, उसे भारतीय रिफाइनरियों तक पहुंचने दिया जाए. अगर हम ऐसा नहीं करते, तो ग्लोबल मार्केट पर दबाव असहनीय हो जाता.

# विरोध की आवाज और लोकतंत्र की परीक्षा




रविवार को देश की राजधानी दिल्ली में दो तस्वीरें एक साथ दिखाई दीं। एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई मेट्रो परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाकर विकास का संदेश दे रहे थे, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस हिरासत में लेती नजर आई। इन घटनाओं ने एक बार फिर लोकतंत्र में विरोध के अधिकार और शासन की संवेदनशीलता को लेकर बहस छेड़ दी है।

लोकतंत्र की मूल आत्मा यह है कि नागरिक अपनी असहमति शांतिपूर्ण ढंग से व्यक्त कर सकें। किसी भी नीति, नियम या दिशा-निर्देश से असहमति होना स्वाभाविक है। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से जुड़े मुद्दों को लेकर कई संगठनों और छात्रों में नाराजगी देखी जा रही है। सवाल यह नहीं है कि कोई नीति सही है या गलत, बल्कि यह है कि क्या असहमति दर्ज कराने का अवसर और स्थान समाज को मिल रहा है या नहीं।

विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों को हिरासत में लेने की घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा किया है कि कहीं लोकतंत्र में असहमति की आवाज कमजोर तो नहीं की जा रही। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में काम करने वाली कानून-व्यवस्था का दायित्व है कि वह शांति बनाए रखे, लेकिन इसके साथ-साथ नागरिक अधिकारों की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

इस पूरे घटनाक्रम में एक और पहलू चर्चा का विषय बना–मीडिया की भूमिका। जिस दौर में मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, उसी समय कई बड़े मीडिया संस्थानों की चुप्पी सवाल खड़े करती है। जब समाज के किसी वर्ग में असंतोष होता है, तो उसकी आवाज को सामने लाना मीडिया का दायित्व है। यदि मुख्यधारा की मीडिया इससे दूरी बनाती है, तो स्वाभाविक रूप से लोग वैकल्पिक मंचों, विशेषकर सोशल मीडिया की ओर रुख करते हैं।

हाल के दिनों में कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनमें विभिन्न राज्यों में कानूनों के दुरुपयोग को लेकर भी बहस होती रही है। ऐसे मामलों में आवश्यक है कि न्यायिक और प्रशासनिक संस्थाएं पूरी निष्पक्षता के साथ जांच करें, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और पीड़ित को भी न्याय मिल सके। कानून का उद्देश्य समाज में न्याय स्थापित करना है, न कि भय या असंतोष पैदा करना।

सत्ता में बैठे लोगों के लिए यह समय आत्ममंथन का है। यदि किसी नीति या व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर असंतोष है, तो संवाद का रास्ता ही सबसे बेहतर समाधान होता है। लोकतंत्र में सरकार और जनता के बीच संवाद ही विश्वास को मजबूत करता है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में हर वर्ग की चिंताओं को सुनना और समझना आवश्यक है। लोकतंत्र की ताकत विरोध की आवाज को दबाने में नहीं, बल्कि उसे सुनकर समाधान निकालने में होती है। इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि सरकार, प्रशासन और समाज के सभी पक्ष संवाद और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ें।

क्योंकि अंततः लोकतंत्र की असली पहचान यही है कि उसमें हर नागरिक को अपनी बात कहने का अधिकार हो–बिना भय, बिना दबाव और बिना भेदभाव के।

**रमन कुमार झा**

## जोक्स

डॉक्टर- आपकी परेशानी व बीमारे का कारण मुझे समझ में नहीं आ रहा है.
असल में मैं समझता हुं कि यह नशे की वजह से हैं.

मरीज -कोई बात नहीं, जब आपका नशा उतरेगा तब आ जाऊंगा.

# नीतीश कुमार होना आसान नहीं है

भारतीय राजनीति के फलक पर नीतीश कुमार एक ऐसी पहेली हैं, जिसे सुलझाने का दावा हर कोई करता है, लेकिन पूरी तरह कोई समझ नहीं पाता। एक ऐसा नेता, जिसके पास लालू प्रसाद यादव जैसा नैसर्गिक करिश्मा नहीं है, न ही उनके पास भाजपा जैसा विशाल सांगठनिक ढांचा है, फिर भी वह साल-दर-साल बिहार की सत्ता की धुरी बने हुए हैं। यह राजनीतिक उत्तरजीविता का ऐसा उदाहरण है, जो राजनीति विज्ञान के छात्रों के लिए किसी शोध से कम नहीं। नीतीश कुमार के व्यक्तित्व को समझने के लिए हमें उस दौर में पीछे जाना होगा, जब बिहार 'जंगलराज' के तमगे से जूझ रहा था। 2005 में जब उन्होंने सत्ता संभाली, तो उनके सामने एक ऐसा राज्य था जिसकी सड़कें गायब थीं, जहां शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते थे और जहां विकास की परिभाषा केवल सरकारी विज्ञापनों तक सीमित थी। उस समय नीतीश कुमार ने 'सुशासन बाबू' की जो छवि गढ़ी, वह रातों-रात नहीं बनी थी। उसके पीछे दशकों का संघर्ष और समाजवाद की वह विचारधारा थी, जिसे उन्होंने राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण से सीखा था। नीतीश कुमार होना इसलिए कठिन है क्योंकि उन्हें हर कदम पर एक संतुलन साधना पड़ता है एक तरफ अपनी समाजवादी साख बचाए रखने की चुनौती और दूसरी तरफ सत्ता के समीकरणों को साधने की मजबूरी।

उनकी राजनीति का सबसे दिलचस्प और विवादित पहलू उनका पाला बदलना रहा है। आलोचक उन्हें 'पलटू राम' कहते हैं, लेकिन अगर इसे गहराई से देखें, तो यह एक ऐसे नेता की छटपटाहट भी हो सकती है जो अपने एजेंडे को लागू करने के लिए किसी भी हद तक समझौता करने को तैयार है। क्या यह सत्ता का लालच है या बिहार के विकास की मजबूरी? इस पर बहस अंतहीन हो सकती है, लेकिन एक सच यह भी है कि नीतीश कुमार ने कभी भी अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी और छवि पर दाग नहीं लगने दिया। भारतीय राजनीति में जहां भ्रष्टाचार एक सामान्य शिष्टाचार बन गया हो, वहां एक मुख्यमंत्री का बेदाग बने रहना वाकई आसान नहीं है। उनकी ताकत उनके वोट बैंक में नहीं, बल्कि उनकी कार्यशैली में रही है। उन्होंने बिहार में एक नया वर्ग तैयार किया 'मौन मतदाता'। इसमें महिलाएं और अति पिछड़े वर्ग शामिल हैं। जब नीतीश ने लड़कियों को साइकिल दी, तो वह केवल एक वाहन नहीं था, वह बिहार की आधी आबादी के लिए आजादी का परवाना था। सड़क पर साइकिल चलाती उन लड़कियों ने बिहार के सामाजिक ढांचे को बदल दिया। नीतीश कुमार को पता था कि अगर उन्हें बड़े जनाधार वाले नेताओं से लड़ना है, तो उन्हें समाज के उन हिस्सों तक पहुंचना होगा जिन्हें अब तक राजनीति में केवल 'नंबर' समझा जाता था।

नीतीश कुमार का शासन मॉडल अक्सर नौकरशाही पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राजनेताओं से ज्यादा अफसरों पर भरोसा करते हैं। यह उनकी ताकत भी रही और कमजोरी भी। ताकत इसलिए क्योंकि इसने योजनाओं को धरातल पर उतारने में मदद की, और कमजोरी इसलिए क्योंकि इसने उन्हें अपनी ही पार्टी के नेताओं से दूर कर दिया। एक अकेला नेता जो अपनी शर्तों पर सरकार चलाना चाहता है, उसके लिए गठबंधन की राजनीति किसी जलती हुई मोमबत्ती को दोनों सिरों से पकड़ने जैसा है। कभी भाजपा का हिंदुत्व, तो कभी राजद का 'माय' समीकरण इन दो पाटों के बीच अपनी 'धर्मनिरपेक्ष' और 'विकासवादी' छवि को बचाए रखना किसी बाजीगर का ही काम हो सकता है। नीतीश कुमार ने बिहार को बिजली दी, सड़कें दीं और शराबबंदी जैसा साहसी (भले ही विवादास्पद) फैसला लिया। शराबबंदी के पीछे का तर्क विशुद्ध रूप से सामाजिक था, जो उनके महिला वोट बैंक को मजबूती देता था। हालांकि, इसके क्रियान्वयन में हुई विफलताओं ने उनकी प्रशासनिक साख पर सवाल भी उठाए, लेकिन नीतीश अपनी जिद पर अड़े रहे। यह जिद ही उन्हें खास बनाती है और यही उनके लिए मुश्किलें भी खड़ी करती है।

नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर का एक और पहलू उनकी 'तन्हाई' है। वे एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके पास अपनी पार्टी जेडीयू के भीतर भी कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं है। वे एक ऐसे बरगद के पेड़ की तरह हैं जिसकी छाया तो बहुत है, लेकिन उसके नीचे दूसरा कोई पौधा नहीं पनप पाया। यह स्थिति एक नेता के लिए असुरक्षा का कारण भी बन सकती है और उसकी अपरिहार्यता का प्रमाण भी। आज के दौर में जब राजनीति सोशल मीडिया के शोर और इवेंट मैनेजमेंट से चलती है, नीतीश कुमार अभी भी पुराने ढर्रे की उस गंभीर राजनीति में विश्वास रखते हैं जहां फाइलों का अध्ययन और आंकड़ों की बाजीगरी प्राथमिक होती है। वे एक 'मैकेनिकल इंजीनियर' हैं और उनकी राजनीति में भी वही इंजीनियरिंग साफ दिखती है। वे जानते हैं कि किस पुर्जे को कब और कहां फिट करना है ताकि सत्ता की मशीन चलती रहे। लेकिन इस मशीन को चलाने की कीमत उन्हें अपनी साख की अस्थिरता से चुकानी पड़ी है। जनता के बीच उनकी विश्वसनीयता का ग्राफ कभी ऊपर तो कभी नीचे जाता रहा है, फिर भी वे प्रासंगिक बने रहे।

नीतीश कुमार होना इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि उनके ऊपर हमेशा एक 'बड़े भाई' की छाया रही है। कभी वह छाया लालू प्रसाद यादव की थी, तो कभी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की। इस छाया से बाहर निकलकर अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना कि बिहार की बागडोर उन्हीं के हाथ में रहे, एक निरंतर चलने वाला युद्ध है। उन्होंने बिहार को उस हीन भावना से बाहर निकाला जो 90 के दशक के अंत में घर कर गई थी। उन्होंने 'बिहार गौरव' की बात की, प्रवासी बिहारियों को वापस आने का न्योता दिया और राज्य के बजट को कई गुना बढ़ाया। लेकिन इन सबके बावजूद, पलायन और बेरोजगारी जैसे राक्षसों को वे पूरी तरह काबू नहीं कर पाए। यह उनकी राजनीति की एक दुखद विडंबना है कि जिस राज्य को उन्होंने विकास की पटरी पर दौड़ाने की कोशिश की, वहां का युवा आज भी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की ओर देखने को मजबूर है। एक मुख्यमंत्री के रूप में इस विफलता का बोझ ढोना और फिर भी यह कहना कि "सब ठीक है," वाकई आसान नहीं है।

अक्सर यह सवाल उठता है कि नीतीश कुमार का अंतिम लक्ष्य क्या है? क्या वे प्रधानमंत्री बनना चाहते थे? या वे केवल बिहार के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराना चाहते हैं? उनकी महत्वाकांक्षाएं हमेशा उनके चेहरे की झुर्रियों और उनकी नपी-तुली बातों के पीछे छिपी रहती हैं। वे एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने पत्ते तभी खोलते हैं जब सामने वाला अपनी चाल चल चुका होता है। उनकी यह अनिश्चितता उनके सहयोगियों के लिए डरावनी और विरोधियों के लिए चुनौतीपूर्ण होती है। नीतीश कुमार ने बिहार की राजनीति को 'जाति' से निकालकर 'जमात' और 'विकास' की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन अंततः उन्हें भी जातिगत जनगणना जैसे हथियारों का सहारा लेना पड़ा। यह इस बात का प्रमाण है कि जमीन की हकीकतें कितनी भी आदर्शवादी राजनीति को घुटने टेकने पर मजबूर कर सकती हैं।

नीतीश कुमार के व्यक्तित्व का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा उनका व्यक्तिगत संयम है। वे चकाचौंध से दूर रहते हैं, उनका परिवार राजनीति से कोसों दूर है और वे अपनी निजी जिंदगी को बहुत गोपनीय रखते हैं। भारतीय राजनीति के इस दौर में, जहां परिवारवाद एक बड़ी समस्या है, नीतीश कुमार का इस मामले में अडिग रहना उन्हें सम्मान दिलाता है। लेकिन यही संयम उन्हें कभी-कभी 'अहंकारी' या 'संपर्कविहीन' नेता के रूप में भी चित्रित कर देता है। उनके बारे में प्रसिद्ध है कि वे एक बार जो तय कर लेते हैं, फिर किसी की नहीं सुनते। यह दृढ़ता ही थी जिसने बिहार में कानून का राज स्थापित किया, लेकिन यही जिद आज उनकी पार्टी के भीतर असंतोष का कारण भी बनती है।

अंत में, नीतीश कुमार होना एक निरंतर द्वंद्व में जीने जैसा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो आधुनिक बिहार का निमार्ता कहलाना चाहता है, लेकिन जिसे अपनी कुर्सी बचाने के लिए बार-बार उन सिद्धांतों से समझौता करना पड़ता है जिन्हें उसने कभी पवित्र माना था। वे एक ऐसे नायक हैं जिनके चरित्र में शेड्स ऑफ ग्रे अधिक हैं। न तो वे पूरी तरह 'सफेद' आदर्शवादी हैं और न ही पूरी तरह 'काले' अवसरवादी। वे समय की मांग के अनुसार रंग बदलने वाले एक कुशल राजनेता हैं, जो जानते हैं कि राजनीति संभावनाओं का खेल है। बिहार के इतिहास में नीतीश कुमार का मूल्यांकन केवल उनके पाला बदलने के आधार पर नहीं होगा, बल्कि उस बदलाव के आधार पर होगा जो उन्होंने एक आम बिहारी के जीवन में लाने की कोशिश की। उनके विरोधी चाहे जो कहें, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्होंने बिहार को एक 'पहचान' दी है। एक ऐसी पहचान, जो अराजकता से दूर और प्रगति की ओर अग्रसर है। 2026 के इस दौर में भी, जब राजनीति पूरी तरह बदल चुकी है, नीतीश कुमार का प्रासंगिक बने रहना यह साबित करता है कि वे सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति का एक अनिवार्य अध्याय हैं। और सच यही है कि उस अध्याय को लिखना या उसे जी पाना, वाकई हर किसी के बस की बात नहीं है। नीतीश कुमार होना, दरअसल, अपनी ही छाया से लड़ते हुए सत्ता के शिखर पर बने रहने की एक अंतहीन साधना है।



**महेन्द्र तिवारी**

# शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का गौरवशाली, उज्जवल भविष्य

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था ।इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।



**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

# साइबर ठगी और धोखाधड़ी से बचने के लिए RBI का नया 'कवच'

### आरबीआई ने डिजिटल धोखाधड़ी रोकने और ग्राहकों को मुआवजा दिलाने के लिए नया ढांचा प्रस्तावित किया है, जिससे साइबर ठगी के शिकार लोगों का बैंकिंग तंत्र पर भरोसा बढ़ेगा

देश की डिजिटल भुगतान क्रांति ने नागरिकों के लेनदेन के तौर तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। परतु इसके साथ ही लोगों के साथ साइबर धोखाधड़ी का जोखिम भी बढ़ता जा रहा है। इन चिंताओं को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ने गत सप्ताह मसौदा निर्देश जारी किए हैं ताकि डिजिटल लेनदेन में ग्राहक की देनदारी को सीमित करने के ढांचे की समीक्षा की जा सके। इसके लिए नियमन विभाग द्वारा जारी जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण संबंधी मौजूदा दिशा-निर्देशों में बदलाव का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रस्ताव में छोटे मूल्य के डिजिटल धोखाधड़ी मामलों के लिए एक क्षतिपूर्ति तंत्र शामिल है।

जिन ग्राहकों को धोखाधड़ीपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन के माध्यम से 50,000 रुपये तक का नुकसान होता है, उन्हें नुकसान का 85 फीसदी या अधिकतम 25,000 रुपये (जो भी कम हो) तक का मुआवजा मिल सकता है, बशर्ते कि धोखाधड़ी की सूचना तुरंत दी जाए। यह महत्त्वपूर्ण है और उपभोक्ता विश्वास को बढ़ावा देगा। मसौदा निर्देश 1 जुलाई, 2026 से हितधारकों से परामर्श के बाद लागू होने की उम्मीद है। इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि बैंक या ग्राहक की लापरवाही किसे माना जाएगा।

यह ढांचा ऐसे समय में सामने आया है जब भारत का डिजिटल भुगतान तंत्र तेजी से विस्तारित हो रहा है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई के इर्दगिर्द बने प्लेटफॉर्म, मोबाइल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग आदि सभी को तेजी से अपनाया गया है। यहां तक कि दूरदराज इलाकों में भी उनका इस्तेमाल हो रहा है।



हालांकि फिशिंग हमले, वन-टाइम पासवर्ड घोटाले, नकली कस्टमर-केयर कॉल और मालवेयर आधारित धोखाधड़ी अब बेहद आम हो गए हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि 2024-25 के दौरान कार्ड और ऑनलाइन धोखाधड़ी मामलों की संख्या कुल धोखाधड़ी मामलों का 66.8 फीसदी रही। लगभग 13,500 कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी के मामले, जिनमें 520 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी, 2024-25 में दर्ज किए गए। मसौदे में मजबूत ग्राहक सुरक्षा तंत्र का भी प्रस्ताव है, जिसमें 500 रुपये से अधिक के लेनदेन पर अनिवार्य एसएमएस अलर्ट और शिकायतों के त्वरित समाधान की समयसीमा शामिल है। बैंकों को तय समयसीमा के भीतर ग्राहकों को जवाब देना होगा, जिससे धोखाधड़ी पीड़ितों को अक्सर झेलनी पड़ने वाली देरी और प्रक्रियात्मक अड़चनों को कम किया जा सके। इसके अलावा आंशिक क्षतिपूर्ति भी उपलब्ध हो सकती है, भले ही ग्राहक की लापरवाही हो, बशर्ते धोखाधड़ी की सूचना पांच दिनों के भीतर दी जाए।

यह भी सही है कि केवल क्षतिपूर्ति से डिजिटल धोखाधड़ी की गहरी चुनौती का समाधान नहीं हो सकता। कई घटनाएं डिजिटल साक्षरता के निम्न स्तर और साइबर जोखिमों के प्रति सीमित जागरूकता का नतीजा होती हैं। पहली बार उपयोग करने वाले, बुजुर्ग ग्राहक और छोटे व्यापारी विशेष रूप से नकली भुगतान लिंक या नकली कॉल से जुड़े घोटालों के शिकार होते हैं। इसके अलावा, बैंकों, दूरसंचार प्रदाताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी अक्सर धोखाधड़ी वाले खातों को फ्रीज करने और धन की वसूली में देरी करती है।

इसलिए प्रस्तावित ढांचे की प्रभावशीलता इस पर निर्भर करेगी कि बैंक कितनी जल्दी वास्तविक समय में धोखाधड़ी का पता लगाने वाली प्रणालियां लागू करते हैं और अपनी आंतरिक साइबर सुरक्षा संरचना को मजबूत करते हैं। हमें एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र के जरिये प्रतिक्रिया आवश्यक है। बैंकों को ऐसे साधनों में अधिक निवेश करना होगा जो संदिग्ध लेनदेन को तुरंत चिह्नित कर सकें। अनिवार्य वास्तविक समय अलर्ट, उच्च-जोखिम वाली गतिविधियों के लिए लेनदेन सीमा और मजबूत प्रमाणीकरण प्रणालियां धोखाधड़ी की संभावना को कम कर सकती हैं।

बैंकों, नियामकों और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से सार्वजनिक जागरूकता अभियान उपयोगकर्ताओं को आम घोटाले की तकनीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए समान रूप से आवश्यक हैं। लक्ष्य होना चाहिए कि ऐसी धोखाधड़ी की संभावना को ही समाप्त किया जाए।

हालांकि जब तक यह हासिल नहीं होता, तब तक रिजर्व बैंक का नया ढांचा ग्राहक विश्वास को बढ़ाने में मदद करेगा। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस ढांचे में ग्राहक को क्षतिपूर्ति देने के लिए रिजर्व बैंक, ग्राहक के बैंक और लाभार्थी बैंक सभी का योगदान आवश्यक होगा। यह संकेत देता है कि केंद्रीय बैंक इस चुनौती का समाधान करने के लिए गंभीर है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

हिन्दी दैनिक
समाज जागरण



## 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी किया जाएगा।

यह जानकारी अपर जिला जज-द्वितीय, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी सोमप्रभा मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर "महिला श्री सम्मान" का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

नोएडा, 8 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से नोएडा लोकमंच द्वारा "महिला श्री सम्मान" कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार को सेक्टर-62 स्थित दिल्ली महानगर शिक्षा परिसर में किया गया। कार्यक्रम में शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों, सामाजिक कार्यकताओं और प्रबुद्ध नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को "महिला श्री सम्मान" से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में सिंधु रवि, श्रेया शर्मा, दीपिका चंद्रा,




लक्ष्मी नेगी, प्रिया उपाध्याय, श्वेता गुप्ता, राजेश्वरी त्यागराजन, झूमा बिस्वास नाग, वसुधा तिवारी, डॉ. बानी बोरा, डॉ. अनुपमा भारद्वाज, सपना दत्ता और शिल्पी गोयल शामिल रहीं।

कार्यक्रम में शिक्षाविद् विपिन सहनी और किरण सहनी, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति भंवर सिंह, फेलिक्स अस्पताल समूह की निदेशक डॉ. रश्मि गुप्ता, भारतीय ऊर्जा विनिमय के प्रबंध निदेशक सत्यानारायण गोयल, भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान तथा टेन न्यूज नोएडा के संस्थापक गजानन माली सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन रैना शाहमिरी और इंदिरा चौधरी ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर संस्कार अध्ययन केंद्र के बच्चों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित सामाजिक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

नोएडा लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि "महिला श्री सम्मान" के माध्यम से समाज की प्रेरणादायी मातृशक्तियों को मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम नोएडा लोकमंच के सांस्कृतिक प्रकल्प "पहला कदम" के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली ओखला नगर सेवा संगठन तथा दिल्ली मेट्रोपॉलिटन एजुकेशन संस्थान का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

अंत में नोएडा लोकमंच की कोषाध्यक्ष विभा बंसल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नोएडा शहर के कई गणमान्य नागरिक तथा नोएडा लोकमंच की पूरी टीम उपस्थित रही।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

संदीप गर्ग, नोएडा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर-46 स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में ह्लमहिला सशक्तिकरणह्व विषय पर एक




प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत शांतिपूर्ण ध्यान साधना से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने परमपिता परमात्मा को स्मरण करते हुए विश्व में शांति, प्रेम और समानता की भावना के प्रसार की कामना की। कार्यक्रम के संचालक ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि समाज के लिए आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें महिलाओं को सम्मान, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की प्रेरणा देता है।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, करुणा और सृजन का प्रतीक माना गया है। महान कवि जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध पंक्ति ह्लनारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग पग तल मेंह्व के माध्यम से नारी के महत्व को रेखांकित किया गया। साथ ही संत कबीर के दोहे का उल्लेख करते हुए यह संदेश दिया गया कि जीवन में केवल ऊंचा पद प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी बनना भी आवश्यक है।

कार्यक्रम में बताया गया कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, चिकित्सा, व्यवसाय और सामाजिक सेवा जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षित महिला पूरे परिवार और समाज को सकारात्मक दिशा देती है।

समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज के विकास की आधारशिला है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा : एक विचार से वास्तविकता तक

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडाः पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास की दिशा में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक ऐतिहासिक परियोजना के रूप में उभर रहा है। आज यह परियोजना न केवल भारत के सबसे बड़े हवाई अड्डों में से एक बनने जा रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक संरचना को बदल देने की क्षमता भी रखती है। इस एयरपोर्ट के निर्माण के पीछे वर्षों का प्रयास, राजनीतिक इच्छाशक्ति और किसानों के साथ सतत संवाद की एक लंबी कहानी है।

इस कहानी की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई, जब उत्तर प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद जेवर विधानसभा के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने विधानमंडल दल की बैठकों में मुख्यमंत्री के समक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित करने की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उनका तर्क था कि दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते हवाई यातायात को देखते हुए एक वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आवश्यक है, और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र इसके लिए सबसे उपयुक्त स्थान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लिया और राज्य सरकार ने इस दिशा में केंद्र सरकार के साथ समन्वित प्रयास शुरू किए।

लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप जून 2017 में भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद परियोजना की विस्तृत योजना, तकनीकी अध्ययन और स्थान निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (EIDA) को इस परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई।



वर्ष 2018 और 2019 में परियोजना की रूपरेखा तैयार की गई और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी चरण में सबसे बड़ी चुनौती सामने आई। कई गांवों के किसानों को आशंका थी कि भूमि अधिग्रहण के बाद उनके भविष्य और आजीविका पर संकट आ सकता है। इस कारण प्रारंभिक चरण में कई किसानों ने अपनी भूमि देने से इंकार कर दिया।

ऐसे समय में जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने संवाद का मार्ग चुना। उन्होंने गांव-गांव जाकर किसानों के साथ बैठकें कीं और घर-घर जाकर उनसे बातचीत की। उन्होंने किसानों को समझाया कि यह एयरपोर्ट केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र के विकास का आधार बनेगा। इससे लाखों रोजगार के अवसर पैदा होंगे, उद्योगों का विकास होगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में व्यापक परिवर्तन आएगा।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की पूरी रक्षा की जाएगी और उन्हें उचित मुआवजा तथा पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार और जनप्रतिनिधियों के इस संयुक्त प्रयास से धीरे-धीरे किसानों के बीच विश्वास का वातावरण बना और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ सकी।

सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 29 नवंबर 2021 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। यह क्षण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिलान्यास के बाद से परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। रनवे, टर्मिनल और अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण जारी है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में अनेक औद्योगिक और निवेश परियोजनाएं भी आकार लेने लगी हैं, जिनमें सेमीकंडक्टर इकाइयाँ, मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी और औद्योगिक कॉरिडोर जैसी महत्वपूर्ण योजनाएँ शामिल हैं। आज जेवर, जो कभी एक शांत ग्रामीण क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, तेजी से एक वैश्विक आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि दूरदर्शी नेतृत्व, सरकार की प्रतिबद्धता और किसानों के सहयोग से बड़े से बड़ा सपना भी साकार किया जा सकता है।

जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इसी सामूहिक प्रयास की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने का मार्ग प्रशस्त किया है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर फोर्टिस अस्पताल नोएडा में महिला बाइक रैली का आयोजन

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल नोएडा में महिलाओं के साहस, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास का जश्न मनाने के लिए विशेष महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 100 महिला राइडर्स ने भाग लेकर साहस, स्वास्थ्य और सामुदायिक एकता का संदेश दिया।



इस बाइक रैली में एन्जिल्स और रोडस्टर्स समूह की करीब 100 महिला राइडर्स शामिल हुईं। उन्होंने उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए आत्मविश्वास, शक्ति और आपसी सहयोग का संदेश समाज तक पहुंचाया। रैली सुबह साढ़े सात बजे फोर्टिस अस्पताल नोएडा परिसर से शुरू हुई और लगभग आठ किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद पुनः अस्पताल परिसर में ही समाप्त हुई। इस रैली को अस्पताल की महिला चिकित्सकों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं की सेहत और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

रैली के समापन के बाद प्रतिभागियों ने अस्पताल परिसर में एकत्र होकर इस आयोजन की सफलता का उत्सव मनाया और समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

इस आयोजन का उद्देश्य उन महिलाओं के साहस का सम्मान करना था जिन्होंने जीवन की विभिन्न चुनौतियों को पार करते हुए अपने शौक और सपनों को पूरा करने की दिशा में निरंतर प्रयास किया है। प्रतिभागियों ने अपने उत्साही समूह के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता का मजबूत संदेश दिया।

इस अवसर पर अस्पताल के क्षेत्रीय निदेशक मोहित सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के साहस, दृढ़ता और उपलब्धियों का सम्मान करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलती है।

उन्होंने कहा कि फोर्टिस समूह महिलाओं को अपनी सेहत को प्राथमिकता देने, अपने शौक को जीवित रखने और समाज को प्रेरित करने के लिए निरंतर ऐसे प्रयासों का समर्थन करता रहेगा।

गौरतलब है कि Fortis Healthcare देश के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक है, जो देश के कई राज्यों में अस्पताल, जांच केंद्र और उपचार सुविधाओं का संचालन कर रहा है। इसके नेटवर्क में हजारों बिस्तरों की सुविधा और सैकड़ों जांच प्रयोगशालाएं शामिल हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नोएडा पुलिस की स्कूटी और पैदल रैली

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्तालय गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत नोएडा पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष स्कूटी और पैदल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शासन के अभियान "मिशन शक्ति" के अंतर्गत आयोजित की गई।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आयोजित इस रैली का नेतृत्व अपर पुलिस उपायुक्त Manisha Singh ने किया। रैली का शुभारंभ नोएडा स्टेडियम के द्वार संख्या-4 से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस अधिकारियों और महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी चलाते हुए तथा पैदल मार्च करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर जनजागरूकता का संदेश दिया और अंत में पुनः निर्धारित स्थान पर रैली का समापन हुआ।

इस रैली के माध्यम से समाज में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, महिलाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इस दौरान आम लोगों को यह भी बताया गया कि नोएडा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान आमजन को महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सेवाओं और सहायता नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। इनमें पुलिस सहायता नंबर 112, महिला सहायता नंबर 1090, मुख्यमंत्री सहायता नंबर 1076, साइबर सहायता नंबर 1930, बाल सहायता नंबर 1098 तथा महिला सहायता केंद्र नंबर 181 शामिल हैं। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना झिझक पुलिस से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित यह रैली मिशन शक्ति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, नारी शक्ति के सम्मान को बढ़ावा देने और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। इसमें महिला पुलिसकर्मियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेकर समाज को सशक्त संदेश दिया।

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न, 88 प्रतिशत छात्रों की रही उपस्थिति

गौतमबुद्धनगर, 08 मार्च 2026ः अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी ने बताया कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पात्र बच्चों को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

इसी क्रम में दिनांक 08 मार्च 2026 को मेरठ मण्डल के अंतर्गत जनपद बुलन्दशहर के ग्राम कौन्दु, तहसील सिकन्दराबाद में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु मण्डलीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जनपद गौतमबुद्धनगर से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों द्वारा कुल 253 आवेदन प्राप्त हुए थे। परीक्षा के लिए जनपद गौतमबुद्धनगर में राजकीय बालिका विद्यालय, होशियारपुर, सेक्टर-51 नोएडा को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां 222 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। इस प्रकार परीक्षा में कुल 88 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उक्त प्रवेश परीक्षा जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग की देख-रेख में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराई गई।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन में कार्यक्रम, मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी विकास भवन सभागार में किया गया, जिसे उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिलाओं ने देखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत




द्विवेदी ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को भी उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, सामाजिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार, प्रोबेशन विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में करणी सेना का मोर्चा, नोएडा महानगर अध्यक्ष संग्राम सिंह चौहान नजरबंद

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों के विरोध में करणी सेना ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के नोएडा महानगर अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह चौहान को पुलिस ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया, जिसके बाद संगठन के कार्यकताओं में हलचल बढ़ गई है।

करणी सेना का कहना है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियम सवर्ण समाज के छात्रों के लिए घातक हैं और इससे उन्हें अपराधी बनाने की कोशिश की जा रही है। संगठन ने सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार 8 मार्च को दिल्ली में बड़े प्रदर्शन की तैयारी की जा रही थी, इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए संग्राम सिंह चौहान को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया।

करणी सेना ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन का कहना है कि ये नियम असंतुलित और संविधान की मूल भावना के विरुद्ध हैं, जिससे समाज में विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

करणी सेना का कहना है कि इस प्रकार के मनमाने और असंतुलित



नियम संविधान में निहित समानता और विधि के समक्ष समान संरक्षण के सिद्धांतों के विपरीत हैं। संगठन के अनुसार ऐसे प्रावधान सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

**प्रमुख मांगें**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वर्ष 2026 के नियमों को असंवैधानिक बताते हुए तत्काल वापस लिया जाए।

सामान्य अथवा अनारक्षित वर्ग को भी स्पष्ट संवैधानिक और विधिक संरक्षण प्रदान किया जाए।

राजपत्र में प्रकाशित सभी परिभाषाओं को स्पष्ट, वस्तुनिष्ठ और गैर-मनमानी बनाया जाए।

समानता संबंधी समितियों में संतुलित, निष्पक्ष और समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

झूठी और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर कठोर दंडात्मक प्रावधान किए जाएं।

नई समीक्षा और क्रियान्वयन समिति में संगठन अथवा समुदाय के प्रतिनिधि को शामिल किया जाए।

ऐसे नियम बनाए जाएं जो सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करें।

इस राजपत्र के निर्माण में जिम्मेदार व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए।

एंटी रैगिंग अधिनियम को पुनः प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

विश्वविद्यालय प्रशासन की जवाबदेही तय कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## जेवर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन, विधायक ने कार्यकताओं से किया संवाद

संदीप गर्ग, नोएडा। जेवर विधानसभा के जेवर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने सहभागिता कर कार्यकताओं के साथ संवाद किया और संगठन की विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक धीरेन्द्र सिंह ने संगठन की विचारधारा, सेवा, समर्पण और अंत्योदय के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय का सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के संकल्प से और अधिक सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज के बीच प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विधायक ने अंत में कहा कि समर्पित, अनुशासित और जागरूक कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं।

इस मौके पर जनपद गौतमबुद्ध नगर के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भाटी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जेवर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय रावत, भीम सिंह छौंकर, बॉबी शर्मा, सतपाल तालान, विजेन्द्र तालान, विकास चौधरी, रोहित अग्रवाल, रोहित छौंकर, वेदप्रकाश अग्रवाल, चंद्रमणि भारद्वाज, मोनू गर्ग, विकास राणा सहित सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आय सीमा व सहायता राशि बढ़ी, 20 मार्च को होगा कार्यक्रम

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग, नोएडा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्रता के लिए निर्धारित आय सीमा और देय धनराशि में वृद्धि की गई है। इसके तहत जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी 20 मार्च को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार योजना में संशोधन करते हुए पात्रता की आय सीमा और आर्थिक सहायता की राशि बढ़ाई गई है तथा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

नए प्रावधानों के अनुसार योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े कुल एक लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान किया गया है। इसमें 60 हजार रुपये की धनराशि कन्या के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाएगी। इसके अलावा 25 हजार रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री दी जाएगी तथा 15 हजार रुपये प्रति जोड़े की दर से कार्यक्रम के आयोजन पर व्यय किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ पाने के लिए कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने चाहिए। कन्या अथवा उसके अभिभावक निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद होने चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये तक होनी चाहिए।

विवाह के लिए आवेदन करते समय कन्या की आयु विवाह की तिथि पर 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। आयु प्रमाण के लिए स्कूल के शैक्षिक अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड और आधार कार्ड मान्य होंगे।

योजना के अंतर्गत अविवाहित कन्या के साथ-साथ विधवा, परित्यक्ता या विधिवत तलाकशुदा महिला के पुनर्विवाह के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा कन्या का बैंक खाता होना भी आवश्यक है।

निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांग अभिभावक की पुत्री तथा स्वयं दिव्यांग कन्या को योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक लोग योजना का लाभ लेने के लिए राज्य सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# राज्य मंत्री गुलाब देवी ने किया बाल विवाह मुक्त भारत के सौ दिवसीय अभियान का समापन

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन ने अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीपीओ को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

सम्भल। बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री गुलाब देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत के सौ दिवसीय अभियान का समापन किया। आपको बताते चलें कि बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में भारत सरकार ने पूरे देश में सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया था जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने 19 जनवरी 2026 को बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रथ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था द्वारा संचालित किया गया था। रथ ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने, लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराने और इसे पूर्ण रूप से रोकने का संदेश दिया। अंतराष्ट्रीय



महिला दिवस के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने बाले जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी कि तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनामिका यादव को भी सीडीओ गोरखनाथ भट्ट द्वारा महिला शक्ति सम्मान दिया गया इस अवसर गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन नहीं बल्कि हर रोज होना चाहिए हमें घर में कार्य क्षेत्र में सफर में हर जगह महिलाओं का सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर राजमंत्री गुलाबो देवी जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट चेयरमैन राजेश शंकर राजू जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण संगीता भार्गव नीलम रॉय रंजना शर्मा सिराज अहमद एवं आगनबाड़ियां मौजूद रही।

# 11 अप्रैल को निकलेगी श्री अक्रूर जी महाराज की भव्य शोभायात्रा, रूपरेखा तैयार

**समाज जागरण, चंदौसी।**

श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की एक बैठक कैथल गेट स्थित वारहसैनी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को निकाली जाने वाली श्री अक्रूर जी महाराज की शोभायात्रा को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री अक्रूर जी महाराज की शोभायात्रा धूमधाम और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार शोभायात्रा में देशभर के वार्ष्णेय समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ष्णेय समाज देश की आर्थिक मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला समाज है।

अमित के.एस. ने कहा कि शोभायात्रा के दौरान साउंड व्यवस्था का विशेष



ध्यान रखा जाएगा, ताकि अत्यधिक ध्वनि से किसी को असुविधा न हो।

मौसम गुप्ता ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में श्री अक्रूर जी महाराज की पीतल की मूर्ति यात्रा की शोभा बढ़ाएगी। शोभायात्रा के उपरांत भव्य भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का संचालन प्रभात कृष्णा ने किया।

इस अवसर पर पवन भट्टा, विमल वार्ष्णेय, सुशील वार्ष्णेय, कौशल वंदे मातरम, मंतेश वार्ष्णेय, देवेंद्र मोनू, मयंक वार्ष्णेय, चिराग, शिशांक वार्ष्णेय, आशीष तूफानी, लकी वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, राहुल निक्कू, विपिन बालाजी, अनिश अजंता, आशीष बैट्री, प्रमोद गुरु, हेमंत वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, सोनू धर्मशाला, कुणाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 25 शिकायतें दर्ज मौके पर कुल 4 शिकायतें का निस्तारण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतें दर्ज हुई, मौके पर कुल 4 शिकायतें का निस्तारण हुआ ,अवसर पर डीएम ने सभी अधिकारियों को समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिये।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में डीएम जसजीत कौर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन की मंशा है कि समाधान दिवस के माध्यमक्षुमतयमम से समय से फरियादियों की सुनवाई हो और समय से उन्हें न्याय मिले , डीएम ने अधिकारियों से समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का समय अवधि के भीतर गुणवत्ता पूर्वक पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये , इस अवसर पर कुल 25 शिकायतें दर्ज हुई जिनमे मौके पर कुल 4 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका ,शेष पैंडिंग 21 शिकायतें संबंधित बिभागों के अधिकारियों को समय से निस्तारण के लिए भेज दी गईं ,इस




अवसर पर डीएम ने मिनि स्टेडियम के लिए एम एम इंटर कालेज के खेल मैदान का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र कुमार , जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आलोक कुमार , बाल कल्याण अधिकारी रुबी गुप्ता, जिला पंचायत अधिकारी रिजवान सहित जिला स्तर के अधिकारियों के अतिरिक्त एसडीएम विजय शंकर , एसडीएम / ईओ आशुतोष जैसवाल ,तहसीलदार अमरपाल ,नायब तहसीलदार अजब सिंह सहित तहसील स्तर के अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल क्षेत्र के थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

उधर तहसील दिवस कार्यक्रम के बाद जिला अधिकारी ने एम एम इंटर कालेज के हाकी खेल के मैदान पर पहुंच कर बनने वाले मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया इस मौके पर मौजूद हाकी खिलाड़ी हसन जावेद, अफसार सिददीकी, विनोद अग्रवाल, हरप्रीत सिंह, अशोक कुमार, समेत ढेड दर्जन खिलाड़ियों के सामने एसडीएम विजय शंकर व नगर पालिका ई ओ /न्यायिक एसडीएम आशुतोष जायसवाल को नगर पालिका एव विनिमित क्षेत्र से मिनी स्टेडियम का अधूरा पडा निर्माण कार्य पुरा कराने के निर्देश दिए।

# दो युवकों ने लगाई फांसी, बेगावाला क्षेत्र में फैली सनसनी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। बेगावाला पुलिस चौकी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों के फांसी लगा कर जान देने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटनाओं से मृतको के परिवारों में कोहराम मचा है। बेगवाला चौकी क्षेत्र के ग्राम घासीवाला कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय सागर सरदार उर्फ भोलू पुत्र कृष्ण सरदार का शव गांव के बाहर ग्राम पंचायत की भूमि पर एक पेड़ से लटका मिला। गुरुवार को करीब 12 बजे ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। बताया जा




रहा है कि सागर कार मैकेनिक का काम करता था।

जानकारी के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है हालांकि परिजनों ने समीर पुत्र गोपाल पर सागर को पेड़ पर लटकाकर मारने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। दूसरी घटना बेगवाला चौकी क्षेत्र के ग्राम सेवारामपुर की है। ग्राम निवासी सलमान (30 वर्ष) पुत्र रहमान ने गुरुवार रात करीब 10 बजे अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि सलमान के तीन बच्चे हैं और करीब तीन महीने पहले उसका पत्नी से अलगाव हो गया था। मृतक नशे का आदी था।

# किन्नर समाज ने किया रोजा इफ्तार का आयोजन।

**समाज जागरण**

गुन्नौर नगर में स्थित नहेरू चौंक के समीप मुजीब गार्डन लॉज में किन्नर समाज के गुरु बबली ने रोजा इफ्तार का आयोजन कराया जिसमें नगर की महिलाओं सहित सभी धर्मों के सैकड़ों लोगों ने रोजा इफ्तार किया किन्नर समाज के जरिए हर वर्ष रमजानों के दिनों इफ्तार कराया जाता है।

रविवार को 18 वें रोजा के दिन गुन्नौर निवासी किन्नर समाज के गुरु बबली किन्नर ने रोजा इफ्तार पार्टी



का आयोजन कराया जहां समाजसेवी अकील खान उर्फ गुड्डा भईया ने बताया कि रोजा इफ्तार कराना पुण्य का काम है रमजान के पाक महीने में अपने आसपास असहाय बेसहारा दीन-दुखियों लोगों की मदद करने से अल्लाह पाक खुश होता है क्योंकि यह महीना रहमतों, बरकतों वाला महीना है। इस मौके पर काजी हम्माद मुबीन, बबलू यादव, अकील उर्फ गुड्डा भईया, सलीम मालिक, अंसार सलमानी ,रिहान अंसारी, विजय किन्नर, कोमल किन्नर आदि मौजूद रहें।

# महिला दिवस पर नारी उत्थान समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

**समाज जागरण, संभल।**

नारी उत्थान समिति की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय कई महिलाओं को सम्मानित किया गया।

सरायतरीन स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विश्व इतिहास की क्रांतिकारी महिलाओं और भारत की महिला स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा आर्या ने की।

अपने संबोधन में सीमा आर्या ने कहा कि 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्व इतिहास की क्रांतिकारी महिलाओं के संघर्ष को याद करने और उनकी सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने हर युग में अपनी अमिट छाप छोड़ी है और



आज वे हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उत्थान के लिए लंबा संघर्ष किया गया है, जिसमें पुरुष समाज सुधारकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका को भी रेखांकित करते हुए कहा कि महिला स्वतंत्रता सेनानियों ने पुरुष सेनानियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी महिला स्वतंत्रता सेनानियों तथा महिला अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सामाजिक कार्यकताओं के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर रेखा, अल्पना आर्या, बबली आर्या सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

अगर चाहें तो मैं इसके लिए 4-5 अच्छे अखबारी हेडलाइन और एक छोटा बॉक्स (हाइलाइट) भी बना सकता हूँ, जिससे खबर और प्रभावशाली लगे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंत्री माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ संपन्न

**- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को किया गया सम्मानित**

**- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सजीव प्रसारण**

**समाज जागरण**

बहजोई।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई सम्भल में गुलाब देवी, मंत्री माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सभागार में सजीव प्रसारण भी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिलाओं द्वारा देखा गया महिलाओं का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा




रही हैं, जिनका लाभ महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनामिका यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में कार्यरत हैं जहां पर वह अपनी प्रतिभा का परिचय करा रही है साथ ही कहां की आज नारी आधुनिक परिवेश में अपने सपनों को दे रही उड़ान है हर क्षेत्र में चाहे वह कुश्ती का अखाड़ा हो या खेल का मैदान, दफ्तर हो या अस्पताल या राजनीति हो या पारिवारिक जीवन हो अपने सोच और समझदारी से कायम की अपनी पहचान है और आदमी के कंधे से कंधा मिलाकर नारी शक्ति को दिए नए आयाम है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए या कहा कि विभाग के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने हेतु चलाई जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं अच्छा कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मान पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार, राजेश शंकर राजू अध्यक्ष नगर पंचायत बहजोई, प्रोबेशन विभाग व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी , आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शगुन कौशल ने यूपीएससी परीक्षा ने 145वीं रैंक हासिल कर बिजनौर का नाम किया रोशन

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील के अपने पैतृक गांव सराय आलम वर्तमान में आदर्श नगर नजीबाबाद निवासी पुष्पेंद्र कुमार बीएसएनल टेलीकॉम टेक्नीशियन माता विनीता कौशल ग्रहणी के पुत्र शगुन कौशल ने यूपीएससी 2025 में जनपद बिजनौर में प्रथम स्थान के साथ 145 वी रैंक प्राप्त कर अपने परिवार गांव शहर ही नहीं जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया हैं। सेंट मैरिज स्कूल नजीबाबाद हाइस्कूल और इंटर में टॉपर रहा है। स्नातक सिविल इंजीनियर आई आई टी दिल्ली यूपीएससी 2022 प्रथम प्रयास में ही इंटरव्यू तक पहुंचे लेकिन असफल होने पर हताश हो गया, लेकिन इस दुख को परिवार ने अपने अंदर छुपा कर इसका हौसला बढ़ाया, बड़े भाई अमर कौशल प्रधानाचार्य आईटीआई कॉलेज मुरादाबाद व बहन निशिका



कौशल चिकित्सा अधिकारी अमरोहा ने मोटिवेट किया और फिर शगुन कौशल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन के उतार चढ़ाव और सफलता से प्रभावित होकर फिर अपने लक्ष्य की ओर बढ़े और अंत में यूपीएससी 2025 में सफलता प्राप्त कर परिवार व जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया। कल घर पहुंचने पर सभी ने ढोल नगाड़े तथा फूल माला पहनकर और बुग्गे भेंट कर स्वागत किया। बताया जाता है कि शगुन कौशल ने यह मुकाम बिना कोचिंग के प्राप्त किया है और इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व बड़े भाई बहन तथा अपने गुरुजनों दिया। चाचा नरेंद्र सिंह पत्रकार ने बताया कि यह शिक्षा में शुरू से ही होनहार रहा है, इस सफलता से परिवारजन और संबंधियों में खुशी का माहौल है, तमाम लोग उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाई शुभकामनाएं दे रहे है।

# कमलेश आर्या को मिला वीर माता पन्नाधाय नारी शक्ति सम्मान

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के मूस्सेपुर सुगंध आर्य संस्थान की प्रबंधक कमलेश आर्य को मिला वीर माता पन्नाधाय नारी शक्ति सम्मान

यह सम्मान दिनांक 7 मार्च 2026 को 1857 की क्रांति के नायक धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ द्वारा वीरमाता पन्नाधाय नारी शक्ति गौरव सम्मान2026 समारोह का आयोजन ब्रह्म कुमारीज भवन मोहकमपुर मेरठ में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।अनाथ दिव्यांग बच्चों एवं बेसहारा वृद्धो के जीवन को बेहतर बनाने व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में अहर्निस लगी हुई कमलेश आर्य को यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता बैंसला क्मर पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक भारत सरकार व शोध संस्थान के



राष्ट्रीय अध्यक्ष तस्वीर सिंह चपराना के द्वारा दिया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मिथिलेश तोमर द्वारा की गई इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मीनाक्षी सिंह राय योगिनी ब्रह्मकुमारी आशा बहन आदि उपस्थित रहे सम्मान मिलने पर संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई सम्मान लेकर लौटी कमलेश आर्या का संस्थान परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर अजयवीर सिंह , अध्यक्ष श्री सुंदर कुमार गोयल जी, उपाध्यक्ष वैद्य ओम प्रकाश जी, द्वारा शोध संस्थान काआभार व्यक्त किया और कमलेश आर्य को बहुत-बहुत बधाई दी गई। प्रधानाचार्या गर्जना आर्या समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने तिलक कर कमलेश जी का स्वागत किया।

# होली मिलन समारोह में रंगा आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश

**समाज जागरण, चंदौसी।**

अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्ड के संस्थापक सदस्य योगेन्द्र मोहन शास्त्री और विनय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात अशोक कुमार गुप्ता और योगेन्द्र कुमार शर्मा ने गायत्री मंत्र का पाठ किया।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि होली का पावन पर्व रंगों का त्योहार है, जो सामाजिक एकता, प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश देता है।

ऐड. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें इसे आपसी सद्भाव के साथ मनाना चाहिए।

सुभाष भोलेनाथ और जगदीश राणा ने कहा कि होली का पर्व हमें मिलजुलकर प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए, जिससे समाज में एकता और सौहार्द बना रहे। इस मौके पर ऐड. अवनेश चौहान, कृष्ण गोपाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, योगेन्द्र शर्मा, तुलसीदास शर्मा, प्रशांत गुप्ता ह्यचार्लीह्ल, योगेन्द्र कुमार, अरुण कुमार शर्मा, दीपेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रीकृष्ण रस्तोगी, जगत साहनी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने किया।

# जल है तो कल है के नारे लगा निकाली जागरूकता रैली।

**समाज जागरण**

संभल। जनपद के गांव पाली में समाजसेवी रविराज चाहल ने ग्रामीणों को अपने संग लेकर एक जागरूकता अभियान के अंतर्गतगांव के गली मोहल्लो मे घूम कर ग्रामीण को ज्यादा से ज्यादा जल बचाने हेतु आग्रह किया और ग्रामीण को ज्यादा से ज्यादा जल बचाने हेतु संकल्प दिलाया गया।इस दौरान बोलते हुये अंशुल चाहल ने कहा कि जल की एक-एक बूंद अमूल्य है और जल ही जीवन है। जल बिना सब शून्य है। पृथ्वी पर जल के भंडार सीमित



है अगर हम अभी से जागृत नहीं हुए तो भविष्य में परिणाम भयंकर होंगे। हर प्रसाद सिंह पाल ने कहा कि जल बचाने हेतु हमें ज्यादा से ज्यादा जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। ग्रामीणों को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। हम ग्राम वासियो को जल बचाने का आज से ही प्रण लेना है। देवेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान चलाया जाना बहुत अच्छा कदम है। लोगों में जल बचाने हेतु एक अच्छा संदेश जाता है। अंत में बोलते हुए अधिवक्ता व समाजसेवी चौ रविराज चाहल ने कहा कि जल के संसाधन सीमित है। अगर जल का अनावश्यक दोहन नहीं रोका गया तो परिणाम घातक होंगे। हमारे आने वाली पीढ़ियां का भविष्य अधर में पड़ जाएगा। पानी की कमी से पेड़ पौधे सूख जाएंगे। पानी के साथ-साथ वातावरण में ऑक्सीजन की भी कमी हो जाएगी। मानव व जीव जंतु का जीवन खतरे में पड़ जाएगा, इसलिए हमें अभी से जागृत होकर ज्यादा से ज्यादा जल बचाना है।इस दौरान चौ रविराज चाहल, देवेंद्र सिंह सागर,अंशुल चाहल,हर प्रसाद सिंह पाल, बीरेंद्र सिंह, मोहम्मद अजीम, टीटू, अजयपाल सिंह, खचेडू सिंह, ऋषिपाल सिंह, जगदीश, प्रहलाद आदि रहे।

# गुरुद्वारा परिसर की दीवार संबंधी समस्या के चलते संयुक्त रूप से सौपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । गुरुद्वारा संत सभा नगीना द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर को गुरुद्वारा परिसर की दीवार संबंधी समस्या के चलते संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित रवि ने



जिलाधिकारी महोदय को गुरुद्वारा परिसर की दीवार का निरीक्षण करा कर मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। जिलाधिकारी महोदया ने निरीक्षण उपरांत निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भाजपा प्रांतीय परिषद रोहित रवि, अध्यक्ष गुरुद्वारा संत सभा केवल सिंह, उप जिलाधिकारी नगीना, तहसीलदार नगीना, सरदार हरमीत सिंह, तिलक राज मुथरेजा, ग्रंथि कृष्ण सिंह, एड. हरदयाल सरदार तारा सिंह, मनमीत सिंह, सनी सिंह, संजीव कुमार, अमूल सिंह, रोहन सिंह, रचित कुमार,मनोज टंडन, विकास शर्मा एवं दर्जनों अनुयाई उपस्थित रहे।

# दामाद ने सास की गोली मारकर हत्या

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर। थाना क्षेत्र के गांव फुलसंदा गंगदास में शुक्रवार शाम दामाद सजल क पुत्र शीतल ने अपनी सास बब्ली (50) बर पत्नी फकीर चंद को गोली मारकर प हत्या कर दी। सिर में गोली लगने के से बब्ली की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ना शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी ने 112 त्र पर काल कर पुलिस को हत्या जे करने की खुद बी सूचना दे ना दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर पहुंचकर दबोच लिया और आज सम्बन्धित धारा में ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है ग्रामीणों के अनुसार मृतका की पुत्री भावना का गांव निवासी सजल पुत्र शीतल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब दो वर्ष पूर्व दोनों घर से भाग गए थे और उन्होंने आपस में शादी कर ली थी। बताया जाता है कि करीब दो माह पहले ही दोनों गांव लौटकर रहने लगे थे। शुक्रवार शाम किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। शोर सुनकर



बीच-बचाव करने के लिए बब्ली मौके पर पहुंच गई। इसी दौरान सजल ने तमंचे से बब्ली पर फायर कर दिया गोली उसके सिर में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि आरोपी ने अपनी सास की हत्या करने के बाद खुद ही 112 डायल पर काल कर हत्या करने की सूचना दी जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया सूचना पर अपराध निरीक्षक मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचें और आरोपी हत्यारे को गिरफ्तार लार थाने ले आयी। अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी दामाद सजल के खिलाफ सम्बन्धित धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। आरोपी के पास से एक तमंचा भी बरामद किया है।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का अभिनंदन कार्यक्रम

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय महर्षि कश्यप चौरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा नियुक्त जनपद शामली के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप का सामाजिक अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कश्यप समाज के लोगों ने उन्हें माला पहनाकर व बुके भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव कश्यप क्लोनाइजर ने की, जबकि संचालन मा. नीटू कुमार कश्यप द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सामूहिक एकता पर बल देते हुए समाज को संगठित रहने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बेटी दिव्या कश्यप ने जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप को तिलक लगाकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गठवाला खाप कश्यप समाज के अध्यक्ष बाबा मनोज कश्यप, डा. अनिल सिलावर, अशोक प्रधान उस्मानपुर, आजाद प्रधान बुच्चाखेड़ी, पवन सैहटा, जिला पंचायत सदस्य अनिल कश्यप, संजीव कश्यप, रणधीर कंडेला, रणपाल कुड़ाना, कंवरपाल कश्यप, रामकुमार कश्यप, सुनील प्रधान मुंडेट, श्याम कुच्छल मौजूद रहे।

# कमरे में बंद कर विवाहिता से की गई मारपीट कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) कैराना क्षेत्र के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला निवासी एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा जान से मारने की नियत से कमरे में बंद कर मारपीट की गई। मारपीट में विवाहिता के एक हाथ की हडडी पूरी तरह से टूट गई। गंभीर रूप से घायल विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके एक हाथ का ऑपरेशन हुआ। क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील थाना कांधला निवासी रिजवान पुत्र सलीम ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहन गुलफसा का विवाह मई 2023 में कैराना के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला निवासी जमशेद पुत्र समशेर के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति जमशेद, सास बलकीसा, ससुर समशेर और देवर सादाब व सावेज उसकी बहन के साथ मारपीट और प्रताड़ना करने लगे। गत 28 फरवरी की रात करीब 10:30 बजे आरोपियों ने गुलफसा के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से मारपीट की, जिससे उसके हाथ-पैर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि देवरों ने उसे पकड़कर बदनीयती का भी प्रयास किया। सूचना मिलने पर भाई रिजवान मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया गया। पीडित ने बताया कि बहन गुलफसा के एक हाथ की हडडी टूटी हुई है, जिसका जिला अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी ससुरालियों की तलाश शुरू कर दी है। विवाहिता ने न्याय की गुहार लगाई है।

# सरकारी अस्पताल में महिला सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शामली सीएचसी में महिला सम्मान समारोह का आयो जन किया गया। जिसमें चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक चौधरी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्टाफ को सम्मानित किया।

रविवार को शामली सीएचसी में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक कुमार चौधरी ने किया। उन्होने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी महिलाएं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और जिस भी क्षेत्र में वे कार्य कर रही हैं, उसे पूरी ईमानदारी और परिश्रम के साथ करना चाहिए। इस दौरान उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाली रश्मि, मोनिका, पद्मा शर्मा, को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ उपकार मलिक, डॉ विजेन्द्र कुमार, शीबा, अंकुर, डॉ रितिक,चीफ फार्मरसिस्ट प्रदीप रावत, हनीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, विद्यार्थियों ने लिया भाग

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में रविवार को अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 शांतिपूर्ण और नकलरहित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में कुल 165 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 156 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान बीएसए लता राठौर, सहायक श्रम आयुक्त सहारनपुर अरविंद कुमार मद्धेशिया तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं केंद्र व्यवस्थापक अनिल कुमार शर्मा ने विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों की जांच की गई तथा उन्हें मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ न लाने के निर्देश दिए गए। केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल और शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं।

# बीमारियों से बचने के लिए की गई मंदिर में पूजार्चना

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)रविवार को शहर के बड़े माता मंदिर में माता रानी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिलाओं तथा पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी को हलवा पूरी, चुनरी तथा श्रृंगार के सामान का भोग लगाकर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।

रविवार को शहर के मौहल्ला पंसारियान स्थित बडी श्रीमाता मंदिर में होली पर्व के बाद फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए माता रानी की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की गई थी। मंदिर के प्रधान नीरज संगल ने बताया कि मान्यता है कि बडी माता मंदिर में पूजा अर्चना करने से कष्टों का निवारण हो जाता है। सच्चे मन से पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। महिलाओं, पुरूषों ने पहुंचकर माता रानी की पूजा अर्चना की और हलवा, पूरी तथा श्रृंगार के सामान का भोग लगाकर बच्चों के दीघार्यु होने की कामना की गई। कल सोमवार को भी माता रानी की पूजा अर्चना की जायेगी। इस अवसर पर नीरज संगल, देवानंद गौड़, संजीव पंवार, संजय कौशिक, राजू त्यागी, मुकेश गोयल,पंडित संजीव शास्त्री आदि मौजूद रहे

# पुलिस ने खोया मोबाइल प्राप्त कर स्वामियों को लौटाए,मोबाइल पाकर खिले चेहरे

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जनपद पुलिस की सर्विलांस सेल और थानों पर संचालित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के 142 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 36 लाख रुपये बताई जा रही है।

रविवार को शहर की पुलिस लाईन में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि जनपद में गुम होने वाले मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल और संबंधित थानों के कर्मचारियों को निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सर्विलांस सेल ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई करते हुए विभिन्न कंपनियों के कुल 142 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल धारकों को उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए। इस दौरान उन्होंने सर्विलांस सेल और सीईआईआर पोर्टल पर कार्य कर रही टीम की मेहनत और लगन की सराहना की। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने शामली पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो वह अपने नजदीकी थाने में मोबाइल की रसीद और पहचान पत्र के साथ सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराएं। इससे मोबाइल के दोबारा इस्तेमाल होने पर सूचना मिल सकेगी और उसे रिकवर करने में सहायता मिलेगी।

# समस्याओं के समाधान में नई भर्ती की मांग प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा कि देशभर में सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से नई भर्ती नहीं हुई है, जिससे कम संख्या में कर्मचारी काम कर रहे हैं और संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों से कम वेतन पर काम लिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि संविदा सफाई कर्मचारियों को छठे व सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए, वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा आउटसोर्स कर्मचारियों को घोषित 20 हजार वेतन दिया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव में पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की भर्ती कराने और वाल्मीकि समाज के बेरोजगार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इस अवसर पर नंदू प्रसाद वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, विशाल कुमार, अरुण झंझोट, डॉ. सुरेश चंद और सिलेक चंद आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर दंपत्ति घायल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहर के कुडाना रोड पर ट्रेक्टर ट्राली से टकरा जाने से एक दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पतालमें भर्ती कराया गया। जहां व्यक्ति की हालत नाजुक होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा गुजरान निवासी 32 वर्षीय कुरबान अपनी पत्नी अंजुम के साथ गत शनिवार देर रात्रि बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव कुडाना में बहन के यहां ईदी देने के लिए जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह कुडाना रोड पर पहुंचा तो इसी दौरान सडक किनारे खडी ट्रेक्टर ट्राली में उसका संतुलन बिगडने से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुरबान की दशा गंभीर रूप होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पहुंचे महिला आयोग की अध्यक्ष

**समाज जागरण शामली।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें जिले की पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं सीधे आयोग के समक्ष रख सकेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मुशफीकीन ने बताया कि इस जनसुनवाई में जनपद की कोई भी पीड़ित महिला अथवा उसकी ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जो शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थाना प्रभारी और संबंधित क्षेत्राधिकारी भी शामिल होकर मामलों की समीक्षा करेगे। उन्होने बताया कि आयोग महिलाओं के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कार्य करता है तथा महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, बाल विवाह और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई के लिए शासन को सुझाव भी देता है।

# पुलिस कार्रवाई पर व्यापारियों ने जताई नाराजगी

**समाज जागरण**

शामली। जनपद के विभिन्न कस्बों में पुलिस द्वारा दुपहिया वाहनों के चालान किए जाने को लेकर व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि दुकानदारों के ग्राहकों को टारगेट कर किए जा रहे चालानों से बाजारों में व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि थानाभवन, शामली, कैराना और कांधला के कई व्यापारियों ने उनसे संपर्क कर समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों का कहना है कि शाम के समय पुलिस बाजारों में आने वाले ग्राहकों को रोककर दुपहिया वाहनों के चालान कर देती है, जिससे चालान के डर से ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं और व्यापार पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने इस संबंध में एएसपी सुमित शुक्ला को समस्या से अवगत कराया और समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिकांश ग्राहक शाम के समय ही खरीदारी के लिए बाजार आते हैं, लेकिन चालान के डर से अब बाजारों में भीड़ कम हो गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि पुलिस एक ही स्थान पर खड़े होकर चालान करने के बजाय गश्त करती रहे, जिससे कानून व्यवस्था भी बनी रहे और व्यापार भी प्रभावित न हो। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उच्च अधिकारियों से संपर्क कर व्यापारियों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के कारोबार से ही सरकार को कर प्राप्त होता है, इसलिए व्यापार को प्रभावित करने वाली व्यवस्थाओं पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किए गए लैपटॉप वितरण

**समाज जागरण**




शामली।(फुरकान जंग) अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को तहसील शामली सभागार में महिला कल्याण विभाग की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जबकि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए गए। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम का समापन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश स्तर पर आयोजित समारोह में योगी आदि त्यनाथ के संबोधन के सजीव प्रसारण से हुई, जिसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने देखा और सुना। इस अवसर पर एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, डीएम अरविन्द कुमार चौहान और एसपी एनपी सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन सहित अन्य अधि कारियों ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थी कु. अंशिका और कु. रक्षिका को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। दोनों छात्राओं ने योजना का लाभ लेते हुए हाईस्कूल परीक्षा में क्रमशः 75 और 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी गजाला त्यागी और चाइल्ड हेल्प लाइन की परियोजना समन्वयक अजरा खान को महिलाओं के हित में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग से मिशन शक्ति केंद्र कैराना की प्रभारी इंस्पेक्टर पिंकी गोस्वामी, महिला थाना कैराना की परामर्श केंद्र प्रभारी सब इंस्पेक्टर ललिता तथा थाना झिंझाना की आरक्षी पूजा रानी को भी सम्मानित किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों रानी बुच्चाखेड़ी, मीना रामपुर खेड़ी, ऊमन सैनी बाबरी, अमरेश बुटराड़ा सहित अन्य को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं ऋचा शर्मा और राखी को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत छह बालि काओं प्रतिभा, सिमरन, रिया, धानी गर्ग, रेशमा और बुशरा को लैपटॉप वितरित किए गए। इस अवसर पर 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चले 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का भी समापन किया गया। अभियान के दौरान जनपद में कुल 1833 गतिविधियां आयोजित की गईं और 16,359 लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत की ऑनलाइन शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्राम चढ़ाव की होनहार बेटी कु. काजल चौहान, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 403वीं रैंक प्राप्त की है, को भी डीएम और जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ व शॉल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन, जिला कार्यक्रम अधि कारी यामिनी रंजन मौजूद रहे।

# गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों से बना जान का खतरा

---अतिक्रमण और संकरी सड़क के कारण रोज बन रही जाम की स्थिति, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर के गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक हादसों को न्योता देते हुए बेखौफ होकर सड़क से गुजर रहे हैं। मार्ग के संकरा होने और दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।रविवार को क्षेत्र के कई लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर रोक लगाने और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू की ओर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गन्ने से भरे ट्रक नगर से होकर गुजरते हैं, जो किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

आरोप है कि ट्रक मालिक अपने वाहनों में क्षमता से अधिक गन्ना भरकर लाते हैं। कई बार यह ओवरलोड ट्रक ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों से भी टकराते हुए निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इन ओवरलोड ट्रकों के कारण कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।वहीं गंगेरू मार्ग पर कई लोगों ने कबाड़ की दुकानें कर रखी हैं, जबकि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सामान, फ्लेक्स बोर्ड और प्रचार बैनर रखकर अतिक्रमण कर रखा है। इससे सड़क और अधिक संकरी हो जाती है और वाहनों के निकलने में दिक्कत होती है, जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।इस दौरान कलीम, रितेश, दीपक, अफजाल, इंतजार, नदीम, आशीष, अशोक सहित कई अन्य लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर रोक लगाई जाए और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि भविष्य में होने वाले संभावित हादसों को रोका जा सके।

# जमीन बंटवारे को लेकर पिता,पुत्र में मारपीट पुत्र घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में जमीनी बंटवारे को लेकर पिता,पुत्र के बीच मारपीट हो गई जिसमें पुत्र गांधी रूप से घायल हो गया घायल ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पिता व दो भतीजे के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।रविवार को गांव भभीसा निवासी संजीव ने बताया कि उसका पिता उसके बच्चों को जमीन व मकान में हिस्सा नहीं दे रहा है। जिस कारण पीड़ित घर से बेघर है रविवार को पीड़ित ने अपने हिस्से के मकान का बंटवारा और जमीन की मांग की थी इसी बात से नाराज होकर उसके पिता व दो भतीजो ने एक राय होकर पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराब होने पर परिवार की महिलाएं एंव पड़ोसी आ गए. सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंच गई पुलिस ने घायल का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पिता व दो भतीजे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महिला एकता केन्द्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण**

शामली। रविवार को क्षेत्र के गांव खेडीकरमू स्थित शहीद भगत सिंह पुस्तकालय में महिला एकता केन्द्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरूआत गीत से की गई। अन्न, रिया, सानिया और अल्का ने महिलाओं को जागरूक किया। गोष्ठी में महिलाओं को वर्तमान स्थिति पर जागरूक करते हुए अपने अपने विचार रखे गए। रिया ने मुक्ति के स्वर पत्रिका पढने के बाद आये सकारात्मक बदलाव के बारे में बताया। इस दौरान श्रम कानून में किए गए महिला विरोधी बदलाव पर भी चिंता व्यक्त की। गोष्ठी का संचालन सोनिया ने किया। इस अवसर पर मोनिका, रितिका, दीपा, नीति, नयनसी, वंशिका आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अफकार इंडिया फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कार्यकर्ता यासमीन ने किया।कार्यक्रम में यासमीन ने महिला अधिकारों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 100 वर्ष पहले 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया था, जिसमें काम के घंटे, उचित वेतन और साप्ताहिक अवकाश जैसी मांगें उठाई गई थीं। इसके बाद संस्था की जिया कटारिया ने महिलाओं को शिक्षा पर ध्यान देने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर बिना डर अपनी बात रखने की प्रेरणा दी। सामाजिक कार्यकर्ता हदीसा ने कहा कि महिलाओं को दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय खुद सक्षम बनकर समाज की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए।इस दौरान राहुल कुमार ने महिलाओं के समूह बनाकर सामाजिक भेदभाव से जुड़ी एक गतिविधि कराई और बताया कि महिलाएं संगठित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दो बताया की महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में सहायता मिलती है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक अकरम अख्तर ने कहा कि महिलाओं को परिवार, शिक्षा, नौकरी और व्यवसाय जैसे कई क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जागरूकता और एकता से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

कार्यक्रम में बुढ़ाना कैराना सहित क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बिलाल अहमद ,आयशा मालिक, आबिद मजीदी, मोहम्मद रिजवान इसराना, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला अध्यक्ष स्वागत में भाजपाइयों ने ट्रैफिक कानूनों को सरेआम रौंदा

**नए जिलाध्यक्ष के काफिले में नियम टूटे पुलिस तमाशबीन बनकर देखती रही**

**भाजपा जश्न में सड़कें बनी अखाड़ा ट्रैफिक नियमों की उड़ी धज्जियां**

**सत्ता के जोश में भाजपाइयों ने शहर की सड़कों को जाम बना दिया**

**नियमों को ताक पर रखकर भाजपाइयों का शक्ति प्रदर्शन शहरभर में लगा जाम**

**समाज जागरण**



बागपत। वीआईपी संस्कृति और कानून व्यवस्था पर बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा के कार्यकताओं ने शनिवार को शहर की सड़कों पर ट्रैफिक नियमों को खुली चुनौती दे दी। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के स्वागत में निकले वाहनों के लंबे काफिले ने शहर में ऐसा जाम लगाया कि आम लोगों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनके आधार पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

दरअसल, भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को लेकर चमरावल रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान डुंडा हैड़ा चेकपोस्ट से लेकर राष्ट्र वंदना चौक तक सैकड़ों वाहनों का काफिला शहर की सड़कों पर निकल पड़ा। बताया जाता है कि करीब 350 से अधिक गाड़ियां इस काफिले में शामिल थीं। काफिले में शामिल कई वाहनों ने खुलेआम ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाईं। कुछ वाहन हाईवे पर रॉन्ग साइड दौड़ते दिखाई दिए, तो कई गाड़ियों की छत और फुटबोर्ड पर खड़े होकर कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए। कई वाहनों में क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे और पटाखे भी छोड़े गए। इन सबके कारण चमरावल रोड पर लंबा जाम लग गया। सबसे अधिक परेशानी उस समय हुई जब परीक्षा देकर लौट रही सैकड़ों स्कूल बसें इस जाम में फंस गईं। स्कूली बच्चों से भरे वाहन काफी देर तक सड़क पर खड़े रहे। वहीं तेज रफ्तार काफिले के कारण सामने से आ रहे एक स्कूली वाहन को भी अचानक ब्रेक लगानी पड़ी और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर मौजूद परिवहन और ट्रैफिक विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय वाहनों के लिए रास्ता साफ कराते दिखाई दिए। जबकि आम दिनों में यही विभाग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सैकड़ों चालान काटता है। अब सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस द्वारा जांच कर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। यदि नियमों के अनुसार कार्रवाई होती है तो काली फिल्म, सीट बेल्ट, छत पर खड़े होने, फुटबोर्ड पर सवारी और पटाखे छोड़ने जैसे मामलों में भारी जुमार्ना और वाहन सीज तक की कार्रवाई संभव है।

# पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए संजय राणा को मिला मानद डॉक्टरेट

**समाज जागरण**



बड़ौत। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के निदेशक संजय राणा को सोकरेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ट्रस्ट द्वारा मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह विश्व युवा केंद्र, तीन मूर्ति भवन के निकट, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें देश के प्रख्यात चिंतक एवं राजनेता कारण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संजय राणा पिछले 17 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में एस्रो संस्था द्वारा युवाओं और विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

**एक लाख से अधिक युवाओं को किया प्रेरित**

इन अभियानों के माध्यम से अब तक एक लाख से अधिक युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा चुका है। संजय राणा को उनकी निरंतर सामाजिक प्रतिबद्धता और प्रभावी कार्यों के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डॉक्टर साजिया को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा सीएचसी पर महिला चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर साजिया को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेकड़ा सीएचसी पर एक गोष्ठी का आयोजन



किया गया, जिसमें रटौल निवासी महिला चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर साजिया को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यवाहक सीएचसी अधिकारी डॉक्टर आशीष ने कहा कि डॉक्टर साजिया हमेशा अपने कार्य में अच्छा प्रदर्शन करती हैं और गरीबों के इलाज में भी अपना पूरा सहयोग देती हैं। डॉक्टर साजिया के अलावा स्टाफ नर्स आरिफ तबस्सुम, प्रियंका, पुष्पा, उषा, आशा, सोनू को भी सम्मानित किया गया ।

# संत निरंकारी मंडल खेकड़ा के सौजन्य से लगाया गया रक्तदान शिविर

**समाज जागरण बागपत।**



संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वा वधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन शहर के कस्बा खेकड़ा में किया गया। रक्तदान शिविर में 103 स्वैच्छिक रक्त दाताओं ने रक्तदान किया, जिसका उद्घाटन संत निरंकारी मंडल मेरठ जोन के जोनल प्रभारी कोर पाल सिंह ने फीता काटकर किया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन हमेशा सेवा में आगे रहा है, चाहे वह चिकित्सा शिविर हो, रक्तदान शिविर हो, नेत्र जांच हो। हां कोई प्राकृतिक आपदा आई हो बाढ़ हो या अन्य कोई त्रासदी रही हो, निरंकारी मिशन हमेशा आगे बढ़ रहा है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन जहां देश सेवा में वही सामाजिक कल्याण कार्यों में भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहा है। ब्लड कैंप के साथ-साथ सत्संग का आयोजन भी किया गया, जिसमें बागपत के संत निरंकारी मंडल संयोजक यशपाल सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवन दायिनी कार्य है यह किसी को जीवन देता है। रक्तदान महा दान होता है, इससे बढ़कर कोई और कार्य नहीं है।सतगुरु ने हमें आत्ममंथन करने को दिया है। सतगुरु हमें हमेशा प्यार का, सहनशीलता का, विशालता का, एकता का, विस्तार का पाठ पढ़ाकर एक दूसरे का हितैषी बना रहे हैं। हर पल एक दूसरे को पहल देते हुए निराकार प्रभु परमात्मा का आसरा लेते हुए हर कार्य करते रहना है। रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए बागपत जिला संयुक्त अस्पताल की टीम व मेरठ से प्यारेलाल हॉस्पिटल की टीम पहुंची। रक्तदान करने वालों को अस्पातालो की टीम ने धन्यवाद देकर और निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से सबके भले की कामना की। रक्तदान शिविर में जनपद बागपत से चलकर आयें श्रद्धालु भक्त अन्य रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# ग्राम जवाहरपुर मेवला में सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट का उद्घाटन: ठाकुर प्रदीप सिंह का बड़प्पन

**समाज जागरण**



बागपत। ग्राम जवाहरपुर मेवला में एक नई सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट का उद्घाटन किया गया है, जो कि क्षेत्र के विकास में एक नया मील का पत्थर साबित होगा। इस सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट को विधायक विधानसभा परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज और बागपत शुगर मिल गन्ना समिति चेयरमैन ठाकुर प्रदीप सिंह द्वारा लगवाया गया है। ग्राम वासियों का कहना है कि इस सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट से ग्राम में रोशनी की व्यवस्था में सुधार होगा और क्षेत्र का विकास होगा। ठाकुर प्रदीप सिंह के इस कार्य को ग्रामवासियों ने हृदय की गहराई से सराहा है और उनका आभार व्यक्त किया है। इस दौरान शेर सिंह गुर्जर ने भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जान कारी देते हुए बताया कि ग्रामवासियों का कहना है कि ठाकुर प्रदीप सिंह ने हमेशा ग्राम के विकास के लिए काम किया है और इस सेमी हाईमास्ट एलईडी लाइट का उद्घाटन उनके इसी प्रयास का एक हिस्सा है। हम सभी ग्रामवासी ठाकुर प्रदीप सिंह का पुनः आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे आगे भी ग्राम के विकास के लिए इसी तरह काम करते रहेंगे।इस मौके पर सुनील मेवला, राकेश आर्य, निहाल सिंह, अजब सिंह, अजीत सिंह, निखिल वरुण, प्रवेश, प्रशांत, अमित महाशय, सुभाष मास्टर, रोहित मास्टर, अंकुर, विवेक गुर्जर, सोनू, राहुल, संदीप, अंशुल, विकल सिंह, जगबीर सिंह, गजराज सिंह, ललित कुमार, मुनीराम भगत सिंह, राजेंद्र, मदन सिंह, जतन सिंह, देवेंद्र, सुमित प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# फतेहपुर पुट्ठी का गर्व : लोचन चौधरी बने सेना में लेफ्टिनेंट

**समाज जागरण बागपत।**



फतेहपुर पुट्ठी गांव के किसान वीरेन्द्र चौधरी के छोटे बेटे लोचन चौधरी ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। शनिवार को बिहार के गया स्थित ओटीए पासिंग आउट परेड में लोचन ने सेना में कमीशन प्राप्त किया, जिसमें उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। लोचन ने अपनी प्राथमिक से लेकर इंटर तक की पढ़ाई मोदीनगर के एक स्कूल से की, और इसके बाद नोएडा के जेएसएस कॉलिज से इलेक्ट्रिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीटेक किया। वर्ष 2024 में शार्ट सर्विस कमीशन टेक्निकल एंट्री से इंटरव्यू देकर सेना में चयनित हुए लोचन ने छह माह चेन्नई में ट्रेनिंग की, और इसके बाद छह माह बिहार के गया स्थित आफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण पूरा किया। पासिंग आउट परेड में पहुंचे लोचन के पिता वीरेंद्र चौधरी, मां सुमन, बड़े भाई उदित चौधरी, और बड़ी बहन उर्वशी चौधरी ने उनके साथ खुशी के पल साझा किए। लोचन अब राजस्थान के जैसलमेर स्थित सेना की 43 आर्म्ड कोर ज्वाइन करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है, और सभी ग्रामवासियों ने वीरेंद्र चौधरी परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। गांव से उनको बधाई देने वालों में लोकेश चौधरी, पवन तोमर, संजीव तोमर, प्रधान मंजू तोमर, पूर्व प्रधान जयदेव तोमर, डॉ राजीव गुप्ता, अरविंद तोमर, ब्रह्म पाल तोमर आदि शामिल रहे।

# भाजपा सरकार के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्ला बोल

**गैस सिलेंडर के दाम बढ़ोतरी का किया विरोध**

**समाज जागरण बड़ौत।**

नगर में जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उर्मिला सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की



और सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर रोष प्रकट किया। जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार किसान और मजदूर विरोधी है, जो लगातार सिलेंडर के दाम बढ़ाकर महिलाओं के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस नीति से महिलाओं की रसोई पर बोझ बढ़ रहा है। कांग्रेस की महिलाओं ने एलपीजी सिलेंडर के बढ़ाए गए दामों को वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर सुमन जैन, संगीता जैन, आशु देवी, पूनम बाल्मीकि, बबीता सैनी, जयवंती देवी, राखी देवी, कुसुम वाल्मीकि, रेखा वाल्मीकि और सत्यवती देवी समेत कई कार्यकताएं मौजूद रहीं।

# होली के रंग में दंगा: मस्जिद में रंग फेंकने का मामला, पुलिस पर लतीफी का आरोप

**समाज जागरण**



छपरौली। होली के दिन लूम्ब गांव में मस्जिद में रंग फेंकने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में पुलिस की लतीफी से लोगों में रोष व्याप्त है। दरअसल, दुल्हैंडी पर्व के दिन कुछ हुड़दंगियों ने मस्जिद में रंग फेंक दिया था, जिससे वहां नमाज अदा कर रहे लोगों को परेशानी हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक ट्रैक्टर की छत पर बैठे युवक ने मस्जिद में रंग फेंका। लोगों का आरोप है कि पुलिस ने मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि उन्होंने पुलिस को वीडियो भी दिया है, लेकिन पुलिस ने होली के बाद कार्रवाई करने की बात कही थी। वहीं, छपरौली थाना प्रभारी आशीष कुमार का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है। लेकिन लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई नाकाफी है।

# नेत्र शिविर में 235 मरीजों की जांच, 35 को मोतियाबिंद की समस्या पाई गई

**समाज जागरण बागपत।**

खट्टा प्रहलादपुर गांव में नेत्रम आई हॉस्पिटल दिल्ली के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। अहिंसा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में मरीजों की काफी



भीड़ उमड़ी, जिसमें 235 मरीजों की जांच की गई। ज्यादातर मरीजों की आंखों में एलर्जी और सफेद मोतियाबिंद पाया गया, जिसमें 35 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए। सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे दिए गए।डॉक्टर सुमित ने बताया कि समय-समय पर जांच और अच्छे से देखभाल ही आंखों का बचाव है। अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें और फास्ट फूड से दूर रहना चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने भी लोगों से आंखों की जांच नियमित कराने की अपील की। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद सैफ, फातिमा सोहेल, विनोद सुमित, चांदनी आदि का सहयोग रहा।

# माय भारत की कबड्डी प्रतियोगिता में परशुराम क्लब व वॉलीबॉल में बावली टीम का रहा दबदबा

**समाज जागरण बागपत।**



सरूरपुर खेड़की में माय भारत के तत्वावधान में विभिन्न खेल प्रति योगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी डॉ योगेश कुमार के निर्देशन में आयोजित कराया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में सूचना अधिकारी राहुल भाटी, खेल अधिकारी अमित कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, विवेक जैन तथा सरूरपुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेश उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कुल छह प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 1600 मीटर दौड़ में यश (पिलाना) ने प्रथम, शिवम (गोपालपुर खड़ना) ने द्वितीय और विशु (डोला) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में इशू ने प्रथम, सिखा ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में साक्षी त्यागी प्रथम, हिना द्वितीय और ज्योति (बावली) तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में सुहेल (डोला) ने प्रथम, जितेंद्र (गोपालपुर खदाना) ने द्वितीय और तनिष्क भाटी (बाली) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह प्रतियोगिताओं में कबड्डी में बिनोली ब्लॉक की परशुराम क्लब टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि प्रियांशी क्लब बागपत की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बावली की टीम विजेता रही और परशुराम क्लब खिड़की की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में एथलेटिक्स कोच के रूप में दीपक सरोहा, शॉटपुट कोच के रूप में अनुज तोमर, कबड्डी कोच के रूप में हरवीर, तथा वॉलीबॉल कोच के रूप में देवांश गौड़ और आदित्य भारद्वाज ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में माई भारत के स्वयं सेवकों नितीश भारद्वाज, दानिश मलिक, सुषमा त्यागी, पंकज तोमर, शादाब अली, डिंपल, शिवम, गुलअफशा, अनुज तोमर,

अरशद, साहिल, अनस मलिक, हारून और हसन सहित कई युवाओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुषमा त्यागी और गुलफ्शा को सम्मानित किया। सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ प्रति योगिता का समापन किया गया।

# पालतू कुत्ते के हमले में 10 वर्षीय बालिका घायल,पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के मोहल्ला खेल में परचून की दुकान से सामान लेने जा रही एक 10 वर्षीय बालिका पर पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। बालिका के पिता ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपी पड़ोसी के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।रविवार को मोहल्ला खेल निवासी जक्की ने बताया कि उनकी 10 वर्षीय पुत्री आफिया घर से पास की परचून की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने अपना पालतू कुत्ता खुला छोड़ रखा था, जिसने अचानक बालिका पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से घबराई बालिका ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्ते के चंगुल से बालिका को छुड़ाया। पीड़ित के अनुसार, इससे पहले भी आरोपी के पालतू कुत्ते द्वारा कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल किया जा चुका है। घटना के बाद परिजन घायल बालिका को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगाए।पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को जांच करने के बाद का आश्वासन दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में न्यूरो हेल्थ कैंप में 231 मरीजों ने विशेषज्ञ परामर्श लिया

**एम्स के न्यूरोसर्जन के कैंप में 231 मरीजों को मिला इलाज**

**राजीव गांधी अस्पताल के न्यूरो कैंप में उमड़ा मरीजों का सैलाब**

**समाज जागरण बागपत।**



शहर के राजीव गांधी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑफ हेल्थ केयर एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को आयोजित विशेष न्यूरो हेल्थ कैंप में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कैंप में दिल्ली एम्स के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन और गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. एस.ए. हुसैन ने 231 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें विशेषज्ञ परामर्श दिया। सुबह से ही अस्पताल परिसर में बागपत समेत आसपास के कस्बों और गांवों से आए मरीजों का तांता लगा रहा। न्यूरो संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों ने बड़ी संख्या में कैंप का लाभ उठाया। इस दौरान मस्तिष्क ट्यूमर, मिर्गी, लकवा, माइग्रेन, स्लिप डिस्क और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार और सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. उमर ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य बागपत और आसपास के लोगों को बड़े शहरों की तरह बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 231 मरीजों का कैंप में आना इस बात का प्रमाण है कि लोगों का भरोसा अस्पताल की सेवाओं पर लगातार बढ़ रहा है। न्यूरोसर्जन डॉ. एस.ए. हुसैन ने बताया कि दिमाग और नसों से जुड़ी बीमारियों में समय पर जांच और सही उपचार बेहद जरूरी होता है। सही समय पर परामर्श मिलने से कई गंभीर बीमारियों को नियंत्रित और ठीक किया जा सकता है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने घोषणा की है कि डॉ. एस.ए. हुसैन अब नियमित रूप से अस्पताल में ओपीडी करेंगे, जिससे क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# हिलवाड़ी रोड से रेलवे मार्ग तक सर्विस रोड निर्माण को मिली स्वीकृति

**सांसद राजकुमार सांगवान के प्रयास से हिलवाड़ी क्षेत्र को बड़ी राहत**

**दिल्ली देहरादून हाईवे पर हिलवाड़ी मार्ग के लिए सर्विस रोड मंजूर**

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत लोकसभा क्षेत्र के लिए विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली-देहरादून हाईवे के पास स्थित गांव हिलवाड़ी रोड से रेलवे मार्ग हिलवाड़ी तक सर्विस रोड के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गिडकरी ने सांसद डॉ राजकुमार सांगवान को पत्र भेजकर प्रस्ताव स्वीकृत होने की जानकारी दी है। बताया गया है कि सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने 9 अगस्त 2025 को केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर क्षेत्र की जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थान पर सर्विस रोड निर्माण की मांग की थी। अब केंद्रीय मंत्रालय की ओर से इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है और इसे दिल्ली- देहरादून हाईवे परियोजना के निर्माण के साथ ही पूरा किए जाने की योजना बनाई गई है। सर्विस रोड बनने से हिलवाड़ी और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अभी तक ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और यात्रियों को मुख्य मार्ग पर आवाजाही के दौरान कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सर्विस रोड बनने के बाद स्थानीय यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह सुविधा लंबे समय से आवश्यक थी। इस निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क बेहतर होगा और रोजमर्रा की आवाजाही में लगने वाला समय भी कम होगा। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि बागपत लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार से क्षेत्र की आवश्यकताओं को मजबूती से रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड का निर्माण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और इसे विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बड़ी घोषणा

- महिलाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को दी जाएगी अतिरिक्त सब्सिडीः मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी
- मुख्यमंत्री ने की महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर की शुरूआत
- लाडो लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और हर घर-हर गृहिणी योजना की करोड़ों की राशि की वितरित







समाज जागरण

सिरसा/कालांवाली 08 मार्च (सुरेश जोरासिया) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि हरियाणा में महिलाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिरसा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर की शुरूआत करने के अलावा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पांचवीं किस्त के 200 करोड़ 77 लाख रुपये , सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कुल 1 हजार 338 करोड़ 61 लाख रुपये तथा हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 20 करोड़ 21 लाख रुपये पात्र महिलाओं के बैंक खातों में स्थानांतरित किए। उन्होंने स्टार्टअप्स को भी 3 करोड़ रुपये की सीड-मनी के चेक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में सेंड आर्ट शो के माध्यम से महिला सशक्तिकरण व उपलब्धियों की झलक दिखी।

श्री नायब सिंह सैनी ने समारोह में उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज एक ओर जहां पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, वहीं दूसरी ओर हरियाणा की ऐतिहासिक धरती पानीपत पर शुरू हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे हुए हैं।

उन्होंने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर को शुरू करने को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह मंच महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की संख्या 61 प्रतिशत करने में कारगर सिद्ध होगा। आज 16 उद्यमशील माताओं-बहनों को स्टार्टअप हेतु दी जाने वाली मदद के चेक वितरित किये हैं। साथ ही, महिला उद्यमियों के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है। यह मंच उन बहनों के लिए एक वरदान साबित होगा, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मंच महिलाओं को बाजार की नई तकनीक और मार्केटिंग की बारीकियों से रूबरू कराएगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को इस महिला उद्यमिता मंच जुडकर.इसका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने इसके लिए बजट में 5 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्कप्लेस सेफ्टी फंड बनाने का प्रावधान किया है। इसके साथ ही एक पोश सेल और एक विशाखा पोर्टल भी बनाया जाएगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 वर्ष पहले पानीपत की ऐतिहासिक धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत करने पर आभार जताते हुए कहा कि लिंगानुपात वर्ष 2014 में 871 था, वह अब 923 हो गया है। और आज हरियाणा बेटियों को आगे बढ़ाने वाले प्रदेश के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने पानीपत की धरा से ही 9 दिसंबर, 2024 को प्रधानमंत्री बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया था जिसके तहत प्रदेश की 9 हजार 656 बहन-बेटियां बीमा सखी बनकर अपना करियर आगे बढ़ा रही हैं।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में महिलाओं के प्रति वातावरण भी बदला है और महिलाओं का सम्मान भी बढ़ा है। उनके आह्वान से बेटियों को बचाया व पढ़ाया, चूल्हे के धुएं से आजादी दी, खुले में शौच जाने के अपमान से मुक्ति दी, तीन तलाक के दुःख से छुटकारा दिलाया और देश की सर्वोच्च संसद में आपके 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का कानून बनाकर महिलाओं को देश को चलाने में हक दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी बजट में वीटा बूथ आवंटन नीति में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया है। इसी प्रकार, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग के हेतु हर ब्लॉक में एक आधुनिक ग्राम हाट की स्थापना का प्रावधान भी किया है। इससे पहले हम 33 प्रतिशत राशन डिपो महिलाओं को दे रहे हैं।

इस बजट में औद्योगिक क्षेत्रों में भी 10 आधुनिक मातृ-शक्ति औद्योगिक क्रेच नेटवर्क शुरू करने का प्रावधान किया है। हाल ही में, हमने क्रेच कार्यकर्ता का मानदेय 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये मासिक किया है। यह देश में सबसे अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस-2023 के अवसर पर लखपति दीदी योजना शुरू करने की घोषणा की थी। महिलाओं की आर्थिक आजादी के लिए हरियाणा में अब तक 1 लाख 6 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। वित्त वर्ष 2026-27 में 3 लाख और महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत 500 स्वयं सहायता समूह की 5 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। सांस्कृतिक रूप से भी महिलाओं को जोडने.के लिए प्रदेशभर में महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले जा रहे हैं। अब तक 500 सांस्कृतिक केंद्र खोले गए हैं।

उन्होंने प्रदेश में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना, मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना, महिला एवं किशोरी सम्मान योजना, मिशन इन्द्रधनुष का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर प्रकार से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) का गठन किया जाएगा जिसमें महिला कमांडो को भी शामिल करने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में केवल महिला यात्रियों व छात्राओं के लिए समर्पित 273 बसों की संख्या को बढ़ाकर 500 किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं को आह्वान किया कि देश की भावी पीढ़ी को नशा से मुक्त रखने में अपना भरपूर योगदान दें। नशा बेचने वालों की जानकारी सरकार द्वार बनाये गए पोर्टल पर दी जा सकती है , जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने भी इस अवसर पर महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि जब तक महिला सशक्त नहीं होगी तब तक समाज सशक्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भी वन स्टॉप सेंटर , महिला हेल्पलाइन नंबर, एनीमिया-मुक्त अभियान जैसे कार्यक्रमों से सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर विधायक श्री गोकुल सेतिया ने भी विचार रखे। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक श्री यश गर्ग ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कमिश्नर एवं सचिव शेखर विद्यार्थी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग और महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक प्रियंका सोनी, उपायुक्त शांतनु शर्मा, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजय कुमार, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, एडीसी वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम राजेंद्र कुमार, सीईओ जिला परिषद डा. सुभाष चंद्र, नगराधीश अजय सिंह, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, सिरसा भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह, डबवाली भाजपा जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, कुलसचिव सुनील कुमार, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, रोहताश जांगड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त निदेशक राज बाला कटारिया, उप निदेशक डा. दर्शना सिंह सहित मौजूद रहे।

फोटो संलग्न है।

# व्यापार जगत में बड़ी जिम्मेदारीः अमित कपूर को सौंपी गई उत्तर भारत की कमान

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,8 मार्च : फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (एफआईसीएम) की कार्यकारिणी समिति की हैदराबाद में हुई बैठक में एक अहम फैसला लेते हुए संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित कपूर को उत्तर भारत का क्षेत्रीय समन्वयक (नॉर्थ इंडिया कोऑर्डिनेटर) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई है जिसको व्यापार जगत के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

एफआईसीएम मुख्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। विस्तृत चर्चा के बाद सभी सदस्यों ने एकमत से अमित कपूर जो पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं, के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से उत्तर भारत में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा ।उत्तर भारत के क्षेत्रीय समन्वयक के रूप में अमित कपूर की प्रमुख जिम्मेदारियों में उत्तर भारत के सभी राज्यों में एफआईसीएम की गतिविधियों का समन्वय करना, व्यापारियों की समस्याओं को संगठन के मंच पर प्रभावी ढंग से उठाना, विभिन्न राज्यों के व्यापार मंडलों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से रखना शामिल रहेगा। इसके अलावा संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान को गति देना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा ।इस नियुक्ति पर विभिन्न व्यापार संगठनों और उद्योग जगत की हस्तियों ने अमित कपूर को बधाई दी है। वरिष्ठ व्यापारियों का कहना है कि कपूर के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से उत्तर भारत के व्यापारियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और व्यापारिक समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

अपनी नियुक्ति पर अमित कपूर ने संगठन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि एफआईसीएम जैसे प्रतिष्ठित संगठन ने उन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि वह उत्तर भारत के सभी व्यापारियों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे ।एफआईसीएम के प्रवक्ता ने बताया कि अमित कपूर की नियुक्ति से उत्तर भारत में संगठन की पहुंच और अधिक मजबूत होगी। उनके अनुभव और सक्रिय दृष्टिकोण से क्षेत्रीय स्तर पर व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा और विभिन्न राज्यों के व्यापार मंडलों के बीच समन्वय भी बेहतर बनेगा।

उन्होंने बताया कि अमित कपूर जल्द ही उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों का दौरा कर स्थानीय व्यापार मंडलों के साथ बैठकें करेंगे और व्यापारियों की समस्याओं को समझेंगे। इसके साथ ही आने वाले समय में एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिसके तहत उत्तर भारत में व्यापार को बढ़ावा देने और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे ।फैडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल (रजि )के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पोदार अमित कपूर बठिंडा को नॉर्थ इंडिया ऑर्डिनेटर की नियुक्ति पत्र सौंपते हुए व अन्य अमित कपूर।

# फिरोजपुर मंडल के जलंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

## महिला स्टाफ ने बिना टिकट यात्रियों से 1.11 लाख रुपए जुमार्ना वसूला

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**




जैतो,8 मार्च : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने एतवार को बताया कि भारतीय रेल, महिला यात्रियों तथा अपनी महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित करती है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। ट्रेनों में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा गर्भवती महिलाओं के लिए आरक्षित एवं निचली बर्थ की विशेष व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त कई स्टेशनों पर महिलाओं के लिए अलग आरक्षण काउंटर, प्रतीक्षालय और शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के अनारक्षित डिब्बों में भी महिलाओं के लिए अलग स्थान निर्धारित किया गया है ।महिला कर्मचारियों के कल्याण के लिए भारतीय रेल द्वारा बाल देखभाल (क्रेच) सुविधा, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया जाता है, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। आज जालंधर सिटी स्टेशन पर बुकिंग, सुरक्षा, सिग्नलिंग तथा ट्रैक मेंटेनेंस सहित सभी परिचालन और रखरखाव संबंधी कार्य पूर्णतः महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए गए। इसके अलावा जलंधर सिटी से फिरोजपुर कैंट के बीच चली रेलगाड़ी संख्या 54643 का परिचालन पूरी तरह महिला रेलकर्मियों के जिम्मे रहा। ट्रेन संख्या 54643 को महिला पॉइंट्समैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर, जलंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से ह्लफोर्ट्रेस टिकट जांचह्व अभियान चलाया गया जो पूरी तरह महिला टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा किया गया। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 220 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 1,11,000/- का राजस्व वसूला गया।आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने महिला कर्मचारियों को बधाई दी और रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित तथा यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाने में उनके योगदान की सराहना की।

उन्होंने बताया कि भारतीय रेल में महिलाओं की कार्यभागीदारी लगातार बढ़ रही है और अब उनकी उपस्थिति केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं रह गई है ।अपने समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से महिला रेलकर्मी न केवल ट्रेन संचालन को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में युवा लड़कियों को रेलवे में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज एक पहल की गई, विभिन्न स्कूलों से आई हुई छात्राओं को दिखाया गया कि महिलाएँ स्टेशन संचालन का नेतृत्व कर रही हैं, ट्रेनें चला रही हैं, लोको और पटरियों के रखरखाव का कार्य भी संभाल रही हैं ।फिरोजपुर मंडल रेलवे महिला यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ अपने कर्मचारियों को सौहार्दपूर्ण एवं अनुकूल कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

# मातृशक्ति उद्यमिता योजना से मजबूत होगा महिला सशक्तिकरण का आधार

## 3 लाख रुपये तक ऋण सुविधा, 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ

समाज जागरण

फतेहाबाद,8 मार्च महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना जिले की महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



इस बारे जानकारी देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। मातृशक्ति उद्यमिता योजना भी इसी दिशा में एक सशक्त पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 3 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस ऋण पर 7 प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे महिलाओं को कम लागत पर अपना व्यवसाय प्रारंभ करने में सहायता मिलती है। महिलाएं इस राशि का उपयोग सिलाई-कढ़ाई केंद्र, बुटीक, डेयरी, ब्यूटी पार्लर, किराना स्टोर, फूड प्रोसेसिंग, हस्तशिल्प, लघु उद्योग या अन्य स्वरोजगार गतिविधियों में कर सकती हैं।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदिका हरियाणा की स्थायी निवासी हो तथा उसकी वार्षिक पारिवारिक आय 5 लाख रुपये या उससे कम होनी अनिवार्य है। साथ ही, महिला किसी भी पूर्व ऋण मामले में डिफॉल्टर नहीं होनी चाहिए। डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि यह योजना महिलाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को भी गति दे रही है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, तो परिवार और समाज दोनों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे आगे बढ़कर इस योजना का लाभ उठाएं और अपने हुनर व कौशल को व्यवसाय के रूप में स्थापित करें। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए इच्छुक महिलाएं हरियाणा महिला विकास निगम के जिला कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

# पी.एल.जिंदल कॉन्वेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

समाज जागरण

रतिया, 8 मार्च पी.एल.जिंदल कॉन्वेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बडे उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष दिवस पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा लघु नाटक के माध्यम से महिलाओ की उपलब्धियों को सलाम किया गया। स्कूल प्रबंधक तरसेम जिंदल व मोहन जैन द्वारा संदेश दिया गया कि आज महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक वैश्विक दिवस है ।इसलिए हमें महिलाओं द्वारा दी गई उपलब्धियों को हमेशा याद रखना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल मोना तनेजा द्वारा संदेश दिया गया कि यह दिन न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाता है बल्कि समाज में लैंगिक समानता की आवश्यकता को भी उजागर करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक न्यायपूर्ण समाज के लिए महिलाओं को सम्मान,सुरक्षा और बराबरी के अवसर मिलना अनिवार्य है। इस अवसर पर स्टॉफ उपस्थित था




# अबोहर में लगाया निशुल्क आई चैकअप कैम्प- लायन नरेश मित्तल

## 210 मरीजों की जांच, 42 आप्रेशन के लिए चयनित

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 8 मार्च : नामवर समाज सेवी संस्था लायन क्लब जैतो गंगसर द्वारा संचालित लायन आई केयर सैंटर जैतो ने आज अबोहर के पीरखाना मंदिर में विशाल निशुल्क आई चैकअप कैम्प लगाया। लायन आई केयर सैंटर के चेयरमैन लायन राकेश रोमाणा और डायरेक्टर लायन प्रदीप सिंगला ने बताया कि इस कैम्प में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अकरिती सिंगला और उनकी टीम प्रियंका यादव, अंजना कुमारी,डिम्पल, सिमरन कौर,सुखबीर सिंह ने 210 मरीजों की आंखों का चैकअप किया। कैम्प चेयरमैन लायन नरेश मित्तल ने बताया कि मामूली बीमारी बाले 168 मरीजों को दवाइयां मुफ्त दी गई और आप्रेशन वाले 42 मरीजों को लायन आई केयर सैंटर की बस द्वारा जैतो लाया गया,जहां उनके निशुल्क आप्रेशन करने के बाद दवाईयां और चश्मे भी निशुल्क दिये जाएंगे। मरीजों के रहने,लंगर ,चाय पानी की व्यवस्था भी हस्पताल द्वारा मुफ्त होगी। इस कैम्प में अबोहर से श्री अजय गुप्ता, श्री हरीश गुप्ता, श्री विशाल बांसल, श्री सुमेश भटेजा और जैतो से प्रधान लायन कुलभुषण माहेश्वरी, जोन चेयरपर्सन लायन भुषण रोमाणा,सचिव लायन मनू गोयल, खजांची लायन आशू मित्तल, पीआरओ लायन नरेश मित्तल, लायन रामअवतार वर्मा, लायन प्रवीण जैन का विशेष सहयोग रहा ।उल्लेखनीय है कि अस्पताल द्वारा हर रविवार को किसी शहर या गांव मे निशुल्क आई चैकअप कैम्प लगाया जाता है । कैम्प दौरान जिन लोगों के आप्रेशन होने होते हैं उनको लायन आई केयर सैंटर जैतो अपनी बस से जैतो लाया जाता हैं। मुफ्त आप्रेशन के बाद उन्हें उनके घर तक पहुंचाया जाता हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी' का भव्य आयोजन

## आशा नारंग काठपाल बनीं वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया महिला विंग की अध्यक्ष

समाज जागरण



फतेहाबाद, 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के अनाज मंडी स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में समाज की महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और संगठन के अंतरराष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने एक विशेष घोषणा की। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से विशेष रूप से पहुंची सूर्यवंशी आशा नारंग काठपाल को उनकी सक्रियता और समर्पण को देखते हुए 'वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया महिला विंग' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि आशा नारंग के पति, अशोक कुमार काठपाल, पिछले 2 वर्षों से वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इस नई नियुक्ति से ऑस्ट्रेलिया में रह रहे अरोड़ा खत्री पंजाबी समाज के परिवारों को जोड़ने और महिला सशक्तिकरण के कार्यों को नई गति मिलेगी।

समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ ने सभी महिलाओं को दिवस की बधाई दी और नई नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए गर्व का विषय बताया।

संस्थापक कमल हाण्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा और प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ व अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए, नव-नियुक्त अध्यक्ष आशा नारंग काठपाल और उनके पति अशोक कुमार काठपाल ने कहा, हम इस जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व और पूरे समुदाय का धन्यवाद करते हैं। सात समंदर पार भी हम अपनी संस्कृति और समाज की जड़ों को मजबूत बनाए रखेंगे। इस अवसर पर जिले के प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से धर्मपाल चावला जिला अध्यक्ष, परम अरोड़ा जिला महासचिव, अजय मेहता जिला सचिव, अशोक नारंग जिला सलाहकार, अंजू दानी महिला जिला महासचिव, सुरेश बुद्धि राजा व सुमन आहूजा जिला कार्यकारिणी सदस्य आदि मौजूद रहे। जिला महासचिव परम अरोड़ा ने ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी परिवार की ओर से आशा नारंग काठपाल को बधाई देते हुए कहा कि महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्ति का सम्मान करना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने समस्त मातृशक्ति को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लोक चेतना मंच द्वारा "दिलों की सांझ" पुस्तक पर विचार चर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## संत बाबा ज्ञानी इंद्रजीत सिंह का पंजाबी विरासत सेवी गुरबचन सिंह खालसा पुरस्कार से सम्मान

समाज जागरण



रतिया, 9 मार्च लोक चेतना मंच हरियाणा द्वारा साहित्य चेतना लाइब्रेरी रतिया में साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता डॉः नैब सिंह मंडेर के लघुकथा संग्रह 'दिलों की सांझ' पर विचार चर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन साहित्य चेतना लाइब्रेरी में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं सम्मानित शख्सियत के रूप में संत बाबा ज्ञानी इंद्रजीत सिंह शामिल हुए जबकि समारोह की अध्यक्षता मंच के प्रधान कैप्टन गुरमुख सिंह भुल्लर ने की।

मुख्य वक्ता के रूप में शामिल एसिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप सिंह पंधेर ने लघुकथा संग्रह 'दिलों की सांझ' पर अपना खोज पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि दिलों की सांझ लघुकथा संग्रह में शामिल सभी लघुकथाएं विश्वी सरोकारों से उत्प्रोत है और इसमें आम जन की संवेदना को व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मंडेर जहां लेखक, चिंतक एवं साहित्य आलोचक के रूप में कार्यशील है। वहीं पर उनकी मौलिक लेखनी समाज में घटित उन घटनाओं को कथानक के रूप में शामिल करते हुए कलात्मक बुनती के साथ समाज में दवे कुचले लोगों की संवेदना को व्यक्त करते हुए मनुष्य के दुख - सुख व प्रताड़ित मानसिकता को उजागर करती हैं।

इस परिचर्चा में अपनी बात रखते हुए मंच के महासचिव व प्रसिद्ध चित्रकार कृष्ण सिंह पंवार ने कहा की इन सभी लघुकथाओं का उन्होंने गहन अध्ययन करने के बाद इसका कवर डिजाइन किया तो लघुकथा संग्रह में शामिल सभी लघुकथाओं का डॉक्टर मंडेर ने सभी धर्म के लोगों को एकता की माला के सूत्र रूप में बांधने का कार्य किया है।

सभी लघुकथाएं लोगों के दिलों की सांझ को व्यक्त करती हैं।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कथा वाचक संत बाबा ज्ञानी इंद्रजीत सिंह को पंजाबी विरासत सेवी बापू गुरबचन सिंह खालसा पुरस्कार में स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र व लोई देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान पत्र संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर नैब सिंह मंडेर ने प्रस्तुत करते हुए कहा की ज्ञानी इंद्रजीत सिंह ने 50 वर्ष से ज्यादा समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कनाडा अमेरिका इंग्लैंड व भारत में कथावाचक के रूप गुरबाणी व गुरु इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बड़ी सेवा की है। सम्मान समारोह में अमनदीप सिंह कैनेडा ने डॉ नैब सिंह मंडेर की लघुकथाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है उन समस्याओं की आंतरिक वेदना को बहुत ही सरल व लोग भाषा में गंभीर चिंतन के रूप में व्यक्त करती है ।

समारोह के अंत में शेर सिंह खोखर व हैप्पी सिंह सेठी ने धन्यवाद के शब्द व्यक्त किया । इस अवसर पर जेसीबी जसवीर सिंह जेसीबी मणि सिंह बेअंत कौर मंडेर, माता बलदेव कौर सहित लोक चेतना मंच के सदस्य व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत साथी घायल




**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। आगरा फिरोजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित केएफसी गोदाम के समीप कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया मृतक के शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। जबकि घायल का उपचार जारी है

थाना दक्षिणके मोहल्ला परमेश्वरगेट उर्वशी टॉकीज के सामने निवासी प्रिंस गुप्ता पुत्र पंकज अपने साथी 20 वर्षीय अक्षित यादव पुत्र बनवारी लाल के साथ अपनी बुलेट गाड़ी पर सवार होकर टूंडला की तरफ जा रहा था। उसकी बुलेट गाड़ी थाना टूंडला के उसायनी स्थित केएफसी गोदाम के समीप पहुंची ही थी तभी एक अनियंत्रित कंटेनर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप प्रिंस ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि साथी अक्षित घायल हो गया मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई उसने नेशनल हाईवे की एंबुलेंस द्वारा दोनों को सरकारी ट्रामा सेंटर भेजा जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया वहीं घायल का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंचे जहां मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं को किया गया सम्मानित




**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्लाक जसराना के परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक तथा कम्पोजिट विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों,संगोष्ठी तथा रैली एवं चित्रकला,स्लोगन लेखन, निबंध लेखन,भाषण, गीत, कविता, अभिनय, विद्यालय साज-सज्जा, स्टाल लगाना,वाद विवाद प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी जसराना भूपेंद्र सिंह द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया गया साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।प्राथमिक विद्यालय जसराना द्वितीय पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व एआरपी सुमन राजपूत ने कहा कि शिक्षित होकर बेटियां सभी क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करें और समाज को एक नई दिशा देने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और बताया कि प्रतिवर्ष आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।इसके साथ ही कन्या भ्रूण हत्या,बाल विवाह, बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा,दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव तथा अंधविश्वास आदि विषयों छात्र छात्राओं तथा अभिभावकों को जागरूक किया और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। छात्राओं ने उक्त सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन कुमारी, रिचा यादव,सोनल यादव, कमलेश कुमारी,संध्या यादव, ज्योति गुप्ता, अर्चना पाल, मंजूलता वर्मा,शैफाली मिश्रा, सुमन पांडेय, नीलम, रंजना, बृजवाला,नीतू राजपूत,ललिता सिंह, शालिनी गुप्ता, अंजना, लक्ष्मी, शिवानी गुप्ता,गिरीश कुमार, ओमवीर सिंह,मुकुट सिंह, सुनील कुमार,प्रशांत कुमार,कुलदीप सिंह,प्रेमपाल सिंह आदि सभी का विशेष सहयोग रहा।

# समाज को एकजुट करके हक अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा -: गंगा विष्णु पासी

## लाखन आर्मी टीम जनपद श्रावस्ती द्वारा पासी जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा के हिताई नगर मोड़ पर पासी जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि लाखन आर्मी टीम द्वारा गांव-गांव पासी जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है समाज में तमाम उपजातियों को एक साथ आने की जरूरत है हमें खानपान रोटी बेटी का संबंध बनाना चाहिए हमें अपने समाज को एकजुट करना होगा मंडल संरक्षक विश्राम पासी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की जरूरत है पासी समाज को एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करना होगा। गांव-गांव, घर-घर जाकर कार्यक्रम आयोजित कर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभ दिलाने का प्रयास करना चाहिए जिलाध्यक्ष विद्या राम पासी ने कहा कि लाखन आर्मी टीम का मुख्य उद्देश्य है कि गरीबों, मजदूरों को सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ कर आगे बढ़ाना एवं हम सबको मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की ओर ध्यान देना है मंडल महासचिव गंगा विष्णु पासी ने कहा कि पासी समाज को एकजुट करके हक अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा अपने समाज में जन्मे राजाओं एवं महाराजाओं के इतिहास के बारे में बताना होगा राजा व महाराजा कोई एक जाति धर्म का नहीं होता है वो सभी समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करता है लाखन आर्मी टीम बहराइच के जिलाध्यक्ष राम नरायन ने कहा कि पासी समाज



नशा जैसी बुराइयों को त्याग करने की जरूरत है एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा।

**पासी मनोज कुमार चौधरी**

मंडल अध्यक्ष देवीपाटन मंडल गोंडा ने कहा कि हम सभी युवाओं को लाखन आर्मी टीम को मजबूत बनाना होगा

कार्यक्रम में मंडल संरक्षक विश्राम पासी,मंडल महासचिव गंगा विष्णु पासी, जिलाध्यक्ष श्रावस्ती विद्या राम पासी, मंडल प्रचारक गुलशन पासी, संगठन मंत्री सुरेश कुमार पासी, राजित राम पासी, रामचंद्र पासी,सम्भुनाथ पासी, श्याम सुंदर पासी, ओमकार पासी, शुभकरन पासी, राजेश कुमार पासी, अतुल कुमार पासी, नागेश्वर पासी, कमलेश कुमार पासी, अशोक कुमार पासी, किशोरी लाल पासी, त्रिलोकी नाथ पासी, रिंकू पासी, मुकेश पासी, रामविलास पासी, राम निवास पासी आदि के साथ-साथ सैकड़ों पासी समाज एवं अन्य समाज के सम्मानित कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया

# रूसी तेल पर अमेरिका की 30 दिनों की मोहलत से समुद्र में फंसे क्रूड ऑयल को भारत लाने का रास्ता साफ

## अमेरिका से मिली राहत के बीच भारत रूस से फंसा हुआ तेल मंगाने और होर्मुज संकट से बचने के लिए ऑस्ट्रेलिया-कनाडा जैसे नए ऊर्जा स्रोत तलाश रहा है

भारत को रूसी तेल के आयात के लिए अमेरिका द्वारा दी गई 30 दिनों की छूट में रूस की सरकारी कंपनी रोसनेफ्ट और लुकऑयल से सीधे तौर पर कच्चे तेल की खरीदारी भी शामिल हैं। सरकारी अधिकारियों ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि रूसी तेल समुद्र में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश अब तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और एलपीजी के नए स्रोतों की भी तलाश कर रहा है ताकि होर्मुज स्ट्रेट के जरिये आपूर्ति से बचा जा सके।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में ईंधन का आयात होर्मुज से इतर अन्य सभी मार्गों से हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की ईंधन जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने आज एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, ह्यइस संबंध में चिंता या अटकलों की कोई गुंजाइश नहीं है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत अपने पारंपरिक आपूर्तिकताओं से ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी प्रतिबंध के बाद भारतीय कंपनियों ने नवंबर 2025 से रूस की दो कंपनियों से कच्चे तेल की खरीद करने से भी परहेज किया है। अधिकारियों ने अपनी पहचान जाहिर




न करने की शर्त पर कहा कि पश्चिम एशिया से आपूर्ति में अनिश्चितता के बीच भारत एलएनजी और एलपीजी आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है।

एलएनजी के लिए भारत अन्य देशों के अलावा ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से आपूर्ति पर विचार कर रहा है। एलपीजी आपूर्ति के लिए टोटाल एनर्जीज, एक्सॉनमोबिल जैसी तमाम वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों के साथ बातचीत की जा रही है। इस बीच आज अमेरिकी और इजरायली सेना ने ईरान की राजधानी तेहरान के समीप ईंधन डिपो पर हमला किया। यह संघर्ष अब दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है और आगे नरमी के संकेत दिखाई नहीं दे रहे हैं। रूसी तेल की खरीद पर अमेरिकी मोहलत से भारतीय रिफाइनरों को समुद्र में फंसा रूसी कच्चा तेल हासिल करने में मदद मिलेगी। यह छूट 4 अप्रैल, 2026 को खत्म हो जाएगी।

भारत को कच्चे तेल के मुकाबले एलएनजी और एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के प्रति अधिक संवेदनशील है। भारत करीब 83 फीसदी एलपीजी आयात और 56 फीसदी एलएनजी का आयात होर्मुज मार्ग से करता है। जहां तक कच्चे तेल का सवाल है तो भारत को इस मार्ग से करीब 40 फीसदी आपूर्ति होती है। भारतीय तेल विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के कारण एलपीजी की कीमतों में 60 रुपये प्रति सिलिंडर की वृद्धि की है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलिंडर की कीमत अब 913 रुपये हो गई है। दिल्ली में वाणिज्यिक उपयोग वाले 19 किलोग्राम के एलपीजी सिलिंडर की कीमत 114.5 रुपये बढ़ाकर 1,883 रुपये कर दी गई है। सरकार ने रिफाइनिंग कंपनियों को निर्देश दिया है कि एलपीजी का उत्पादन अधिकतम किया जाए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में लगभग 33 करोड़ सक्रिय एलपीजी ग्राहक हैं।

कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में वृद्धि होने के आसार नहीं हैं क्योंकि सरकारी तेल विपणन कंपनियां वित्तीय प्रभाव को अवशोषित करने में समर्थ हैं।

# अग्र बंधुओ ने रसिया, मल्हार, गीत, भजन गायन के साथ भव्यता से मनाया होली मिलन समारोह, कवियों ने हास्य व्यंग्य से गुदगुदाया

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर की पुरातन एवं प्रतिष्ठित संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला में होली मिलन समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, प्रदेश उपमहामंत्री किशन बिहारी गर्ग मंचासीन रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनंद मित्तल ने की। मार्गदर्शक जानकी प्रसाद गर्ग ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके समारोह का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों को चंदन टीका लगाकर व पीत दुपट्टा पहनाकर गले मिलकर होली की प्रेमपूर्ण शुभकामनाएं दी गई।

अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की आरती के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में कवियों ने हास्य व्यंग्य की रचनाये सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर सम्मेलन के सदस्यों ने रसिया, गीत, मल्हार, भजन आदि सुनाकर समां बांध दिया।



सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। संचालन कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने किया। महामंत्री दिनेश अग्रवाल ने सम्मेलन द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताते हुए कविता सुनाकर शुभकामना दी।

मुख्य अतिथि मुकेश बंसल ने अपने उद्बोधन में अग्र समाज को जागरुक करते हुए कहा कि हमें संगठित रहने की बहुत अधिक आवश्यकता है। समाज के छोटे से छोटे कार्य में एक आवाज पर सभी अग्र बंधुओ को इकट्ठे होकर अपनी जागरूकता दिखानी चाहिए।

ब्रज प्रदेश उप महामंत्री किशन बिहारी गर्ग ने कहा कि पवित्र प्रेम के प्रतीक इस त्योहार पर सभी को पुराने गिले शिकवे दूर कर प्रेमभाव बनाए रखना चाहिए।

डा. कुमार विश्वास के साथ देश विदेश में जाकर अपने मधुर कंठ और कविताओं से लोगों को अपना मुरीद बनाने वाले सुप्रसिद्ध कवि प्रवीन पांडेय ने कुछ यूं पढ़ा

बिरज सो विदा है चली होरी
ग्वाल बाल सखियन के भोरे मन की आसा तोरी।।

जिले का आधिकारिक गीत हम है नगर फिरोजाबाद लिखने वाले गीतकार प्रवीन पांडेय ने श्रोताओं की मांग पर सुनाया

जिसको छेड़ा उसे आँख मारी,
और जिंदगी इस तरह गुजारी।
मौत को प्यार से जीतना है,
इस तरह यादगार जिंदगी जीना है।।

साहित्यकार कृष्ण कुमार कनक ने कहा

काम सारे इस तरह करते है हम
पत्थरों पर भी असर करते है हम
पांव रखते है जमीं पर ही ! मगर
आसमानों तक सफर करते हैं हम।।

हास्य व्यंग्य कवि पंकज टूटपड़े ने सुनाया

तलवार दिखाकर ना हमको डराना
अच्छे अच्छे हो गये यू पी से रवाना
अब तलवार खुद पूछ रही है
म्यान किधर है।।

वरिष्ठ गीतकार चंद्रप्रकाश चंद्र ने सबका मन मोहते हुए सुनाया

कान्हा बरसाने में आयो है नेक डोड़ी डोड़ी रहियो
जाये नासा भंग को छायों है,
नेक डोड़ी डोड़ी रहियो।।

इस अवसर पर दाऊ दयाल अग्रवाल एड, सुरेंद्र प्रकाश, सुधीर बंसल, राकेश अग्रवाल, अनिल चॉइस, ई एस सी अग्रवाल, हरी बाबू, रमेश डायमंड, दिनेश गर्ग, सुनील, प्रदीप अग्रवाल, अनुग्रह गोपाल, अवध बिहारी, लक्ष्मीकांत, गोविन्द , पंकज, गोपाल बंसल, देवप्रकाश, संजय डिश, मनोज बंसल, बल्लो बाबू, सीताराम, भारतेंदु आदि अग्रबंधु मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष आनंद मित्तल व संचालन कोषाध्यक्ष कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने किया। सभी ने गले मिलकर ठंडाई व कांजी पिलाकर, प्रेम से पगी गुजिया खिलाकर एक दूसरे को होली की मधुर शुभकामनाएं दीं।

# अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने व्यक्त किया हर्ष

**समाज जागरण**

सिरसागंज। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास पर जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किए जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन,



नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। जयवीर सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। उन्होंने नगर सिरसागंज के साथ जनपद फिरोजाबाद का नाम रोशन किया है। अश्वनी कुमार जैन ने जयवीर सिंह, माननीय कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# एसएसपी ने पुलिस कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं कार्यालयों का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों, रजिस्टरों, लंबित प्रकरणों, पत्रावलियों एवं कार्यालयीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित शाखा प्रभारियों को अभिलेखों का नियमित रूप से अद्यतन रखने, पत्रावलियों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा कार्यालय में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं कार्यालयीन कार्यों को पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ संपादित करने को भी कहा।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने हेतु निर्देशित किया। जिससे आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

इस दौरान पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे ।

# "बेटियां कल का भविष्य: बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का भव्य समापन"

## जिला प्रोबेशन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर बाल विवाह मुक्त रथ को किया रवाना

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला डिग्री कॉलेज बहराइच में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन देहात संस्था,रोसा



संस्था एवं चाइल्डलाइन के द्वारा किया गया।जिसमें क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों और आशा आंगनबाड़ी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**सशक्तिकरण की गूँज।।**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाने का संकल्प लेना था।

**उपलब्धियों पर चर्चा।।**

देहात संस्था के प्रतिनिधियों ने अभियान की सफलता साझा करते हुए बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों जाकर जागरूकता फैलाई गई। महिला दिवस के इस विशेष मौके पर उन 'बदलाव के नायकों' को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में बाल विवाह रुकवाने में साहस दिखाया।

मो खालिद जिला प्रोबेशन अधिकारी जी ने संबोधन में बताया कि ढडउरड अू३ और शिक्षा के अधिकार (फ्ळए) पर जोर देते हुए कहा कि "जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो पूरा समाज सशक्त होता है।" उपस्थित महिलाओं ने शपथ ली कि वे न केवल अपने घर में बल्कि पूरे गाँव में किसी भी बच्चे का भविष्य बाल विवाह की भेंट नहीं चढ़ने देंगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रीमा सिंह, डॉ अंकिता सिंह सहायक अध्यापक, नीलम सिंह शुक्ला जेंडर स्पेशलिस्ट,रोसा टिम से विकास जायसवाल, प्रतिमा सिंह,सुनील दीक्षित एवं देहात टीम से रचना मिश्रा,अमरेश कुमार,देवेश तिवारी व चाइल्ड हेल्पलाइन से मनीष, अर्चना,शालिनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अर्पित सेवा संस्थान द्वारा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अर्पित सेवा संस्थान, श्रावस्ती द्वारा ग्राम भोजपुर, विकास खंड इकौना, जनपद श्रावस्ती में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सशक्तिकरण तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रतिनिधि अवधेश कुमार शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास, महत्व और उद्देश्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस विश्वभर में महिलाओं के अधिकारों, समानता और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन, विज्ञान तथा सामाजिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही हैं, जो समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।






गोष्ठी में महिलाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य एवं पोषण, तथा घरेलू हिंसा और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं एवं महिला कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

गोष्ठी में ग्राम की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। अंत में संस्थान की ओर से सभी उपस्थित महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं और समाज में महिलाओं के सम्मान एवं समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया गया।

# सरकारी खजाने पर दबाव: मार्च तक मंत्रालयों को खर्च करने होंगे बजट के बाकी 26% फंड, क्या बचेगा लक्ष्य ?

**दैनिक समाज जागरण**

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के ताजा आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि केंद्र सरकार के मंत्रालयों को संशोधित व्यय अनुमानों को पूरा करने के लिए फरवरी से मार्च 2026 की अवधि में आवंटन का 26 फीसदी खर्च करने की जरूरत होगी। कुछ मंत्रालयों के लिए तो यह अंतर बहुत बड़ा है।

जनवरी तक खर्च की गई रकम और संशोधित अनुमान के बीच सबसे अधिक अंतर कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के लिए है जो 93 फीसदी है। अधिकारियों ने कहा कि यह असल में निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण के लिए आरक्षित कोष में 7,500 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हस्तांतरित किए जाने के कारण दिख रहा है यानी यह एक समायोजन है। मगर जल शक्ति मंत्रालय के मामले में भी यह अंतर 72 फीसदी तक है और उसे फरवरी से मार्च 2026 में 29,766 करोड़ रुपये खर्च करना होगा।

उदाहरण के लिए, जल जीवन मिशन के लिए, 67,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे लेकिन खर्च नहीं किए गए क्योंकि जल संसाधन विभाग ने एक समीक्षा अभ्यास शुरू किया था। संशोधित अनुमान योजना के लिए 16,944 करोड़ रुपये का व्यय दिखाते हैं। सीजीए के आंकड़ों से पता चला कि जल शक्ति मंत्रालय ने जनवरी 2026 तक 11,670 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

सरकार के नकद प्रबंधन दिशानिर्देशों के अनुसार मंत्रालयों को मार्च तिमाही के लिए अपने बजट अनुमानों के 33 फीसदी से अधिक और वित्त वर्ष के अंतिम महीने के लिए 15 फीसदी से अधिक खर्च करने से बचना चाहिए।

संशोधित अनुमान का उच्चतम अनुपात खर्च करने वाले मंत्रालयों में रेलवे है, जिसने जनवरी 2026 तक 98 फीसदी उपयोगिता प्राप्त कर ली है। सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 87 फीसदी व्यय किया है।

संचार और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय जनवरी 2026 तक क्रमशः 93 और 92 फीसदी उपयोगिता के साथ शीर्ष खर्च करने वाले मंत्रालयों में से हैं।

कृषि और किसान कल्याण जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रालय को अंतिम दो महीनों में संशोधित अनुमान का 34 फीसदी खर्च करने की आवश्यकता है और रक्षा मंत्रालय को 21 फीसदी खर्च करने की आवश्यकता है।

# बैंकिंग सिस्टम में नकदी का संकट ?

भारतीय रिजर्व बैंक ने अल्पकालिक दबावों को दूर करने के लिए नकदी प्रबंधन का सुनियोजित तरीका अपनाया है। रिजर्व बैंक सतत ढंग से नकदी उपलब्ध करा रहा है। इस क्रम में रिजर्व बैंक ने 1 लाख करोड़ रुपये के ओपन मार्केट ऑपरेशंस की नवीनतम घोषणा की है। इस घोषणा का ध्येय इस महीने अग्रिम कर के कारण नकदी प्रबंधन से निकासी होने के कारण बैंकिंग प्रणाली में आई कमी को आसान बनाना है।

बहरहाल, तात्कालिक कारण मौसमी कर भुगतान है। इस सिलसिले में बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कदम प्रणाली में स्थायी तरलता पर व्यापक दबाव को भी दशार्ता है। दरअसल, नकदी पर पहले के खरीद-बिक्री स्वैप समझौतों की परिपक्वता और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच रुपये को स्थिर करने के लिए रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप का असर पड़ा है।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को बैंकिंग प्रणाली में 3.02 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि थी। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को कहा था कि वह 50,000 की अलग-अलग दो किस्तों में ओएमओ खरीदारी करेगा। बाजार के प्रतिभागियों के अनुसार यह कदम नकदी की कमी को पाटने के उद्देश्य से किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

## पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज केराकतपुर लोहता के छात्राओं के बीच चित्र कला प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चेयरमैन शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन में छात्राओं को जागरूक करने व सतत आजीविका से जोड़ने और समाज में भागीदारी के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत कालेज के छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शशि कांत सिंह ने कहाकि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला है। जिन्हें विकास की ओर अग्रसर करने के लिए हम विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक एवं स्वावलंबी बनाने का



कार्य कर रहे है। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में अच्छी पेंटिंग बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने समाज में अपनी बराबरी के अधिकार लेने का संकल्प लिया।साथ ही छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली विभिन्न भूमिकाओं को दर्शाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंधक अभिषेक सिंह, डायरेक्टर आई पी पांडेय,प्राचार्य डॉ विष्णु प्रकाश,अतुल ,डॉ दीपिका, डॉ सुनीता और उर्वशी सिंह,अंजली चौबे,आंकाक्षा चौबे,आकांक्षा उपाध्याय, सोनम पांडेय,श्वेता सिंह सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रही।

# बरेमा प्राचीन हनुमान मंदिर में शुरू हुआ अखंड राम चरित मानस पाठ ग्यारह ब्राह्मण ने किया वैदिक मंत्रों के बाद पाठ प्रारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। भक्तों के आस्था का केंद्र माने जाने वाले पंचकोसी मार्ग के किनारे बरेमा गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में अखंड राम चरित मानस पाठ शुभारंभ रविवार को पंडित आदर्श तिवारी के सानिध्य में ग्यारह ब्राह्मण द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हुआ। मानस पाठ के साथ ही शाम को आयोजित हुई विशाल भंडारे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों राहुल सिंह और किशन तिवारी ने बताया कि श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ रविवार सुबह 10 बजे किया गया। जो सोमवार को पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। यह आयोजन मार्च महीने को ध्यान



में रखते हुए किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग भक्ति भाव से जुड़ सकें। बताया गया कि इससे पिछले वर्ष भी मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इस बार के आयोजन में लगभग 1100 से अधिक लोगों ने रामायण पाठ का श्रवण किया और पुण्य लाभ प्राप्त किया। मानस पाठ में मुख्य रूप से आशु तिवारी,मनीष सिंह,नवीन सिंह,सचिन तिवारी,आजाद सिंह, रोशन तिवारी,बुद्धिराम विश्वकर्मा, ठल्लू तिवारी, शिवम तिवारी सहित अन्य भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

# आपसी प्रेम ,सद्भाव ,भाई-चारे के उत्सव में व्यापारी हितों को मिले ताकत और शक्ति

## व्यापार मंडल का भव्य होली मिलन समारोह रंग गुलाल के रंगीले महक से हुआ सरोबोर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र के फूलपुर व्यापार मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह भव्य रंग गुलालों के रंगीले महक से हुआ सराबोर गले मिलकर दिया एक दूसरों को बधाई।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता , जिलाध्यक्ष शुभम सिंह एवं भाऊपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज पटेल बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फूलपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष जीतेंद्र जायसवाल उर्फ 'सपालू' ने किया। संरक्षक मुन्ना चौरसिया और भानु सेठ की विशेष उपस्थिति ने होली की महक को बढ़ाने का कार्य किया।

समारोह में व्यापारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर



होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द ,प्रेम ,भाई -चारे व एकता का संदेश दिया।

होली मिलन समारोह में व्यापारियों की भागीदारी ने यह साबित कराकर लोंगो का दिल जीतने का कार्य किया। फूलपुर व्यापार मंडल के राजकुमार गुप्ता, मल्लू विश्वकर्मा, सोनू सेठ, विक्की गौड़, ऋषभ अग्रहरि सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सैकड़ों व्यापारी आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संगीतमय माहौल में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ लोगों में मिलकर झूमा। शानदार मिलन समारोह आयोजन के दौरान सभी अतिथियों और व्यापारियों के लिए नाश्ते में 56 भोग की विशेष व्यवस्था की गई थी जिसने स्वाद के साथ प्रेम का इजहार किया।जिसकी चचाएं खास और सराहनापूर्ण रही। होली मिलन समारोह के समापन अवसर पर देशभक्ति गीत गाकर लोगो ने टी 20 में भारत की जीत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# उत्तम, स्वस्थ, सुरक्षित तथा स्वावलंबी समाज बनाने के लिए महिलाएं एक होकर आगे आयें - डॉ प्रीति सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाधिपुरम बोरसिया स्थित सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अनूठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने बताया की जैसे रंग-बिरंगे फूल, पौधे, प्राकृतिक वनस्पति हम सबके लिए शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं





ठीक उसी प्रकार महिलाएं हमारे परिवार समाज देश या सार्वभौमिक समाज को एक सुखद एवं अनुकूल परिवेश प्रदान करती हैं । हम यूं कह सकते हैं कि हमारे जीवन में सिर्फ प्रकृति ही सुखद वातावरण नहीं प्रदान करती बल्कि हमारे समाज की महिलाएं भी पारिवारिक प्रकृति हैं जो सुख शांति संतुष्टि और जीने योग्य वातावरण प्रदान करती हैं । इसी क्रम में उन्होंने बताया की इस बार सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल परिवार ने विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह समेत सभी महिला कर्मचारियों को स्वस्थ पौधे भेंट कर महिला दिवस को सुचिता पूर्वक मनाया।

वर्तमान सामाजिक परिवेश में महिला सशक्तिकरण की सबसे मजबूत कड़ी डॉक्टर प्रीति सिंह ने कहा की पौधे जैसे प्रकृति से अपना सारा आजीविका के साधन, संसाधन प्राप्त कर सभी जीवधारियों के उत्थान के लिए समर्पित होते हैं उसी तरह महिलाएं भी कम से कम खर्चे में अपने परिवार समाज को निरंतर मजबूत बनाने के लिए तत्पर रहती हैं। अंत में उन्होंने महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को एकजुट होकर एक उत्तम, स्वस्थ तथा स्वावलंबन महिला समाज बनाने के लिए संदेश दी। इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समस्त नारी शक्ति को नमन व वंदन करता हूं। महिलाएं किसी भी राष्ट्र के निर्माण और विकास का मुख्य आधार हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए हम सभी कृतसंकल्पित हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि हमारी सभी बहन-बेटियाँ सशक्त, स्वावलंबी और खुशहाल रहें तथा उनके जीवन में सदैव मुस्कान और सफलता बनी रहे।

इस अनुपम अवसर पर आवेश कुमार, अवनीश राय, सुनील सिंह अमित कुमार सिंह, दिग्विजय उपाध्याय, अमित रघुवंशी, श्रेया सिंह, भोली त्रिपाठी, श्वेता पांडे, अर्चना पांडे, इंदुकला, जानकी गुप्ता, सुषमा अंबिका, सुष्मिता यादव, ऋतंभरा, प्रीतिमा, वंदना, इंद्रावती, निर्मला, सोनी समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# महिला किसानों को इकोप्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। इकोप्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन, बेनीपुरी खुर्द (वाराणसी) ने विश्व महिला दिवस के मौके पर महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में गांव की लगभग 80 महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का कृषि में योगदान, ग्रामीण महिला किसानों की समस्याएं तथा महिला स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही कई महिलाओं ने बच्चियों की शिक्षा के महत्व और बहुओं का पढ़ा-लिखा होना क्यों आवश्यक है जैसे सामाजिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में हरहुआ क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य पुष्पांजली पटेल के पति प्रदीप पटेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित करने



के लिए धूप से बचाव हेतु 20 महिलाओं एवं किशोरियों को रुमाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए। प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों ने भी अपने अनुभव और उत्पादों के बारे में जानकारी दी। कुछ महिलाओं ने बताया कि संस्था द्वारा प्रदान किए गए पोषण वाटिका किट से वे अपने घर के आसपास सब्जियां उगा रही हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों को स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन मिल रहा है। कार्यक्रम में रेखा, अनीता, शशिकला, गुड़िया, उषा, माधुरी, गीता, नंदनी, प्रीति, रेनू, सरिता, राधा, सीता, संजना, मुन्नी, अंजू, लालमणि सहित अनेक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम एसोसिएट संजय पटेल तथा सहयोगी साथियों हरीश जी, रेखा देवी और प्रगतिशील किसान सतीश द्वारा किया गया।

# आत्मशुद्धि के साथ सामाजिक जागरण का अवसर है रमजान।

- जहांगीरी मस्जिद में तरावीह मुकम्मल, नमाजियों ने मांगी अमन-चैन की दुआ।
- गरीब व जरूरतमन्दों की पीड़ा का एहसास कराता है रमजान।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ बाजार स्थित जहांगीरी मस्जिद में पवित्र माह रमजान के अवसर पर पढ़ी जा रही तरावीह नमाज शनिवार की रात मुकम्मल हो गई। 18 फरवरी को रमजान का चांद दिखाई देने के साथ ही मस्जिद में तरावीह की नमाज का सिलसिला शुरू हुआ था। पूरे रमजान के दौरान बड़ी संख्या में नमाजियों ने तरावीह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मस्जिद में हर दिन दो पारा कुरान शरीफ की तिलावत की जाती रही। इसी क्रम में 17वीं रमजान को पूरा कुरान मुकम्मल हो गया और जहांगीरी मस्जिद में तरावीह की नमाज भी संपन्न हो गई। तरावीह की नमाज हरहुआ डीह निवासी हाफिज बिलाल खान ने पढ़ाई।



तरावीह मुकम्मल होने के बाद मस्जिद परिसर में हाफिज बिलाल खान का नमाजियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी और गले मिलकर खुशी का इजहार किया। इसके बाद सभी नमाजियों ने मस्जिद में बैठकर हाथ उठाकर अल्लाह तबारक व तआला से देश और दुनिया में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी।

नमाजियों ने विशेष रूप से हिंदू-मुस्लिम एकता, गंगा-जमुनी तहजीब और समाज में प्रेम-मोहब्बत कायम रहने की दुआ की। दुआ के दौरान मौजूद सभी लोगों ने ह्लआमीनह्व कहकर दुआ को मुकम्मल किया। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर तरावीह मुकम्मल होने की मुबारकबाद दी।

मौके पर उलेमा और बुजुर्गों ने लोगों से रमजान के पवित्र महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने तथा समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, सब्र और दूसरों की मदद का पैगाम देता है।

इस अवसर पर हाफिज गुलाम रसूल, जहांगीरी मस्जिद के इमाम नसीम अहमद, मेराज अहमद, बदरुद्दीन खान, मिजान खान, शाहनवाज खान, विक्की खान, सलमान अहमद, अमन हाश्मी, छेदी हाश्मी सहित सैकड़ों नमाजी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मस्जिद में सभी लोगों के बीच तबर्रुख तक्सीम किया गया। इसके बाद सभी नमाजियों ने खड़े होकर एक साथ सलातो-सलाम पढ़ा और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी गई।

# राष्ट्र के उत्थान में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान: पूनम मौर्य।

**दैनिक समाज जागरण**

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से स्थानीय बीआरसी केसरीपुर में रविवार को नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के परिषदीय विद्यालयों के 105 महिला शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।




बीआरसी केसरीपुर में शिक्षिका को सम्मानित करती जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या

समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि नारी सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रयासरत है। महिलाओं के उत्थान के लिए नई-नई योजनाएं चलाई जा रही हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा व नारी सशक्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। बीईओ राम पूजन पटेल ने कहा नारी परिवार की सबसे मजबूत कड़ी है।

शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्र के उत्थान में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। समारोह में अनूप सिंह, राजेश सिंह, डा0 उषा सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।

उपस्थित लोगों ने महिला अधिकार की रक्षा व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस दौरान अंजू चौबे,गायत्री, अंजूलता सिंह रीना सिंह, पुष्पा देवी, चंद्रावती शर्मा, प्रियंका मंजरी, अंजूलता सिंह, प्रतिभा सिंह आदि थी।

# युद्ध की आग में 'ब्रांड दुबई' की साख दांव पर? ईरान के हमलों के बीच निवेशकों में बढ़ी बेचैनी

**पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष और हवाई हमलों के बावजूद, विशेषज्ञ दुबई के मजबूत रक्षा ढांचे और ऊंचे रिटर्न के कारण वहां के बाजार में जल्द वापसी की उम्मीद कर रहे हैं**

**दैनिक समाज जागरण**

पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य संघर्ष का असर केवल व्यापार मार्गों और कच्चे तेल की कीमतों पर ही नहीं पड़ा है, इससे ब्रांड दुबई भी प्रभावित हो रहा है। ईरान की ओर से कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों में चुनिंदा हमले किए जाने से यहां अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। इसका सबसे अधिक असर दुबई पर पड़ा है, जो लंबे समय से अपने गोल्डन वीजा और अनुकूल कराधान नीतियों की वजह से वैश्विक स्तर पर सबसे सुरक्षित जगह और प्रवासियों के आकर्षण का केंद्र रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि दुबई इन हालात से बहुत जल्द उबर आएगा।

फ्यूचरब्रांड्स में ब्रांड विशेषज्ञ और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष देसाई ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, ह्यदुबई पर हाल फिलहाल जरूर असर दिख रहा है, लेकिन इस ब्रांड की छवि पर लंबे समय तक बड़ा असर नहीं पड़ेगा। अरबी रेगिस्तान के बीच स्थित दुबई को एक शांत जगह के रूप में जाना जाता है, जो जीवंत और सुरक्षित है। यहां वह सब कुछ जो प्रवासियों को लुभाने के जरूरी होता है।

उन्होंने कहा, ह्यभले ही पश्चिम एशिया में उथल-पुथल रही है, लेकिन दुबई इससे ज्यादातर अछूता ही रहा है। लेकिन मौजूदा युद्ध का लोगों पर गंभीर असर पड़ा है। कहा जाता है कि मनोविज्ञान और भूगोल एक समान नहीं होते। जब आसपास लड़ाई छिड़ी हो तो भले ही कोई इसमें सीधे तौर पर शामिल न हो, लेकिन उस पर असर अवश्य पड़ता है।

दुबई, यूएई महासंघ बनाने वाले सात संप्रभु अमीरातों में से एक है, जो दुनिया में सबसे अधिक 6 से 9% किराया लाभ देता है। यहां बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, जो सबसे बड़ा विदेशी निवेशक समूह है। यहां सभी विदेशी संपत्ति खरीदारों में भारतीयों की हिस्सेदारी 20 से 22% है। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, दुबई के तेज प्रॉपर्टी बाजार ने 2025 में अब तक के सबसे अधिक 250 अरब डॉलर के रियल एस्टेट सौदे दर्ज किए थे। इससे यह निवेशकों के लिए और भी अधिक आकर्षक बाजार बन कर उभरा है। इसी के मद्देनजर रियल एस्टेट खिलाड़ियों का मानना है कि शहर की ब्रांड छवि पर पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध का प्रभाव बहुत कम होगा।

दुबई स्थित रियल एस्टेट रणनीतिकार और प्रोएक्ट लग्जरी रियल एस्टेट के सीईओ रितु कांत ओझा ने कहा, ह्यहमें छोटे खरीदारों की चिंताओं को बड़े समूहों के मुकाबले अलग नजरिए से देखने की जरूरत है। खुदरा खरीदार अपना निर्णय टाल सकता है या इसमें देर कर सकता है, लेकिन पारिवारिक कार्यालयों और हेज फंडों के लिए एक सुरक्षित ठिकाने का मतलब यह नहीं है कि वह क्षेत्र हमेशा पूरी तरह शांत या शोर से मुक्त हो।

ओझा ने यह भी कहा, ह्यइसका मतलब है कि शोर या अस्थिर माहौल में भौतिक रक्षा ढांचे और बैंकिंग तटस्थता से वित्तीय सुरक्षा का अहसास होता है। सप्ताहांत में यह देखा भी गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। गंगापुर के अकादमी द्वारा अंतरराष्ट्रीयमहिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण के विषय में खिलाड़ियों को बताया गया गंगापुर एकेडमी ब्लू बनाम गंगापुर एकेडमी बालिका के बीच सेवेन एसाईड मैच का आयोजन किया गया और दोनों टीमों ने शानदार खेल का मुशायरा पेश किया बालिकाओं



ने बालक वर्ग के साथ मैच खेलते हुए बराबरी का खेल दिखाए लगातार पूरे मैच में बालिका वर्ग को 7 पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन मात्र एक गोल अंजलि मौर्य ने किया बालक वर्ग की तरफसे जीयुत प्रसाद ने शानदार मैदानी गोल किया व दुसरा गोल हर्ष राजभर ने किया और दो एक से अपनी टीम को विजई बनाया गंगापुर हॉकी एकेडमी के सचिव अवधेश मौर्य व गंगापुर एकेडमी के संस्थापक अध्यक्ष स्व गुलाब प्रसाद मौर्य की धर्मपत्नी स्व सीता जी के निधन पर सभी खिलाड़ियों ने दो मीनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किए और अंतर्राष्ट्रीय वूमेन दिवस सबको समान अधिकार लैंगिक भिन्नता को समाप्त करने की बात कही गई कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार सिंह एडवोकेट पूर्व महामंत्री दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब वाराणसी ने किया तथा मु अंसार असारी लालबहादुर मौर्य व माता प्रसाद ने अम्पायरिंग की।

# आज के समय की नारी हर तरह से समर्थ एवं सक्षम है-डाक्टर सुनील सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव लॉ कॉलेज के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के निदेशक अमित कुमार रघुवंशी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया ' इसके बाद मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य को महाविद्यालय के छात्र कल्याण अधिकारी डॉ कृपा शंकर सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत एवं



अभिनंदन किया ' निदेशक अमित कुमार रघुवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी अबला नहीं है ' प्रत्येक परिस्थितियों का सामना करने में वे समर्थ है ' नारी की प्रगति के संबंध में उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में महिलाओं की सहभागिता पुरुषों से अधिक है, उन्होंने कहा कि नारी ने पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक की उड़ान भर ली है।21वीं सदी में नारी ने जीवन के हर एक क्षेत्र में अपनी शक्ति का पहचान बनाया है ' अपने अधिकारियों के प्रति जागरूक हुई है और अपने पूर्ण निष्ठा के साथ हर एक सामाजिक चुनौती को स्वीकार की है।सभा को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार सिंह जी ने कहा की नारी ने वैदिक एवं आदिकाल से लेकर अब तक बराबर की भूमिका निभाई है उन्होंने कहा कि आज के समय की नारी हर तरह से समर्थ एवं सक्षम है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं की परेशानियों को दूर करने के लिए कॉलेज स्तर पर उन्होंने एक महिला प्रकोष्ठ का गठन किया है जिसमें कॉलेज के छात्राओं की समस्याओं को जाकर उसका निदान हो सकेगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं उन्होंने अपने अभिव्यक्ति के माध्यम से नारी की महत्ता अधिकारों के बारे में बताया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक मनमोहक प्रदर्शनी लगाई, जो हस्त निर्मित थी और बहुत सुंदर एवं अच्छी थी। सभी लोगों ने बहुत छात्राओं द्वारा निर्मित कि हस्तकला की प्रशंसा की ' इस कार्यक्रम का संचालन सत्यदेव ला कॉलेज की विभाग अध्यक्ष डॉ समरीन फैज ने किया। उन्होंने बताया कि हमें नारियों का अपमान नहीं करना चाहिए क्योंकि उनके बल पर संसार चलता है '

इस कार्यक्रम में सत्यदेव लॉ कॉलेज एवं सत्यदेव डिग्री कॉलेज के महिला प्रवक्ता गण श्रीमती स्मिता सहाय, रश्मि सिंह,डॉ प्रगति मौर्य, नेहा यादव, प्रीति यादव,शाहीला परवीन एवं अन्य महिला स्टाफ को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।महाविद्यालय की स्वच्छता में सहयोग करने वाली शकुंतला एवं लक्ष्मी को भेट दी गयी।इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्रवक्ता गण शैलेंद्र जी, कमलेश कुमार, रविंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह यादव,दीपू गुप्ता ,विशाल बलवंत एवं अन्य प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# महिलाएं सशक्त होगी तो देश सशक्त होगा।

**दैनिक समाज जागरण**

वाराणसी। महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा वृहद कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन भी किया




गया । व्याख्यान के मुख्य वक्ता अंगद प्रसाद यादव ने कहा की 2026 की थीम है महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रेरित करना। जब महिलाएं सशक्त होगी तो देश सशक्त होगा। तभी 2047 में विकसित राष्ट्र की प्रधानमंत्री द्वारा जो विजन दिया गया है वह पूर्ण हो सकता है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अर्चना सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर होकर सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही है। आज के कार्यक्रम का संचालन डॉ अखिलानंद सिंह ने किया।

इस अवसर पर सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।विशेष शिविर की तैयारी को आज ही पूर्ण किया सेवा योजना के विशेष शिविर दिन रात का आयोजन 9 मार्च से 15 मार्च तक भीमचंडी धर्मशाला नंबर आठ में होगा।

# तेहरान में भीषण धमाके: इजरायल ने तेल डिपो को बनाया निशाना

पश्चिम एशिया में इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष और तेज हो गया है। ईरान की राजधानी तेहरान में रविार की रात एक तेल भंडारण इकाई पर हमला किया गया। इजरायल की सेना ने पुष्टि की कि उसने तेहरान में ईंधन भंडारण केंद्रों पर हमला किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध में पहली बार किसी असैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया है। इजरायल ने लेबनान में हमले तेज कर दिए हैं और साइप्रस से लेकर श्रीलंका के तटवर्ती जलक्षेत्र तक हमले होने की खबरें हैं। ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अपने पड़ोसी देशों पर मिसाइल एवं ड्रोन दागे हैं।

# नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे के प्रयास से वार्ड 3 और 8 में वाटर हेड टैंक को मिली स्वीकृति

**समाज जागरण**

जीपीएम/गौरेला। नगर में बढ़ते जल संकट को देखते हुए अब पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। नगरपालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे के प्रयास से नगर के वार्ड क्रमांक 03 और वार्ड क्रमांक 08 में दो नए वाटर हेड टैंक निर्माण की स्वीकृति मिली है। इन टंकियों के निर्माण पर कुल 64.41 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।



नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने बताया कि गर्मी के मौसम में गौरेला में हर साल जल संकट की स्थिति बन जाती है। नगर में मलनिया डेम से पानी की आपूर्ति तो होती है, लेकिन पर्याप्त वाटर हेड टैंक नहीं होने के कारण जल भंडारण में समस्या आती है। इसी समस्या को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग से नई पानी टंकियों के निर्माण की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित स्वीकृति प्रदान की है। वार्ड 03 और 08 में बनने वाली इन पानी टंकियों से जल भंडारण क्षमता बढ़ेगी और गर्मी के दिनों में लोगों को राहत मिलेगी। मुकेश दुबे ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इन टंकियों के बनने से नगर के कई इलाकों में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी।

# जुलाई 2024 से बंद पड़ी MPEB गैस सोसायटी का संचालन पुनः प्रारंभ।

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी चचाई**

वर्ष 2026 में अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई के विद्युत गृह में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों के लिए एक और खुशखबरी है कि विद्युत गृह के आवासीय परिसर स्थित MPEB गैस सोसायटी, जिसका संचालन जुलाई 2024 से बंद था, को नवीन संचालन समिति के पदाधिकारियों के लगभग 18 माह से भी अधिक के अनवरत प्रयासों के फलस्वरूप आखिरकार सफलता प्राप्त करते हुए, आज सुबह 11:00



अमरकंटक ताप विद्युत गृह के प्रमुख कार्यपालक निदेशक तनवीर अहमद के द्वारा शुभारम्भ कर, प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर विद्युत गृह में पदस्थ अन्य वरिष्ठ अधिकारी अधीक्षण अभियंता हरि राम नरवरिया, जितेंद्र सिंह, रुद्र शरण मिश्र वरिष्ठ रासायनज्ञ, कार्य पालन अभियंता राजेश डेहरिया सहित समिति के समस्त पदाधिकारी सदस्य, विद्युत गृह के कर्मचारीगण, चचाई के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। साथ ही अवसर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे ,पूर्व भाजपा जिला मंत्री श्रीमती ज्योति शर्मा की एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष राज कमल गुप्ता की उपस्थिति रही, जिससे महिला दिवस के अवसर पर इस शुभारम्भ को नारी शक्ति के आशीर्वाद के रूप में भी देखा जा रहा हैं ।

मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित चचाई के अध्यक्ष पीएल शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार हुमनेकर, श्रीमती सीता सिंह एवं कार्य समिति के सक्रिय सदस्य दिनेश पटेल, प्रशांत शर्मा, सत्येंद्र पाटकर, जयप्रकाश मरावी द्वारा इस समिति को पुनः संचालन योग्य बनाने में विशेष योगदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। गैस सोसायटी के पुनः संचालन के फलस्वरूप अब चचाई व अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ता के लिए एलपीजी गैस का वितरण दो से तीन दिनों में प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# आदिवासी बालक आश्रम बुढ़नपुर के समीप बन रही पानी की टंकी से दूर होगी जल समस्या, ग्रामीणों और छात्रों को मिलेगा लाभ

**समाज जागरण**

कोतमा बुरहानपुर क्षेत्र के आदिवासी बालक आश्रम के पास जल संकट के स्थाई समाधान के लिए पानी की टंकी का निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल आश्रम के छात्रों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा, बल्कि पूरे गांव की जल आपूर्ति व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। पानी टंकी के निर्माण से छात्रावास के बच्चों को भी होगी पीने के पानी की कमी मिलेगी राहत पिछले लंबे समय से आदिवासी बालक आश्रम के बच्चों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। आश्रम के ठीक बगल में बन रही इस विशाल पानी की टंकी से अब छात्रों को दैनिक कार्यों के लिए भरपूर पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



**छात्रावास परिसर के अंदर बने पंचायत भवन का हो रहा उपयोग**

निर्माण सामग्री सुरक्षित रखने हेतु निर्माण कार्य को गति देने के लिए आवश्यक निर्माण सामग्री को सुरक्षित रखने हेतु आश्रम परिसर के अंदर स्थित एक भवन का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह भवन ग्राम पंचायत के अधीन है और परिसर के भीतर स्थित है। निर्माण सामग्री को यहां रखने का मुख्य उद्देश्य कार्य में सुगमता लाना है।

**जनहित में सहयोग की अपील**

चूंकि यह पूरी परियोजना सार्वजनिक हित और गांव के विकास से जुड़ी है, इसलिए स्थानीय प्रशासन और समाजसेवियों का मानना है कि सामग्री भंडारण को लेकर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह निर्माण कार्य न केवल बच्चों के भविष्य के लिए जरूरी है, बल्कि पूरे गांव की प्यास बुझाने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगा। ग्रामीणों में इस नई पहल को लेकर उत्साह है और वे जल्द से जल्द काम पूरा होने की उम्मीद कर रहे हैं।

# क्षेत्रीय महाप्रबंधक के सांथ संयुक्त श्रम संघो की वार्ता विफल

**श्रम संघो ने 9 मार्च 26 से फूंका आन्दोलन का बिगुल**

**समाज जागरण धनपुरी**

संयुक्त श्रम संघो द्वारा क्षेत्रीय महाप्रबंधक को 23 फरवरी 26 छः सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से क्षेत्र में आन्दोलन करने संबंधी नोटिस दी गई थी।इसी संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा 7 मार्च 26 को संयुक्त श्रम के पदाधिकारियों की बैठक महाप्रबंधक सभागार में बुलायी गई थी।बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक द्वारा कहा गया कि आऊट सोर्सिंग में दिये जाने के कारण विभागीय कर्मचारियों के लिए क्षेत्र में कोई जमीन स्थान नहीं बचा है इसलिए रामपुर बटुरा , अमलाई धनपुरी ओसीएम से लगभग 400 कर्मचारियों एवं 79 वाचेन वार्ड कुल 479 कर्मचारियों एवं ओसीएम में उत्खनन कार्यों में लगे भारी मशीनों को सोहागपुर के अन्य क्षेत्रों में 31 मई तक स्थानांतरण किये जायेगें। जिसका सभी श्रम संघ पदाधिकारियों ने एक स्वर में प्रबंधन के इस मजदूर विरोधी निर्णय का कड़ा विरोध किया। क्षेत्रीय महा प्रबंधक ऐसे वक्तव्य दे रहे थे जैसे ठेकेदार के प्रवक्ता हों। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा एक वर्गमीटर ओ बी निकालने का लागत 80/- रुपए आता है और स्थायी कर्मचारी का 400/- उन्होने यह भी कहा कि दामिनी, राजेन्द्रा में भी सी एम मशीनों से कोयला उत्पादन पूरे तरह शुरू होने के बाद सितम्बर 26 तक राजेन्द्रा -- दामिनी से भी सोहागपुर क्षेत्र के बाहर लगभग 600 कर्म चारियों का स्थानांतरण किया जायेगा। इस प्रकार सोहागपुर क्षेत्र से यदि लगभग 1100 कर्मचारियों का स्थानांतरण क्षेत्र के बाहर अन्य क्षेत्रों हो जाना इस क्षेत्र के लिए इससे बड़ा कोई दुर्भाग्य नहीं हो सकता। प्रबंधन के इस मजदूर विरोधी कृत्य से जहां कर्मचारियों के सामने परेशानी होगी वहीं दूसरी ओर इस धनपुरी, बुढार क्षेत्र का ब्यापार, व्यवसाय भी चौपट हो जायेगा ।

प्रबंधन द्वारा 7 मार्च की बैठक में सकारात्मक पहल नहीं किये जाने के कारण 9 मार्च से पांचों केन्द्रीय श्रम संगठनों द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रथम चरण में क्रमिक भूंख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है उक्त क्रमिक भूंख हड़ताल प्रत्येक दिन शाम 5 बजे प्रारंभ होगा जिसमें पांच कर्मचारी बैठेंगे।

उक्त आन्दोलन को सफल बनाने के लिये संयुक्त श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र के संयुक्त श्रम संघो के सभी इकाई पदाधिकारियों, कर्मचारियों, इनमोसा, एससी-एसटी, ओबीसी , सी एम ओ आई के पदाधिकारियों एवं ठेका मजदूरों से प्रत्येक दिन आन्दोलन स्थल महाप्रबंधक कार्या लय के सामने भारी पहुंच कर आन्दोलन को सफल बनाने की अपील की गई है। यह आन्दोलन सोहागपुर क्षेत्र के भविष्य के दिशा एवं दशा का निर्धारण करेगा।

# सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओसीएम में हर के साथ मारपीट, एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी

**आरकेटीसी कंपनी ने 8 कर्मचारियों नोटिस जारी कर किया बर्खास्त**

**समाज जागरण**

अमलाई। सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओपन कास्ट खदान में कार्यरत ठेका कंपनी आरकेटीसी (आरकेटीसी) के hr के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। घटना 14 फरवरी की बताई जा रही है, जब कंपनी के ँ१ निलेश पाण्डेय सबेरिया कार्यालय में कर्मचारियों की हाजिरी बनाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर दी और उन्हें एस-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद कंपनी प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाते हुए 15 फरवरी को नोटिस जारी कर मारपीट में शामिल आठ कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह पूरा मामला धनपुरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है

**ओबी हटाने का कार्य कर रही है आरकेटीसी कंपनी**

जानकारी के अनुसर, सोहागपुर एसइसीएल क्षेत्र के अमलाई ओसी एम में इन दिनों ओवर बर्डन (ओबी) हटाने का कार्य ठेका कंपनी आरकेर्टसी द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में बड़ी संख्या में स्थानीय मजदूर और कर्मचारी लगे हुए हैं। कंपनी के निलेश पाण्डेय कर्मचारियों की उपस्थिति और प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हैं। 14 फरवरी की सुबह वे सबरिया स्थित कार्यालय में कर्मचारियों की हाजिरी बनाने और कार्य व्यवस्था देखने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ कर्मचारियों ने उनसे किसी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया।

**विवाद ने लिया हिंसक रूप**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले कर्मचारियों और ँ१ के बीच तीखी चहरा हुई। देखते ही देखते यह बिबाद इतना बढ़ गया कि कुछ कर्मचारियों ने निलेश पाण्डेय के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह बीच -बचाव कर स्थिति को शांत कराया। लेकिन इस घटना से कार्यालय परिसर में अफरा-तफरीका माहौल बन गया।

**एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की दी धमकी**

घटना के दौरान आरोपित कर्मचारियों द्वार निलेश पाण्डेय को एससी-एसटी एक्ट में झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने की भी बात सामने आई है। इस धमकी के बाद मामला और अधिक गंभीर हो गया। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की हिंसा और धमकी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कंपनी ने जारी किया नोटिस**

घटना के अगले ही दिन पानी 15 फरवरी को आरकेटीसो कंपनी प्रबंधन ने जांच के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल आत कर्मचारियों को नोटिस जारी किया। नोटिस में स्पष्ट किया गया कि कंपनी के अनुशासन और कार्यस्थल की गरिमा को बनाए रखना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के साथ हिंसा या अभद्रता गंभीर अपराध है।

**8 कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता**

प्रबंधन द्वारा जारी आदेश में नारपीट और अनुशासनहीनता में शानिल पाए गए आठ कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से निष्कासित कर दिया गया। कंपनी के इस फैसले से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा और अनुशासन बनए रखने के लिए यह कदम आवश्यक था।

**धनपुरी थाना क्षेत्र का मामला**

यह पूरी घटना धनपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आती है। सूत्रों के अनुसार मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी दी गई है। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन यदि किसी पक्ष की ओर से शिकायत दर्ज कराई जाती है तो पुलिस जांच की कार्वाई आगे बढ़ा सकती है।

**कंपनी प्रबंधन ने दी सख्त चेतावनी**

आरकेटीसी कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कार्यस्थल पर अनुशासन बनाए रखने और कंपनी के नियमों का पालन करने की अपील की है।

प्रबंधन का कहना है कि कांपनी में काम करने बाले सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। किसी भी कर्मचारी वा अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार होने पर कठोर कार्रवई की जाएगी।

**क्षेत्र में बना चर्चा का विषय**

अमलाई ओसीएम में हुई इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में यह मामला चचर्चा का विषय बन गया है। श्रमिक संगठनों और स्थानीय लोगों के बीच भी इस घटना को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रह हैं।कुछ लोगों का कहना है कि कार्यस्थल पर विवाद को बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए था, जबकि कंप्नी के इस फैसले को कई लोग अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी कदम मन रहे हैं।

**अनुशासन बनाए रखने पर जोर**

विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच बेहतर संपाद और आपसी सम्मान बेहद जरूरी है। इससे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है फिलहाल कंपनी द्वारा की गई कार्रवाई के बाद अमलाई ओसीएम में कामकाज सामन्य रूप से जारी है, लेकिन गह मटना कार्यस्थल पर अनुशासन और सुरवा को लेकर एक बड़ा सवाल जरूर खड़े करता है।

# नगर पालिका बिजुरी अध्यक्ष सहबीन पनिका के निवास पर उमड़ा रंगों का सैलाब

## रंग-गुलाल और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बिजुरी। सनातन धर्म के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबीन पनिका के निज निवास माइनस कॉलोनी में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सौहार्द और खुशियों के रंग उस समय और गहरे हो गए जब प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने समारोह में शिरकत की।




**रंग-गुलाल के साथ साझा की खुशियाँ**

शनिवार दोपहर आयोजित इस मिलन समारोह में नगर के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। अतिथि के रूप में पहुँचे मंत्री दिलीप जायसवाल का अध्यक्ष सहबीन पनिका व उनके परिजनों ने आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री जायसवाल ने उपस्थित जनों को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भेदभाव को मिटाकर प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश देता है।

**सांस्कृतिक और सौहार्दपूर्ण रहा माहौल**

कार्यक्रम स्थल माइनस कॉलोनी स्थित शनि मंदिर के पास का वातावरण पूरी तरह फागुनी रंगों में डूबा नजर आया। फूलों की वर्षा और गुलाल की महक के बीच स्थानीय नागरिकों ने एक-दूसरे को गले लगकर बधाई दी।अध्यक्ष सहबीन पनिका ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि दिलों को जोड़ने का उत्सव है। आज परिवार के साथ खुशियाँ साझा कर मन हर्षित है।

**प्रमुख जन रहे उपस्थित**

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों के पार्षद, स्थानीय नेता, समाजसेवी और बड़ी संख्या में मातृशक्ति प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए स्वल्पाहार और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

# माहेश्वरी समाज ने महिला दिवस पर आयोजित किया होली मिलन समारोह सभी ने मिलकर किया खूब मस्ती

**समाज जागरण**

अनूपपुर (ब्यूरो)संभाग स्तरीय माहेश्वरी समाज का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन महिला दिवस पर होटल लेवल वन में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के शहडोल,बुढार,अमलाई,चचाई,धनपुरी, अनूपपुर,जैतहरी के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।इस समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं एवं पुरुष ने जमकर होली सॉन्ग पर डांस किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्लन के साथ समाज के वरिष्ठ आदेश खटोड़ ने हनुमान चालीसा के साथ की। होली की पूरी मस्ती के साथ महिला एवं पुरुष सभी ने अपनी-अपनी बातें कही।डांस किया एवं गाना गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।साथ ही सभी ने मिलकर काफी मस्ती की



जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम के शुभारंभ में गरमा-गरम नाश्ता की विशेष व्यवस्था की गई थी।तत्पश्चात तमाम तरह के गेम्स का आयोजन किया गया।जिसमें तंबोला आदि गेम खिलाया गया।जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं समाज के वरिष्ठ एम.एल.मंत्री ने पुरस्कृत लोगों को पुरस्कार प्रदान किया।कार्यक्रम के मध्य में स्नेह भोज का आयोजन किया गया।सभी ने एक दूसरे को होली के त्यौहार की फूलों संग होली खेलते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शहडोल संभाग के सभी स्थानों से माहेश्वरी समाज के लोगों ने शिरकत की एवं खुशी का इजहार किया और इसी तरह हमेशा मिलते रहने का वादा भी किया।माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ एम.एल.मंत्री.कमल मूंदड़ा,अरुण बियानी, सुनील मंत्री,संगीता साबू,संध्या बियानी,पवन मूंदड़ा, मंजुला मूंदड़ा,दीपा पच्चीसिया,जय किशन बियानी,संगीता मूंदड़ा,सुनीता मूंदड़ा,कृति खटोड़ लता मूंदड़ा,सरला मूंदड़ा एवं श्याम बियानी ने समाज के उत्थान के लिए अपनी-अपनी बातें कही एवं सभी को होली एवं महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। राजस्थानी गीत संध्या बियानी एवं शशि काबरा ने संयुक्त रूप से गाकर शमा ही बांध दी। माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष सुनील मंत्री ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का समापन चाय के साथ किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने होली के पारंपरिक गीत और धमाल प्रस्तुत किए, जिससे सांस्कृतिक छटा देखने को मिली।समाजजनों को होली की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और इसे आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। समारोह में पूरे संभाग के माहेश्वरी बंधुओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# खुटार चौकी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का आरोप, पीड़ित ने पुलिसकर्मियों पर संरक्षण देने का लगाया गंभीर आरोप

**समाज जागरण**

सिंगरौली। जिले के खुटार चौकी क्षेत्र के ग्राम हरैया में सुखरा नदी से कथित रूप से हो रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। मामले में एक पीड़ित ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन खुलेआम किया जा रहा है और इसका संचालन पुलिस संरक्षण में होने का दावा किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि यह पूरा अवैध उत्खनन खुटार चौकी प्रभारी , क्षेत्र के बीट प्रभारी राय तथा चौकी के कारखास यादव के संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। आरोपों के मुताबिक क्षेत्र में एक संगठित वसूली तंत्र भी सक्रिय है, जो जमीन स्तर पर काम करते हुए अवैध गतिविधियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है। ग्रामीण का कहना है कि ग्राम हरैया के पास सुखरा नदी से लगातार अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्हें डराने-धमकाने और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित पुलिसकर्मियों के पास आम जनता की शिकायत सुनने और उस पर कार्रवाई करने का समय नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार जब वे अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर चौकी पहुंचते हैं तो उन्हें अनदेखा कर दिया जाता है, जबकि रेत माफियाओं को कथित रूप से पूरा संरक्षण और समय दिया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़ित ने लिखित आवेदन तैयार कर जिले के विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों को भेजा है। आवेदन में पूरे प्रकरण की जांच कर अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच होती है तो क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन और कथित संरक्षण के पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

# पालीमें गरिमा मय मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**छात्राओं को स्वस्थ रहने दिया सेहत भरा संदेश**

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज देशभर में नारी शक्ति का सम्मान किया गया , इसी कड़ी में उमरिया जिले के पाली स्थित पीएम श्री कन्या शिक्षा परिसर में एक महिला सम्मान का भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ । 'सक्षम शक्ति संगठन' और 'भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में योग के माध्यम से छात्राओं को निरोगी काया और स्वावलंबन का पाठ पढ़ाया गया। विदित होवे की पीएम श्री कन्या शिक्षा परिसर पाली में कार्यक्रम का शुभारंभ मां बीणा वादिन सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाई गई।

कार्यक्रम के पहले चरण में योग प्रशिक्षक नेहा मिश्रा ने छात्राओं को विभिन्न आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुये ,,योग के जरिए छात्राओं को बताया कि एक स्वस्थ



बालिका ही एक स्वस्थ महिला बनकर स्वस्थ समाज की नींव रख सकती है, छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाते हुए स्वस्थ और निरोगी जीवन जीने का संकल्प लिया। सक्षम शक्ति संगठन की अध्यक्ष माधवी सिंह ने बेटियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। वहीं, मुख्य अतिथि चंद्रकला विश्वकर्मा और विशिष्ट अतिथि माननीय न्यायाधीश गोविंद पाल ने छात्राओं को कानूनी अधि कारों की जानकारी देते हुए बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक डी.के. सरस, चीफ केमिस्ट दिव्या तिवारी और प्राचार्य सरिता जैन ने भी अपने विचार रखे और बेटियों को शिक्षित होकर समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी मोनिका सिन्हा ने बतलाया की आज देश में महिलायें सजग और उत्साही कार्यों के लिए जानी जाती है, वह समाज में किसी से पीछे नहीं है बल्कि समाज का जो ताना बाना बना हुआ है उसमें महिलाओं की भूमिका सराहनीय बनी हुई है। आज महिलाये सक्षम होकर हर क्षेत्र में डांका बजा रही है, जरूरत है दृढ इच्छा और संकल्प की। ,भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की माधवी सिंह ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में विचार व्यक्त करते हुए कहा की आज की नारी को समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त हैं, कही पर भी नारी अपने आप को असहज, असहाय महसूस न करें, उनकी सुरक्षा के लिए संविधान में विशेष प्रावधान किये गए हैं । अब नारी किसी की पिछलग्गू और आश्रित नहीं रह गयी। वह अपना जीवन आत्म सम्मान के साथ जी सकती है।

# किशन का सुयश

**समाज जागरण**

अमलाई। नगर परिषद वार्ड क्रमांक 5 आमाटोला के निवासी छात्र किशन सोनी दिल्ली में रहकर इंटर तैयारी कर रहे थे और 2026 में इंटर एग्जाम



पास कर लिए हैं 2 साल उअ के अंडर में काम सीखेंगे और फिर फाइनल एग्जाम देंगे सीए इंटर पास करने की खुशी में किशन के परिवार इष्ट मित्र एवं क्षेत्रवासी में खुशी का माहौल है। सभी लोग गौरवान्वित हैं सभी लोग बधाई दे रहे हैं एवं अच्छे भविष्य की कामना करते हैं आगे भी किशन सोनी कड़ी मेहनत करके फाइनल एग्जाम मैं भी सफलता मिले। विदित हो कि किशन क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाइ राकेश सोनी के सुपुत्र हैं।

# पशु तस्कर बल्लू उर्फ अब्दुल रहमान को कोतमा पुलिस द्वारा सतना से किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण कोतमा**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना कोतमा के पशु तस्करी एवं अवैध हथियार रखने के अपराध में लम्बे समय से फराड्ड चल रहे पशु तस्करी के सरगना बल्लू उर्फ अब्दुल रहमान को थाना कोतमा पुलिस टीम ने दिनांक 07.3.26 को सतना जिले से गिरफ्तार किया है। दिनांक 31.01.2026 को मुखबिर सूचना पर कोतमा हाईवे जंगल चौकी के पास से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन एक्स 5617 में परिवहन किये जा रहे 22 नग मवेशी भैंस पड़ा जप्त किये गये थे तथा उक्त ट्रक से ही 315 बोर का एक देशी कट्टा तथा 02 नग जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया था । उक्त प्रकरण में आरोपी उमेश केवट पिता स्व. दीनदयाल केवट निवासी पुरानी बस्ती कोतमा एवं अंकित द्विवेदी पिता रमेश कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम झाली थाना कोठी जिला सतना (म.प्र.) , एवं वाहन मालिक संजय पटेल उर्फ प्रभु दयाल पटेला गढिया टोला सतना को गिरफ्तार किया जा चुका है । इसी अपराध में लम्बे समय से फरार चल रहे पशु तस्करी के सरगना बल्लू उर्फ अब्दुल रहमान निवासी मवेशी बाजार कोतमा मूल निवासी ग्राम उमरपुर थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) को कल दिनांक 07.3.26 को जिला सतना से गिरफ्तार किया गया है । आरोपी बल्लू उर्फ अब्दुल रहमान के विरूध्द थाना कोतमा एवं अन्य थानों तथा शहडोल जिले में कुल 11 अपराध पशु तस्करी संबंधी तथा अन्य धाराओं के पंजीबध्द हैं । साथ ही उक्त अपराधी का जिला बदर का प्रकरण भी प्रचलन में है । उक्त कार्र्रवाही में निरी. रत्नाम्बर शुक्ल थाना प्रभारी कोतमा के साथ सउनि सुखीनंद यादव , प्र0आर0 दिनेश राठौर , आर. स्वदेश सिंह , आर. जितेन्द्र मंडलोई , प्र.आर. राजेन्द्र अहिरवार (सायबर सेल) एवं नगर रक्षा समिति सदस्य नीरज सोनी की महत्वपूर्ण भुमिका रही ।

# थाईलैंड में होली-सोंगक्रान फिएस्टा 2026 की धूम

**समाज जागरण**

विदेश की धरती पर जब अपने त्योहार का रंग बिखरता है तो दिल अपने आप भारत को महसूस करने लगता हैं सैकड़ों मेहमानों (थाई, भारतीय और प्रवासी ) ने 8 मार्च (सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक) बैंकॉक में आई टी सी सी में आयोजित होली-सोंगक्रान फिएस्टा 2026 का भरपूर आनंद लिया जिसमे मुख अतिथि डॉ पूजा त्रिपाठी जज श्री मानवेंद्र सिंह भारतीय दूतावास से प्रतिनिधि श्री फूदीत फुमसुवान सिनियर प्रेसिडेंट मितारे इन्सोरेंस पब्लिक कंपनी लिमिटेड गुरु जी श्री अर्नव आध्यात्मिक गुरु श्री के सी अग्रवाल प्रेसिडेंट इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन डॉ मनो लाओवानिच पूर्व डायरेक्टर गाधी इंस्टिट्यूट एस के एम के डॉ संजय कुमार और पूरी टीम के साथ क्योंकि पहली बार महिला दिवस पर आपके लिए अंतर्राष्ट्रीय होली सोंगक्रान फिएस्टा 2026 की जीवंत झलकियाँ लेकर आए हैं, जहाँ थाई और भारतीय संस्कृतियाँ एकता और आनंद के रंगीन उत्सव में शामिल हुवे जीवंत नृत्य प्रदर्शनों, पारंपरिक अनुष्ठानों और रंगों और पानी की खुशी से भरी बौछारों के साथ उत्साह मनाया गया उक्त जानकारी ज़िम्मी मिश्रा द्वारा दी गई

# अनपरा में श्री महावीर शोभायात्रा की तैयारियां तेज, नगर हुआ भगवामय

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र, समाज जागरण**



सोनभद्र। अनपरा कालोनी में आगामी 10 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली भव्य श्री महावीर शोभायात्रा को लेकर उत्साह का माहौल है क्षेत्रीय समिति अनपरा कालोनी की टीम के द्वारा पुरे कालोनी मे भगवा रंग पतंगी व झंडे लगाए जा रहे हैं समिति के अध्यक्ष सुजीत सोनी एवं सचिव प्रशांत उपाध्याय ने टोली बनाकर इस कार्य को सुचारु रूप से कराने मे दिन रात लगे हुए हैं समिति के द्वारा लगभग 300 झंडे कालोनी वासियों मे बाँटे जायेंगे जिन्हे वे अपने अपने घरों मे लगाएंगे शिव मंदिर अनपरा कालोनी मे प्रातः 09:00 बजे 10 तारीख विधि पूर्वक हनुमान जी की पूजा अर्चना के पश्चात शोभायात्रा भ्रमण पर निकलेगी और बाजार मे जाकर केंद्रीय टीम मे मिल जाएगी । शोभायात्रा को सुव्यवस्थित और भव्य रूप देने मे झांकी, यात्रा मे शामिल भक्तों के लिए शरबत पानी की भी समुचित व्यवस्था की गयी है अनपरा कालोनी की क्षेत्रीय समिति से संरक्षक विष्णु देव झा एवं विकास जायसवाल तथा समिति के पदाधिकारी मिथलेश राय, मनीष मिश्रा, धीरेंद्र चौबे विवेक सिंह, पंकज केसरी, सुरेश कुमार प्रजापति, डी. एन. द्विवेदी, अविनाश सिंह, सुभाष कुमार, इंद्रदेव, यश जाय सवाल, दिनेश सिंह, कुशाग्र मिश्रा, बिंदेश सिंह, भैया विवेक सिंह, ऋषिकेश द्विवेदी, गौरव कालरा, अमरकांत तिवारी, ज्ञानेंद्र

पटेल, विजय चौरसिया इत्यादि उपस्थित रहे यह शोभायात्रा अनपरा कालोनी की एकता और भक्ति का प्रतीक है। इस वर्ष भी इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी समिति संकल्पित है समस्त महावीर शोभायात्रा समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाएं।

# 11 हजार के लटकते विद्युत तार, मौत को दे रहे दावत, बड़े हादसा की आशंका, संबंधित मौन

## ग्रामीणों के लिखित, मौखिक सूचना देने के बावजूद, नहीं हुई कोई कार्रवाई

**समाज जागरण ब्यूरो**



गुरमा/ सोनभद्र। राबट्र्सगंज विकास खण्ड क्षेत्र के पईका ग्रामसभा बस्ती से खेत से सटा 11 हजार के विद्युत प्रवाहित तार एक पोल से दूसरे पोल की दूरी अधिक होने के कारण जगह-जगह लटक रहे है। 11हजार के प्रवाहित विद्युत तारों से ग्रामीणों के खेत खलिहान, पशुओं, टैक्टरो, वाहनों समेत आम जनमानस के लिए काफी खतरा बना हुआ है, जबकि इस सम्बंध में किसानों ने बिजली विभाग के सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से दर्जनों बार अवगत करवाया जा चुका है, बावजूद इसके भी आज तक कोई पहल नहीं किया गया है जो कभी भी, किसी बड़े दुर्घटना से कदापि इंकार भी नहीं किया जा सकता।इसके पूर्व भी तेज हवाओं तूफानो के चलते तारो के टकराने से भी चिंगारियां निकलने से खेत खलिहानों में आग लगने से भी काफी क्षति होती रहती हैं।इसके बावजूद विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मूकदर्शक, निष्क्रिय बने, हाथ में हाथ धरे, चैन की बंशी बजाने में मशगूल हैं। विभागीय उदासीनता से जनमानस में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बंध में रमेश मिश्रा, विजेन्द्र मिश्रा, रामकरन, दिनेश केशरी, अनिल केशरी, दीनदयाल, राम कृपाल, सुधाकर सिंह, संतोष कुमार, राजेश इत्यादि ग्रामीणों ने सम्बंधित विभागीय उच्चाधिकारियो से अविलंब ही जांच करवा कर उचित कार्रवाई करवाई जाने की मांग की है, जो जनहित में है।

# मीनाबाजार समेत आसपास के इलाकों में स्वच्छ पेयजल को लेकर अभी से ही त्राहि-त्राहि मचना प्रारंभ

## "हर घर नल योजना" के तहत विभिन्न टोला में पाइपलाइन से पेयजलआपूर्ति किए जाने की ग्रामीणों ने की मांग

**समाज जागरण ब्यूरो**



गुरमा/ सोनभद्र। सदर विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत के मीना बाजार समेत आसपास के इलाकों में स्वच्छ पेयजल को लेकर अभी से ही त्राहि-त्राहि मचना प्रारंभ हो गया है। मार्च महीना प्रारंभ होते ही लोगों को गर्मी का एहसास होना प्रारंभ हो गया है। जीव-जंतु, पेड़-पौधों, दानव -मानव सभी को पानी की सख्त आवश्यकता आ पड़ी है। वहीं दूसरी तरफ नदी-नाले, ताल-तलैया, पोखरे -तालाब, हैंडपंप, कुंआ इत्यादि पेयजल के संसाधनों का जलस्तर धीरे-धीरे अभी से ही नीचे भूगर्भ में जाना प्रारंभ हो गया है। कड़ी मेहनत मशक्कत के पश्चात के लोगों को पेयजल मुहैया हो पा रहा है।ग्रामीणों की बातों पर गौर करें तो "हर घर नल योजना" के तहत मारकुंडी ग्राम पंचायत के विभिन्न टोला में जलापूर्ति हेतु पाइपलाइन बिछाया गया है तथा कुछ दिनों तक दिनों तक पानी आपूर्ति सुचारू ढंग से होती रही लेकिन पता नहीं किन कारणों से पानी की आपूर्ति ठप कर दी गई है।इससे और भी लोगों को पानी की संकट से जूझना पड़ रहा है। बताते हैं कि मारकुंडी मुख्यमार्ग समेत आसपास के इलाकों में हर घर, जल नल योजना के तहत पानी की आपूर्ति की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ मीनाबाजार समेत आसपास के इलाकों में भेदभाव, उपेक्षात्मक, मनमानापूर्ण रवैया अपनाते हुए पानी की सप्लाई प्रारंभ नहीं की जा रही है। ग्रामीण इलाकों की ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते संबंधित विभाग के आलाअधिकारी शीघ्र ही पेयजल की आपूर्ति सुचारू ढंग से नहीं प्रारंभ करते हैं तो मजबूरन विवश होकर पानी के बर्तन, बाल्टी, लोटा, गैलन लेकर सड़क पर उतरकर चक्का जाम, आंदोलन करने को बाध्य होगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# थाना म्योरपुर की साइबर टीम ने आवेदक के साथ हुए फ्रॉड की ₹75,000/- की सम्पूर्ण धनराशि कराई वापस

**समाज जागरण ब्यूरो**



सोनभद्र। आवेदक बच्चा लाल बंजारा पुत्र केशुराम निवासी ग्राम खेड़ा बांगरडे थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 26.02 .2026 को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा ₹75,000/- की धनराशि का फ्रॉड कर लिया गया था। इस संबंध में आवेदक द्वारा तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल (cyber crim e.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करायी गयी थी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष म्योरपुर रामदरश राम के कुशल नेतृत्व में थाना म्योरपुर की साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए NCRP पोर्टल का अवलोकन किया गया। साइबर टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करते हुए संबंधित बैंक खातों में फ्रॉड की धनराशि ₹ 75,000/- को होल्ड कराया गया तथा संबंधित बैंक शाखा से ई-मेल के माध्यम से पत्राचार कर उक्त धनराशि को सफलतापूर्वक आवेदक के मूल बैंक खाते में वापस कराया गया। अपनी धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा थाना म्योरपुर की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# बिजली के तार से शार्ट सर्किट, चाय पान के गुमटी में लगी आग, चार लोग घायल।

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के अम्मा टोला में बीती रात को बिजली के तार से हुई चाय पान के गुमती में शॉर्ट सर्किट के कारण सिलेंडर में लगी आग, सिलेंडर हुआ ब्लास्ट, जिसमें कुल चार घायलों में एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर, और तीन लोगों को हल्का फुल्का चोट आई। मिली जानकारी के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के अम्मा टोला में स्थित चाय पान की गुमती में बीते शनिवार की रात को लगभग डेढ़ बजे बिजली के तार से हुई शार्ट सर्किट होने पर गुमती में रखा हुआ सिलेंडर में आग लग गई और धू धू कर आग जलते हुए सिलेंडर ब्लास्ट हो गया जिसमें कमलापति केवट उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र शिवशंकर, शुभम उम्र लगभग 12 वर्ष पुत्र राम प्रसाद, शम्भावती उम्र लगभग 48 वर्ष पत्नी राम प्रसाद, बसंत उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र रामबली कुल चार लोग घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 नम्बर पुलिस व ऐम्बुलेंस को सूचना दी गई वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से सभी घायलों को ऐम्बुलेंस से चोपन अस्पताल भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने कमलापति केवट की स्थिति नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं बचे तीन घायलों को उपचार के उपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया वापस घर चलें गए जो रिश्ते में भाई पटीदार है।

# ओबरा योग भवन में नारी शक्ति का उत्सव, धूमधाम से मनाया गया महिला सशक्तिकरण दिवस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



ओबरा/ सोनभद्र। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज 8 मार्च 2026 को स्थानीय 'योग भवन चिल्ड्रन पार्क' में महिला सशक्तिकरण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में अपनी सशक्त उपस्थिति का संदेश दिया।यह पूरा कार्यक्रम ममता श्रीवास्तव (जिला प्रभारी) एवं पूनम जी (संगठन मंत्री) के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और नारी शक्ति को समर्पित प्रेरणागीतों के साथ हुई। समारोह के दौरान वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य बिंदुओं में शामिल रहे। जिला प्रभारी ममता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। संगठन मंत्री पूनम जी ने महिलाओं को एकजुट होने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने बताया कि किस तरह संगठन महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहता है। योग भवन में आयोजित होने के कारण, कार्यक्रम में महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर भी चर्चा की गई। चिल्ड्रन पार्क का परिसर महिलाओं के उत्साह से सराबोर रहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को महिला दिवस की बधाई दी और समाज में बराबरी का हक पाने का संकल्प लिया।ओबरा में

आयोजित यह कार्यक्रम न केवल उत्सव का प्रतीक रहा, बल्कि महिलाओं के सम्मान और उनकी प्रगति के संकल्प को दोहराने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# नियमित, संयमित व सर्वोत्तम योग साधकों को किया गया सम्मानित

## पतंजलि योग परिवार सोनभद्र, रॉबर्ट्सगंज इकाई ने किया आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो**




सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र, रॉबर्ट्सगंज इकाई के प्रमुख मार्ग दर्शक, संरक्षक, संयोजक, पदाधिकारीयों द्वारा रविवार को नियमित, संयमित व सर्वोत्तम योग साधकों को सम्मानित किया गया।
बता दें कि 2 दिसंबर 2025 को सर्वसम्मत से सूचित किया गया था कि जो भी योग साधक 5 दिसंबर 2025 से 5 मार्च 2026 तक नियमित योग कक्षा में उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे, उन्हें संस्था की तरफ से उपहार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उसी के क्रम में सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के नियमित योग कक्षा में प्रमुख मार्ग दर्शक रमेश राम पाठक, पतंजलि किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव द्वारा योग कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले क्रमशः चंद्र बहादुर सिंह, नागेंद्र नाथ चौबे व राजू प्रसाद सोनी को श्रद्धेय परम पूज्य स्वामी बाबा रामदेव जी द्वारा प्राप्त कराई गई टी-शर्ट व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।
प्रमुख मार्गदर्शक रमेश राम पाठक द्वारा कहा गया कि इस तरह के कार्यक्रम बीच-बीच में निरंतर करते रहने से योग कक्षा तथा योग साधकों में उत्साह बना रहता है।
तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम पुनः 9 मार्च से 20 जून तक चलता रहेगा 21 जून विश्व योग दिवस पर किसी भी योग कक्षा के योग साधक द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने पर सम्मानित किया जाएगा।
इस मौके पर प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेश चंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रूप नारायण सिंह, आशीष शर्मा, कमलेश प्रसाद कुशवाहा समेत काफी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।

# 2026 की जनगणना में आदिवासी धर्म कॉलम शामिल करने की मांग तेज

## 10 मार्च को लखनऊ ईको गार्डन में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम का होगा आगाज

**समाज जागरण**
**समाज जागरण ब्यूरो**



सोनभद्र। वर्ष 2026 में प्रस्तावित जनगणना में आदिवासी धर्म के लिए अलग कॉलम शामिल किए जाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों और रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान द्वारा 10 मार्च को लखनऊ के ईको गार्डन में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग भाग लेंगे।
उल्लेखनीय है कि भारत में जनगणना की शुरूआत वर्ष 1871 से हुई थी। 1871 से 1951 तक की जन गणनाओं में आदिवासी समुदाय के लिए अलग धर्म कॉलम की व्यवस्था थी, जिससे उनकी विशिष्ट धार्मिक पहचान दर्ज होती थी। लेकिन 1961 की जनगणना से यह कॉलम हटा दिया गया। इसके बाद से आदिवासी समाज की अलग धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को जनगणना में दर्ज करने की व्यवस्था समाप्त हो गई, जिससे उनकी पहचान और अस्तित्व के सामने चुनौती उत्पन्न हो रही है। आदिवासी समाज का मानना है कि उनकी अपनी विशिष्ट आस्था, परंपराएँ और जीवन पद्धति है, जिसे किसी अन्य धर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इसलिए जनगणना में अलग ॠआदिवासी धर्म कॉलमॠ का प्रावधान किया जाना आवश्यक है, ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या और पहचान का सही आकलन हो सके। इसी मांग को लेकर 10 मार्च को लखनऊ में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया और आदिवासी समाज के लोगों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में पिंटू आदिवासी, इं. राम कृष्ण बैगा, प्रधान योगेन्द्र गोंड, द्वारिका प्रसाद गोड़ तथा कोड़ियां के रविशंकर गोड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजकों ने सभी जनपदवासियों और आदिवासी समाज के लोगों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूत बनाएं और कार्यक्रम को सफल करें।

# चकबंदी विभाग के हीलाहवाली एवं लापरवाही का नतीजा :- कई खातों में शामिल सहखातेदारों को एक नया खाता बनाकर पुन: बना दिया गया सहखातेदार

## लेखपाल एवं कानूनगो ने नहीं किया खातों का विभाजन, झाड़ा अपने अधिकार से पल्ला, किसानों में जबरदस्त आक्रोश

### न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सोनभद्र को किसानों ने सौंपा शिकायती पत्र, लगायी न्याय की गुहार

**समाज जागरण ब्यूरो**



गुरमा/ सोनभद्र। रावट्र्सगंज तहसील के ग्राम कम्हरियां,परगना अगोरी ,जिला सोनभद्र के चकबंदी समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं कृषको को ग्राम कम्हरियां का नई खतौनी (जोत चकबंदी आकार पत्र 11) तैयार कर बीते दिनांक 24 फरवरी 2026 को समय तकरीबन 11 बजे चकबंदी कर्ता कार्यालय, सहायक चकबंदी अधिकारी राबट्र्सगंज (द्वितीय) सोनभद्र के आदेशानुसार ग्राम पंचायत केवटा स्थित पंचायत भवन पर पढ़कर सुनाते हुए किसानों को अपने-अपने खातों का सत्यापन करवाया गया। सबसे मजेदार एवं आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि ग्राम कम्हरिया में चकबंदी विभाग के हीला हवाली एवं लापरवाही का नतीजा है कि कई खातों में शामिल सहखातेदारों को पुनः एक नया खाता बनाकर पुनः सहखातेदार बना दिया गया है जबकि सहखातेदारों का कहना है कि चकबंदी विभाग के संबंधित लेखपाल एवं कानूनगो के घोर हिलाहवाली एवं लापरवाही का नतीजा है कि सहखातेदारों का खातों का विभाजन नहीं किया गया है और उन्हें एक नया खाता बनाकर पुनः सहखातेदार बनाते हुए अपना पल्ला झाड़ लिए है।इससे किसानों में तीव्र आक्रोश देखने को मिल रहा है।

इस संबंध में न्यायालय श्रीमान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सोनभद्र को प्रेषित शिकायती पत्र में किसान कमला प्रसाद पुत्र स्व.जवाहिर लाल निवासी ग्राम महुआवं खुर्द, लालजी पुत्र रामप्यारे निवासी ग्राम केवटा, विनोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व.ओमप्रकाश निवासी केवटा व हालपता वार्ड नंबर 9गुरमा मारकुंडी समेत कुल 35 किसानों ने अपील अं० धारा-11 (1) उ० प्र० जोत चक० अधिकारी अधिनियम विरूद्ध निर्णय व आदेश न्यायालय चकबन्दी रावट्र्सगंज, जनपद -सोनभद्र, वादसंख्या- 2025 5416 6663 011645,अं० धारा-9क (2) उ० प्र० जोत चक० अधिनियम, सरकार बनाम लालमनि आदि, ता०फै0-15.12.2025 ई० बाबत मौजा कम्हरिया,रावट्र्सगंज,परगना अगोरी, तहसील-जनपद- सोनभद्र करने रद्द वअन्य आधारों पर अपील के आधार यह है कि अवर न्यायालय द्वारा पारित प्रश्नगत निर्णय/आदेश सरासर गलत, खिलाफ कानून व असल तथ्यों के विपरीत होने के कारण खण्डित किये जाने योग्य है। मौजा कम्हरिया, परगना-अगोरी, तहसील- रावट्र्सगंज, जनपद-सोनभद्र की आधार वर्ष खतौनी खाता संख्या-37, 38 व 40 में अंकित आराजियात के संक्रमणीय भूमिधर मालिक व काबिज दाखिल अन्य खातेदारों/उत्तरदातागण के साथ हम अपीलकर्तागण हैं और सभी खातेदार अपने-अपने अंश पर काबिज दाखिल चले आ रहे हैं। दौरान चकबन्दी कार्यवाही मौजे में पड़ताल के समय मौके पर खातेदारों द्वारा अंश को बताया गया, जिसके अनुसार जोत चकबन्दी आकार पत्र-5 में खातेदारों के अंश का विवाद भी बनाया गया,किन्तु अवर न्यायालय ने प्रश्नगत निर्णय/आदेश द्वारा खातेदारो के अंश का विभाजन नही किया गया,बल्कि खाते की सम्पूर्ण भूमि को बिना विभाजन के ही संयुक्त खाता कर दिया गया। अवर न्यायालय के समक्ष ग्राम में सुनवाई के समय हम अपीलकर्तागण अपने अंश के बावत बयान किया था और यथा सम्भव साक्ष्य भी प्रस्तुत किया था,किन्तु अवर न्यायालय ने प्रश्नगत निर्णय/आदेश पारित करने के पूर्व हमारे द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का कोई अवलोकन नही किया और मनमाने ढंग से प्रश्नगत निर्णय/आदेश पारित कर दिया गया, जो साक्ष्यों के विपरीत, अवर न्यायालय ने प्रश्नगत निर्णय/आदेश पारित करने के पूर्व अपने स्वस्थ्य न्यायिक मस्तिष्क का कत्तई प्रयोग नही किया और मनमाने ढंग से प्रश्नगत निर्णय/आदेश पारित किया है।अपीलकर्तागण कानून-कायदा से अनभिज्ञ गाँव-घर के कृषक व्यक्ति है।दिनांक-12.02.2026 को अपीलकर्तागण आधार वर्ष खतौनी खाता संख्या-37, 38 एवं 40 की सत्य प्रतिलिपि सहायक चकबन्दी अधिकारी कार्यालय से लिया तो खतौनी में प्रश्नगत आदेश का अमलदरामद देखकर अपील कर्तागण काफी हैरान हो गये।अपील प्रस्तुत करने में हम अपीलकर्तागण द्वारा जान-बुझकर हिला-हवाली या विलम्ब नही किया गया है, बल्कि वजह उपरोक्त के कारण ही नियत अवधि के अन्दर अपील नही योजित कर सके।अवर न्यायालय की पत्रावली तलब कर अपीलकर्तागण को भारतीय मियाद अधिनियम की दफा-5 का लाभ प्रदान कर देरी को क्षमा करके अवर न्यायालय द्वारा पारित प्रश्नगत निर्णय/आदेश दिनांक- 15.1 2.2

025 ई० खण्डित करके खाते का विभाजन पक्षों के अंश के अनुसार किये जाने की मांग की है ताकि किसानों के साथ न्याय हो सके।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना तथा उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम विभाग, गृह विभाग (पुलिस), बाल विकास विभाग तथा महिला कल्याण विभाग से चयनित 5-5 उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री जी का लखनऊ से सीधा सजीव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया। मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा तथा आत्म निर्भरता के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री जी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक भूपेश चौबे उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, जिला भाजपा महिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह, जिला भाजपा महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला त्रिपाठी तथा श्रीमती मीनू चौबे ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। सभी अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से चयनित महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार का सम्मान उन्हें समाज सेवा और अपने कार्यक्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, खंड शिक्षा अधिकारी राबट्र्सगंज महेंद्र कुमार मौर्य, सीडीपीओ शहर हरिमोहन तथा वन स्टॉप सेंटर की दीपिका सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश के साथ किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सौजन्य से रविवार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय कृत कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय नबीनगर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विषय "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा, खेल, कानून और चिकित्सा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं



के सम्मान और प्रोत्साहन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम" था।शिविर में औरंगाबाद से आए पैनल अधिवक्ता लाल मोहन सिंह ने कहा कि आज के दिन पूरे विश्व में महिला दिवस का आयोजन किया जाता है।साथ ही 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल, शिक्षा, कानून और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया जाता है।पैनल अधिवक्ता ने कहा कि दहेज एक सामाजिक बुराई है जिसे समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने कानून भी बनाया है।उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार दहेज लेना और देना दोनों अपराध है जिसके लिए सजा का प्रावधान किया गया है। मौके पर पारा विधिक स्वयं सेवक विनय कुमार,प्रधानाध्यापक सरोज कुमार,शिक्षक राजेश कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी,ज्योति कुमारी, नवीन कुमार सहित छात्राएं मौजूद थी।

# पटना में 15 वर्षीय किशोर लापता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव से 15 वर्षीय किशोर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। किशोर के



अचानक लापता होने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं और जल्द से जल्द उसके सकुशल मिलने की उम्मीद जता रहे हैं। लापता किशोर की पहचान रंजीत कुमार (15 वर्ष) के रूप में हुई है, जो भिखारी दास का पुत्र है। परिजनों के अनुसार रंजीत कुमार 6 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने आसपास के इलाके में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले को दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# पटना पुलिस ने किया 12 घंटे में लापता युवक को बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पचरुखिया थाना क्षेत्र से लापता एक युवक को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर दरभंगा से सकुशल बरामद कर लिया। युवक को नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे कथित नेटवर्किंग के जाल से मुक्त कराकर सुरक्षित थाना लाया गया। जहां पूछताछ के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचरुखिया थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी जितेंद्र प्रसाद का करीब 21 वर्षीय पुत्र उत्तम कुमार अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो शुक्रवार की रात विक्की कुमार ने पचरुखिया थाना में युवक के गुमशुदा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही



पचरुखिया पुलिस हरकत में आ गई और मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने युवक के मोबाइल फोन की लोकेशन और उसके संपर्कों की तकनीकी जांच शुरू की। साथ ही स्थानीय सूत्रों की मदद से युवक के बारे में सुराग जुटाया गया। तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई के आधार पर पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर युवक को दरभंगा से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे कथित नेटवर्किंग कंपनी के झांसे से मुक्त कराकर सुरक्षित थाना लाया। पूछताछ के बाद युवक को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। बेटे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पचरुखिया पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस संबंध में पचरुखिया थाना अध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि इस तरह के मामलों पर पुलिस की लगातार नजर बनी हुई है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि नौकरी या अधिक कमाई के लालच में किसी भी संदिग्ध नेटवर्किंग कंपनी के झांसे में न आएं। यदि ऐसी कोई गतिविधि सामने आती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# पटना पुलिस ने किया लाखों की विदेशी शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम ने पटना के फुलवारी शरीफ और बेऊर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। दोनों जगहों पर कार्रवाई निरीक्षक नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में की गई। हालांकि दोनों मामलों में तस्कर मौके से भागने में सफल रहे और किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पहली कार्रवाई 5 मार्च 2026 को फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के एम्स गोलम्बर के पास की गई। मद्य निषेध टीम ने छापेमारी के दौरान एक टाटा टियागो कार (रजिस्ट्रेशन नंबर JH05 WS824) से 900 पीस टेट्रापैक विदेशी शराब बरामद की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1,75,000 रुपये बताई गई है। छापेमारी के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दूसरी कार्रवाई 8 मार्च 2026 को बेऊर थाना क्षेत्र के जनक द्वार, हिंद नगर सिपारा में की गई। यहां एक ब्रेजा कार (नंबर BR01FH1381) से 687 बोतल विदेशी शराब बरामद



की गई। कुल बरामद शराब की मात्रा लगभग 156 लीटर बताई गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1,40,000 रुपये आंकी गई है। इस मामले में भी तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। दोनों मामलों को मिलाकर मद्य निषेध विभाग ने कुल 1487 पीस यानी करीब 300 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। बरामद शराब की कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,6 5,000 रुपये बताई गई है। छापेमारी टीम में मद्य निषेध निरीक्षक नरेन्द्र कुमार के अलावा एएसआई राकेश कुमार सिंह तथा सिपाही मनीष कुमार, विवेक, अमरेश और लाल चंद कुमार शामिल थे। मद्य निषेध विभाग ने दोनों मामलों में संबंधित थानों में केस दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

# पटना पुलिस ने किया सर कटी लाश कांड का खुलासा

## महिला समेत तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र में पिछले साल मार्च में मिली सर कटी लाश के सनसनीखेज मामले का पटना पुलिस ने करीब एक साल बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग से परेशान एक विवाहित महिला ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर महादेव साव की हत्या की साजिश रची थी। इस मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य अभियुक्त अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दिनांक 18 मार्च 2025 को परसा बाजार थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति की गला रेतकर हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी की निगरानी में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और आसूचना संकलन के आधार पर मृतक की पहचान जहानाबाद



जिले के नगर थाना क्षेत्र निवासी महादेव साव के रूप में की गई। महादेव साव की गुमशुदगी को लेकर पहले ही जहानाबाद नगर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। छानबीन में पता चला कि पुष्पा कुमारी नामक एक विवाहित महिला के अपने पति के अलावा चार लोगों से अवैध संबंध थे, जिनमें महादेव साव भी शामिल था। इसी दौरान महादेव को महिला के अन्य संबंधों की जानकारी हो गई। इसके बाद उसने महिला के साथ अश्लील वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करने लगा। ब्लैकमेलिंग से तंग आकर पुष्पा कुमारी ने महादेव साव को रास्ते से हटाने की साजिश रची। उसने अपने देवर आलोक और प्रेमी सनी के साथ मिलकर योजना बनाई और इस साजिश में एक अन्य प्रेमी को भी शामिल कर लिया। चारों ने मिलकर महादेव की गला रेतकर हत्या कर दी और पहचान छिपाने के लिए शव को परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुथवा इलाके में लाकर फेंक दिया था। अग्रतर अनुसंधान के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक सीएनजी टेंपो, मृतक का मोबाइल फोन सहित अन्य साक्ष्य भी बरामद किए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस इस मामले में फरार एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परसा बाजार थाना अध्यक्ष मेनका रानी भी मौजूद रहीं।

# एमएसडीई सबका साथ सबका विकास - लोगों की आकांक्षाओं को साकार करना विषय पर आयोजित बजट-पश्चात वेबिनार के दौरान स्किलिंग इन द केयर इकोसिस्टम पर एक सत्र को समन्वित करेगा

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) केंद्रीय बजट 2026-27 के बाद वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख विषयों पर आधारित बजट-पश्चात वेबिनार श्रृंखला के अंतर्गत भारत के देखभाल इकोसिस् टम को सुदृढ़ बनानाः 1.5 लाख बहुकुशल देखभाल कताओं का प्रशिक्षण विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन करेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय सबका साथ सबका विकास - जनता की आकांक्षाओं को साकार करना विषय पर आधारित इस पूरे दिन के वेबिनार का नेतृत्व और समन्वित करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 9 मार्च, 2026 को बजट-पश्चात वेबिनार 2026-27 को संबोधित करेंगे।

यह वेबिनार सभी हितधारकों के लिए एक सहयोगात्मक मंच के रूप में कार्य करने की उम्मीद है, जिससे वे बजट भाषण 2026-27 के पैरा-54 में उल्लिखित कार्यान्वयन रणनीतियों पर विचार-विमर्श कर सकें, जिसमें कहा गया हैः

वृद्धावस्था और संबद्ध देखभाल सेवाओं को सम्मिलित करते हुए एक मजबूत देखभाल इकोसिस्टम का निर्माण किया जाएगा। बहु-कुशल देखभाल करने वालों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार के एनएसक्यूएफ-संरेखित कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे, जिसमें मुख्य देखभाल और संबद्ध कौशल, जैसे कल्याण, योग और चिकित्सा और सहायक उपकरणों के संचालन को शामिल किया जाएगा। आने वाले वर्ष में, 1.5 लाख देखभाल करने वालों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

सत्र के दौरान चर्चा एक मजबूत देखभाल करने वाले कार्यबल को विकसित करने पर केंद्रित होगी जो भारत की बढ़ती घरेलू जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो, साथ ही देखभाल अर्थव्यवस्था में उभरते वैश्विक अवसरों का लाभ उठा सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में वृद्धावस्था और संबद्ध देखभाल सेवाओं का विस्तार करके और एनएसक्यूएफ-अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करके देखभाल तंत्र को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की घोषणा की गई है, जो कल्याण सहायता, योग और चिकित्सा और सहायक उपकरणों के संचालन सहित संबद्ध कौशल के साथ मुख्य देखभाल करने वाली दक्षताओं को जोड़ती है। इस पहल का उद्देश्य आने वाले वर्ष में 1.5 लाख देखभाल करने वालों को प्रशिक्षित करना है, जिससे भारत के स्वास्थ्य सेवा और संबद्ध देखभाल सहायता कार्यबल में वृद्धि होगी।

भारत का कौशल विकास तंत्र - राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद

(एनसीवीईटी), क्षेत्रीय कौशल परिषदों (एसएससी), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटी आई)/ राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और प्रधानमंत्री कौशल विकास

योजना (पीएमकेवीवाई), प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना ( पीएम-एनएपीएस) और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) जैसी प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण भागीदारों द्वारा समर्थित - कार्यबल की इन बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मजबूत किया जा रहा है। हजारों उम्मीदवारों को पहले ही वृद्धावस्था देखभालकर्ता, गृह स्वास्थ्य सहायक और सामान्य सहायक जैसी देखभाल संबंधी भूमिकाओं में प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिससे एक सुव्यवस्थित देखभाल कार्यबल की नींव रखी गई है। ब्रेकआउट सत्र भारत के देखभाल कार्यबल को मजबूत करने के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों, राज्य सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों के विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा। चचाओं में देखभाल करने वालों की योग्यता को मानकीकृत करने, प्रशिक्षक क्षमता और प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, देखभाल क्षेत्र में प्रशिक्षुता के अवसरों का विस्तार करने और कार्यबल की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने के लिए वैश्विक बेंचमार्क के साथ कौशल मानकों को संरेखित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वेबिनार के समापन सत्र के दौरान ब्रेकआउट चचाओं से उभरने वाली अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की जाएगी, जहां भाग लेने वाले मंत्रालयों/विभागों के केंद्रीय मंत्री प्रमुख सिफारिशों और बजट घोषणा के रणनीतिक कार्यान्वयन के लिए भविष्य की रूपरेखा तैयार करेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री जयंत चौधरी एमएसडीई की ओर से देखभाल अर्थव्यवस्था की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कौशल इकोसिस्टम को मजबूत करने हेतु महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टियां और दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

इस परामर्श के माध्यम से मंत्रालय का उद्देश्य 1.5 लाख देख भाल कताओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए कार्यान्वयन योग्य रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करना तथा भारत के अर्थव्यवस्था क्षेत्र के विकास को गति देना है।

# भारत की राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भाग लिया




वास्तविक अर्थों में विकास हासिल करने के लिए हमें महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, जो देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं।
– राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (8 मार्च, 2026) नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और समारोह को संबोधित किया। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदानों की खुशी मनाने और लैंगिक समानता, सुरक्षा, गरिमा और महिला सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए आयोजित किया गया

राष्ट्रपति ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सेना, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और उद्यमिता जैसे हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वे पंचायतों में ग्रामीण विकास का नेतृत्व कर रही हैं। कई महिलाएं उद्योग, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट जगत में नेतृत्व प्रदान करने के लिए अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग कर रही हैं। वे खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे उदाहरण यह विश्वास दिलाते हैं कि यदि महिलाओं को अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। पिछले एक दशक में महिलाओं के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली है। उच्च शिक्षा में भी सकल नामांकन अनुपात के हिसाब से छात्राओं की संख्या अधिक है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित ( एसटीईएम) शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। केंद्रीय बजट 2026-27 में एसटीईएम छात्रों की पढ़ाई जारी रखने में सहायता के लिए प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का प्रावधान है। हमारी बेटियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना के तहत सहायता प्राप्त करने वाले आधे से अधिक स्टार्ट-अप में कम से कम एक महिला निदेशक हैं। वर्तमान में दो लाख से अधिक महिला स्वामित्व वाले लघु एवं मध्यम उद्यम सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर सक्रिय हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 में शुरू की गई एसएचई-मार्ट पहल स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी। पिछले वर्ष लागू किए गए श्रम संहिता का उद्देश्य महिला श्रमिकों के लिए अधिक समावेशी, सुरक्षित और सशक्त कार्य वातावरण प्रदान करना है।

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रयासों के बावजूद, उनके विकास पथ में अभी भी कई बाधाएं मौजूद हैं। उदाहरण के लिए, आज भी कई महिलाओं को भेदभाव, समान काम के लिए असमान वेतन और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनका समाधान केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। लैंगिक भेदभाव की मानसिकता से बाहर निकलकर ही हम समाज में सच्ची समानता स्थापित कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि सही मायने में विकास हासिल करने के लिए हमें महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, जो देश की लगभग आधी आबादी हैं। हमने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। देश की तीव्र प्रगति और राष्ट्रीय हित के लिए नागरिकों की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि हम न केवल महिलाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करें, बल्कि उन सपनों को साकार करने के हर कदम पर उनका समर्थन भी करें। भय और भेदभाव से मुक्त वातावरण में महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी नागरिकों को प्रत्येक लड़की को शिक्षा और समान अवसर प्रदान करने, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में व्याप्त सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। ऐसा करके हम विश्व के समक्ष महिला सशक्तिकरण का आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं।

# डिजिटल समावेशन डिजिटल युग में भारत का सशक्तीकरण

भारत का डिजिटल रूपांतरण जनसंख्या के लिहाज से वैश्विक स्तर पर कनेक्टिविटी और प्रौद्योगिकी-सक्षम सार्वजनिक सेवा प्रदायगी के सबसे बड़े विस्तारों में से एक का प्रतीक है। साल 2015 में आरंभ किए गए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम में निहित इस रणनीति का केंद्र प्रत्येक नागरिक के लिए डिजिटल अवसंरचना को एक मूलभूत उपयोगिता के रूप में विकसित करना, डिजिटल विभाजन को पाटना, मांग के अनुरूप शासन और सेवाएं उपलब्ध कराना तथा डिजिटल पहुंच के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाना रहा है।

एक दशक पहले तक भारत में डिजिटल विभाजन काफी स्पष्ट और गहरा था। हाई-स्पीड इंटरनेट मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित था, ग्रामीण संपर्क (कनेक्टिविटी) सीमित था, और ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच स्थान, आय और डिजिटल साक्षरता पर निर्भर करती थी। इन वर्षों के दौरान निरंतर सार्वजनिक निवेश के माध्यम से ब्रॉडबैंड नेटवर्क का विस्तार किया गया और व्यापक ऑप्टिकल फाइबर अवसंरचना की ओर रुख किया गया, जिससे गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी की पहुंच और गुणवत्ता, दोनों में सुधार हुआ।

आज यह विभाजन तेजी से संकरा होता जा रहा है। किफायती डाटा, सहायक डिजिटल पहुंच केंद्रों और परस्पर संचालित सार्वजनिक प्लेटफॉर्मों के माध्यम से नागरिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने, डिजिटल भुगतान करने, ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने और शासन में भागीदारी करने में सक्षम हो रहे हैं। जो पहल किसी समय में एक कनेक्टिविटी मिशन के रूप में शुरू हुई थी, वह अब एक व्यापक सशक्तीकरण यात्रा में विकसित हो चुकी है–जो हर बीतते वर्ष के साथ अधिक से अधिक भारतीयों को डिजिटल मुख्यधारा से जोड़ रही है।

**भारत की डिजिटल अवसंरचना का निर्माण**

भारत की डिजिटल रीढ़ उसके उस प्रयास का आधार है जिसके माध्यम से विशाल जनसंख्या के पैमाने पर डिजिटल विभाजन को पाटने का लक्ष्य रखा गया है। यह तीन परस्पर जुड़े स्तंभों के माध्यम से संचालित होती हैः सार्वभौमिक संपर्क अवसंरचना, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर(डीपीआई)और कंप्यूटिंग क्षमता। ये स्तंभ मिलकर सुनिश्चित करते हैं कि पहुंच, सेवाएं और प्रौद्योगिकीय क्षमता एक साथ विकसित हों। यह समेकित दृष्टिकोण कनेक्टिविटी को डिजिटल अर्थ व्यवस्था में सार्थक भागीदारी में परिवर्तित करने में सक्षम बनाता है।

**सार्वभौमिक डिजिटल संपर्क और किफायती मूल्यों पर उपलब्धता**

सार्वभौमिक डिजिटल संपर्क और किफायती मूल्यों पर उपलब्धता (एक्सेस) भारत की डिजिटल क्रांति की आधारशिला है, जो प्रत्येक नागरिक के लिए समावेशी विकास, बेहतर शासन, आर्थिक अवसरों और सामाजिक सशक्तीकरण को आगे बढ़ाती है।

इसके केंद्र में भारतनेट (वर्ष 2011 में लॉन्च) के तहत ऑप्टिकल फाइबर का व्यापक विस्तार है, जो हाई-स्पीड इंटरनेट को ग्रामीण भारत तक पहुंचाता है। वर्ष 2026 की शुरूआत तक 2.15 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा चुका है, जबकि देशभर में ऑप्टिकल फाइबर केबल का विस्तार वर्ष 2019 के 19.35 लाख रूट कि.मी. से बढ़कर वर्ष 2025 में 42.36 लाख रूट कि.मी. हो गया है, जिससे एक सुदृढ़ डिजिटल रीढ़ का निर्माण हुआ है जो शहरी-ग्रामीण अंतर को कम करती है और दूरस्थ क्षेत्रों तक विश्वसनीय कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाती है।

फाइबर के पूरक के रूप में, भारत का अत्यंत तेज 5जी नेटवर्क अब (दिसंबर 2025 तक) 5.18 लाख से अधिक बेस ट्रांसीवर स्टेशनों के माध्यम से देश के 99.9% जिलों को कवर कर रहा है, जिससे हर जगह अति-तेज मोबाइल ब्रॉडबैंड उपलब्ध हो रहा है। दूरसंचार अधिनियम 2023 के अंतर्गत अवसंरचना स्वीकृति की प्रक्रिया को तेज करने, स्वदेशी 4जी/5जी प्रौद्योगिकी तथा नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के समर्थन से ये प्रयास कनेक्टिविटी को एक विलासिता से बदलकर एक आवश्यक अधिकार में परिवर्तित कर रहे हैं। किफायती दरों ने इस परिवर्तन में निर्णायक भूमिका निभाई हैः डेटा लागत वर्ष 2014 में ₹269/जीबी से घटकर वर्ष 2025-2026 में लगभग ₹8-10 प्रति जीबी (लगभग $0.10) हो गई है, जिससे भारत दुनिया के सबसे सस्ते डेटा बाजारों में से एक बन गया है। इस तीव्र गिरावट ने तेज वृद्धि को बढ़ावा दिया है–नवंबर 2025 तक ब्रॉडबैंड सदस्यता की संख्या 1 अरब (100 करोड़ से अधिक) को पार कर गई, जो एक दशक पहले के 13.15 करोड़ की तुलना में छह गुना से अधिक की वृद्धि है।

समग्र रूप से, ऐसे सुधार ग्रामीण समुदायों, किसानों, छात्रों, उद्यमियों तथा वंचित वर्गों को भारत की उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूर्ण रूप से भागीदारी करने के लिए सशक्त बना रहे हैं और साथ ही पहुंच (एक्सेस) से संबंधित अंतराल को व्यवस्थित रूप से कम करते हुए ग्रामीण तथा वंचित समुदायों को भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में एकीकृत कर रहे हैं।

**डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई): समावेशी सेवाओं को सक्षम बनाना**

जैसे-जैसे डिजिटल कनेक्टिविटी विशाल जनसंख्या तक पहुंच रही है, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) यह सुनिश्चित करता है कि इंटरनेट उपलब्धता का अर्थ हो एक विश्वसनीय, परस्पर-संचालित और नागरिक-केंद्रित सेवा–जो बुनियादी संपर्क को शासन, वित्त और दैनिक जीवन के लिए वास्तविक सशक्तीकरण में बदल सके। भारत का मूलभूत डीपीआई पारिस्थितिकी तंत्र सार्वभौमिक डिजिटल पहचान, निर्बाध भुगतान और सुरक्षित डॉक्यूमेंट एक्सेस जैसी आधारभूत परतें उपलब्ध कराता है, जिससे सेवाओं को ग्रामीण, निम्न-आय और वंचित समुदायों के लिए समावेशी बनाकर डिजिटल विभाजन को प्रत्यक्ष रूप से कम किया जा रहा है। आधार के माध्यम से फरवरी 2026 तक 143 करोड़ से अधिक विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्याएं जारी की जा चुकी हैं, जिससे लक्षित कल्याण प्रदायगी, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तथा सरकारी और वित्तीय सेवाओं तक सुगम पहुंच संभव हुई है–यहां तक कि उन लोगों के लिए भी, जो पहले औपचारिक पहचान के अभाव में इनसे वंचित रह जाते थे। जनवरी 2026 के आंकड़ों के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ( यूपीआई) लगभग 21.7 अरब लेनदेन के साथ प्रति माह करीब ₹28.33 लाख करोड़ के लेनदेन का संचालन कर रहा है, जिससे देशभर में किफायती और रियल-टाइम डिजिटल भुगतान संभव हो रहे हैं। मोबाइल फोन से शून्य-लागत अंतरण की सुविधा के जरिए यह शहरी-ग्रामीण तथा आय संबंधी अंतरालों को पाटते हुए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रहा है।

डिजिलॉकर के फरवरी 2026 तक 62 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और कल्याण जैसे क्षेत्रों में आधिकारिक दस्तावेजों के सुरक्षित एवं कागजरहित भंडारण तथा साझाकरण की सुविधा प्रदान करता है–इससे कागजी कार्यवाही से जुड़ी बाधाएँ समाप्त हो जाती हैं और नागरिक कहीं भी, कभी भी दस्तावेजों की तत्काल एवं विश्वसनीय उपलब्धता के माध्यम से सशक्त होते हैं।

सामूहिक रूप से, डीपीआई के ये स्तंभ मात्र इंटरनेट पहुंच को ठोस सामाजिक और आर्थिक परिणामों में रूपांतरित करते हैं, जिससे निर्बाध सेवा प्रदायगी, गहन वित्तीय समावेशन तथा विश्वसनीय डिजिटल इंटरैक्शन सुनिश्चित होते हैं, जो व्यवस्थित रूप से पहुंच (एक्सेस) संबंधी अंतरालों को कम करते हुए प्रत्येक भारतीय को डिजिटल अर्थव्यवस्था में एकीकृत करते हैं।

**हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) और क्लाउड अवसंरचना**

परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) और डेटा सेंटर भारत के डिजिटल परिवर्तन के प्रमुख सक्षम कारक हैं, जो देश को बुनियादी संपर्क से नवाचार-आधारित समावेशन की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम)–जिसका संयुक्त नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग कर रहे हैं–के अंतर्गत देशभर के विभिन्न संस्थानों में 44 पेटाफ्लॉप्स की संयुक्त क्षमता वाले 38 सुपरकंप्यूटर स्थापित किए जा चुके हैं। महानगरीय केंद्रों से आगे उन्नत कंप्यूटिंग अवसंरचना का विस्तार करते हुए एचपीसी विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप्स, शोधकताओं और उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु मॉडलिंग, जैव प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को समर्थन मिल रहा है।

# कानपुर में दुष्कर्म का आरोप लगा महिलाओं ने चप्पलों से की वैज्ञानिक की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां एक वैज्ञानिक की महिलाओं ने चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। वैज्ञानिक की पिटाई की यह घटना घाटमपुर तहसील परिसर में हुई ,जहां महिला और उसकी दो बेटियों ने झांसी में तैनात फॉरेंसिक वैज्ञानिक की चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक घाटमपुर तहसील परिसर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक महिला और उसकी दो बेटियों ने झांसी में तैनात फॉरेंसिक साइंस विभाग के वैज्ञानिक की चप्पलों और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। इस मारपीट का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने वैज्ञानिक की तहरीर पर महिला और उसकी दोनों बेटियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



घटना के समय महिला अपनी बेटियों के साथअदालत में तारीख पर आई हुई थी। उसका गांव के ही एक व्यक्ति से जमीन को लेकर सिविल कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। उसी दौरान झांसी में तैनात फॉरेंसिक साइंस विभाग के वैज्ञानिक संतोष कुमार कुरील भी तहसील परिसर में मौजूद थे। वैज्ञानिक संतोष को देखकर उसे महिला ने उन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और महिला व उसकी दोनों बेटियों ने संतोष को पकड़कर कार से बाहर खींच लिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर उन्हें चप्पलों, लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को घाटमपुर थाने ले आई। वैज्ञानिक संतोष कुमार कुरील की तहरीर पर पुलिस ने महिला और उसकी दोनों बेटियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं महिला का कहना है कि जमीन के मामले में मदद करने की आड़ में संतोष कुरील ने करीब दो वर्षों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने बताया कि इस संबंध में पहले भी घाटमपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसके मुताबिक जांच के परिणाम के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# डिघारी ग्राम पंचायत की दलिया फैक्ट्री में घोटाले का आरोप, पैकेट पर 1 किलो 42 ग्राम लिखकर दिया जा रहा 840 ग्राम राशन......

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज ।लखनऊ,मोहनलालगंज विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत डिघारी में संचालित दलिया फैक्ट्री पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि यहां तैयार किए जा रहे दलिया के पैकेटों पर निर्धारित वजन से अधिक मात्रा लिखी जा रही है, जबकि वास्तविकता में पैकेटों का वजन काफी कम पाया गया है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डिघारी में लक्ष्मी प्रेरणा उद्योग के नाम से दलिया फैक्ट्री संचालित की जा रही है, जहां से तैयार दलिया




की सप्लाई सरकारी योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजी जाती है। यह दलिया गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों के पोषण के लिए वितरित किया जाता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे पैकेटों के ऊपर 1 किलो 42 ग्राम वजन अंकित किया जाता है। लेकिन जब कुछ पैकेटों की तौल कराई गई तो उनका वास्तविक वजन करीब 840 ग्राम ही निकला। यानी प्रति पैकेट लगभग 200 ग्राम से अधिक की कमी पाई गई।ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की अनियमितताओं से सरकार की पोषण योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है और जिन गर्भवती महिलाओं व बच्चों के लिए यह राशन भेजा जाता है, उनके हक पर डाका डाला जा रहा है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गड़बड़ी को नजरअंदाज कर रहे हैं और योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है।ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो पोषण योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका बनी रहेगी।फिलहाल इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि प्रशासन द्वारा जांच कराई जाती है तो फैक्ट्री में हो रही सप्लाई और पैकेटों के वास्तविक वजन की सच्चाई सामने आ सकती है।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत भव्य जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ ।जल जीवन मिशन के अंतर्गत रविवार को नगराम क्षेत्र के दूल्हापुर हुसैनाबाद गांव में भव्य जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक राजशेखर ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य हर ग्रामीण घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत लगाए गए सभी वाटर पंप सौर ऊर्जा से संचालित होंगे, जिससे ग्रामीणों को बिजली बिल का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा और पेयजल व्यवस्था लंबे समय तक सुचारु रूप से चलती रहेगी।इस अवसर पर मुख्य अभियंता ग्रामीण, उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण ए.के. सिंह, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रभाष कुमार,



मुख्य अभियंता डी.के. सिंह तथा अधिशासी अभियंता अरविंद त्रिपाठी ने भी जल जीवन मिशन की उप लब्धियों और

भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जल जीवन मिशन तथा नमामि गंगे जैसी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।नगर पंचायत नगराम के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पानी उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पानी का सही उपयोग करें और जल स्त्रोतों को संरक्षित रखें। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।

इस दौरान हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर, रायबरेली और बुंदेलखंड क्षेत्र से आए कई गांवों के ग्राम प्रधान भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जल जीवन मिशन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमल किशोर शुक्ल, हुसैनाबाद के ग्राम प्रधान हरिनाम रावत सहित मितौली, घोड़सारा, अनैया, समेसी, बलसिंह खेड़ा, भौंरा खुर्द और केवली के प्रधानों के साथ जल जीवन मिशन के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

**760 घरों तक पहुंच रहा नल से जल.....**

हुसैनाबाद दूल्हापुर ग्राम पंचायत के करीब 760 घरों में नल से जल की सप्लाई शुरू हो चुकी है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन ने प्रदेश के उन सभी गांवों में जल महोत्सव कार्यक्रम शुरू किया है, जहां 100 प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई उपलब्ध हो चुकी है। यह अभियान 8 मार्च से 22 मार्च तक प्रदेश के लगभग 22 हजार से अधिक गांवों में चलाया जाएगा। इसके तहत जलापूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी धीरे-धीरे ग्राम पंचायतों और ग्रामीणों को सौंपी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान विधायक अमरेश कुमार रावत ने हुसैनाबाद दूल्हापुर ग्राम पंचायत में लगाए गए नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ स्वयं नल से पानी पीकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। इतना ही नहीं, उन्होंने एक बोतल में वही पानी भरकर पूरे कार्यक्रम के दौरान उसी पानी का उपयोग किया, जिससे ग्रामीणों में योजना के प्रति विश्वास बढ़ा।कार्यक्रम की शुरूआत से पहले स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने गांव में प्रभात फेरी निकालकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद बच्चों ने गांव के नल कनेक्शनों को राखी बांधकर जल बंधन कार्यक्रम किया। इसका उद्देश्य लोगों को पानी के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर जल संरक्षण का संकल्प भी लिया

**42 ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित.......**

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 42 ग्राम प्रधानों को जल जीवन मिशन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रधानों में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, हमीरपुर, बरेली समेत कई जिलों के ग्राम प्रधान शामिल रहे।दस साल तक कार्यदायी संस्था करेगी रखरखाव. इस योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसका दीर्घकालिक और टिकाऊ मॉडल है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी संभालने वाली कार्यदायी संस्था अगले 10 वर्षों तक संचालन, रखरखाव और गुणवत्ता की निगरानी करेगी। इससे ग्रामीणों को बिना रुकावट मानक के अनुरूप नल से शुद्ध पेयजल मिलता रहेगा और जल आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी बनी रहेगी।

# विंध्यवासिनी धाम पर आयोजित सात दिवसीय रासलीला के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ एकत्र हुई

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां क्षेत्र के वाजपेई खेड़ा गांव में विंध्यवासिनी धाम पर आयोजित सात दिवसीय रासलीला के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ एकत्र हुई जिसमें मंच पर श्रीकृष्ण जन्म, कंस को आकाशवाणी की गूंज, देवकी और वासुदेव को कंस द्वारा कारागार में बंदी बनाना, नारद भजन और राधाकृष्ण का सखियों संग मयूर नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए और प्रांगड़ में मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूज उठा। मौजूद भक्तों ने जय जय श्री राधे का जयघोष भी किया।

लखनऊ वाजपेई खेड़ा निवासी विन्ध्येश्वरी परिवार द्वारा आयोजित रासलीला मंच का शुभारंभ विंध्या



चल स्थित माता विंध्यवासिनी के प्रमुख शिव जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से मंत्रोच्चार की साथ किया गया। रासलीला वृंदावन के रासाचार्य भावेशकृष्ण महाराज (ठाकुर जी) के संचालन में की जा रही है जिसमें श्री धाम वृंदावन के कलाकारों द्वारा विभिन्न किरदारों में मंचन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहले ही दिन पहुंचे हजारों की संख्या में भक्तों ने राधेकृष्ण का जयघोष कर रासलीला का रसपान किया और शनिवार देर रात प्रथम दिवस की लीला का विश्राम हुआ। कार्यक्रम में विन्ध्येश्वरी परिवार के मुखिया उमाशंकर शुक्ल, मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल "विन्ध्येश्वरी", सोनू विन्ध्येश्वरी, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल, मोनू शुक्ल, करन शुक्ल, मंडल उपाध्यक्ष निगोहां अर्जुन शुक्ल, देवांश शुक्ल "पंडित" सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# थाना अनपरा की साइबर टीम ने फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि ₹10,101/- मूल खाते में कराई वापस

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। श्याम नारायण चौधरी पुत्र देवेंद्र चौधरी निवासी गरबन्धा थाना अनपरा जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 31.10.2025 को साइबर ठगी की घटना हुई थी। आवेदक द्वारा सहायता हेतु हिताची कस्टमर केयर पर फोन किया गया, जहां से एक अन्य मोबाइल नंबर प्रदान किया गया। आवेदक द्वारा दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर अज्ञात साइबर ठगों द्वारा आवेदक के बैंक खाते से कुल ₹10,101/- (दस हजार एक सौ एक रुपये) की ठगी कर ली गई।

इस संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज



कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा ठउफ्ढ पोर्टल का अवलोकन कर आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि को संबंधित खातों में तत्काल होल्ड कराया गया। तत्पश्चात NCRP पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक शाखा से ई-मेल के माध्यम से पत्राचार करते हुए आवेदक की होल्ड की गई सम्पूर्ण धनराशि ₹10,101/- को उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। धनराशि वापस मिलने पर आवेदक द्वारा थाना अनपरा की साइबर टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# पुलिस ने 12 घंटे के भीतर चोरी की घटना का अनावरण कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, स्वैप मशीन व नगद बरामद

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र/अनपरा। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के निकट पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा अंग्रेजी शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का 12 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। काशी मोड़ के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से स्वैप मशीन, नगद धनराशि व शराब की बोतल चोरी हो गई थी, जिसमें लगभग ₹1,30,000/- मूल्य के सामान की चोरी होना बताया गया था। इस संबंध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं0 47/2026 धारा 305 (A), 331(4) बीएनएस पंजी कृत किया गया था।

दिनांक 08.03.2026 को उ0नि0



संतोष कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हाथी पार्क, अनपरा कॉलोनी के पास से अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप चौहान पुत्र स्व0 गामा प्रसाद निवासी अनपरा कॉलोनी थाना अनपरा जनपद सोनभद्र (स्थायी पता - गोपालगंज, बिहार) को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह अनपरा तापीय परियोजना में कार्यरत है तथा उसका मासिक वेतन लगभग ₹42,000/- है, किंतु वर्तमान में वह निलंबित चल रहा है। अभियुक्त ने यह भी बताया कि नशे की लत के कारण उसका अधिकांश पैसा खर्च हो जाता है तथा उस पर काफी कर्ज हो गया है, जिसके चलते नशा करने के लिए उसने उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया। उसने बताया कि चोरी की गई शराब को वह पी चुका है तथा कुछ नगद धनराशि भी खर्च कर चुका है।

बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

# महिलाओं ने धूम धाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, इस अवसर पर महिलाओं को किया गया जागरूक

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डाला स्थित उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा जनपद के दो गाँवझपड़रछ ग्राम पंचायत के भालूकुदर तथा कोटा ग्राम पंचायत के सलईबनवा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं के साथ संवाद, सह भागिता और जागरूकता से जुड़े कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक अंकित मौर्य ने बताया कि भालूकुदर गाँव में पहली बार महिला दिवस का सामुदायिक आयोजन किया गया, जिसमें उपक्रम



के तरुण्य युवा कार्यक्रम से जुड़े युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने महिलाओं को बैंक में जमा और निकासी फॉर्म भरने का तरीका सिखाया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि अब तक बैंक जाने पर फॉर्म भरवाने के लिए उन्हें गार्ड या अन्य लोगों को 50 रुपये तक देने पड़ते थे। इस पहल से महिलाएं स्वयं फॉर्म भर सकेंगी और अनावश्यक खर्च से भी बच सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए एवं स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े प्रश्नोत्तरी सत्र में भाग लिया।

सलईबनवा गाँव में भी महिला दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। वरिष्ठ कार्यक्रम सहायक नूतन मेहरोत्रा ने बताया कि यहाँ महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, आत्म विश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ, किशोरियाँ और बच्चे शामिल हुए। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपनी बात रखने और नई जानकारी सीखने का अवसर मिलता है। सलईबनवा गाँव में कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक तूलिका व सहायक प्रेमलता द्वारा किया गया। सह संस्थापक चंद्र किरण तिवारी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी समुदायों में शिक्षा, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि महिलाएं और युवा अपने समुदाय के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस मौके पर तरुण्य कार्यक्रम के युवा अवधेश, दिनेश, पूनम, रूमा, पूजा, साजिद, विवेक, चंदन, रूबी, रंजु, रीता, अंजलि, सुनैना उपस्थित रहे।

# बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर महासभा की बैठक संपन्न, जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा कोन क्षेत्र की द्वितीय बैठक रविवार को बरवाडीह पंचायत भवन के समीप स्थित सांस्कृतिक मंच पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली बाबा साहब की जयंती को भव्य रूप से मनाने तथा शोभायात्रा निकालने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट प्रदीप कन्नौजिया ने की। इस दौरान जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों व कार्यकताओं को सौंपी गईं। उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और बाबा साहब के विचारों



को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और शिक्षा का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को सशक्त और जागरूक बनाया जा सकता है। इसलिए उनकी जयंती पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई जाएगी।

बैठक में संरक्षक बिकलेश कुमार भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमलेश यादव, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, संजय कुमार भारती, महामंत्री नागवंत कुमार भारती, उमानाथ भारती, योगेंद्र भारती, सत्येंद्र मोहन ओझा, एडवोकेट विनय कन्नौजिया, बाबूलाल यादव, दिवाकर कन्नौजिया, इंद्रजीत भारती सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा महिला पुलिस कर्मियों व क्षेत्र की महिलाओं को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। विश्व महिला दिवस के अवसर पर आज दिनांक 08.03.2026 को महिला थाना दुद्धी परिसर में महिलाओं के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय द्वारा महिला पुलिस कर्मियों एवं क्षेत्र की महिलाओं को मोमेंटो व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा



सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि समाज के विकास और प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके सम्मान, सुरक्षा तथा आत्म निर्भरता को सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं निडर होकर पुलिस से संपर्क करें, पुलिस उनकी सहायता और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

उल्लेखनीय है कि विश्व महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना और उनके अधिकारों तथा समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, अनिल हलवाई, प्रभारी प्रधानाचार्या रितिका श्रीवास्तव, महिला थाना अध्यक्ष संतु सरोज, पंचायत सहायक मानसी अग्रहरि, वैष्णवी अग्रहरि, महिला कांस्टेबल, शालू सिंह, नीतू सरोज, हेड कांस्टेबल संगीता सरोज, संयोगिता गोंड, डिंपल यादव, लक्ष्मी वर्मा, बबीता, संध्या, आकांक्षा सक्सेना, नम्रता, आदि महिलाएं व वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह उप निरीक्षक श्याम जी यादव मिट्ठू राजभर, सुभाष चंद पांडे कांस्टेबल सर्वेश सिंह रामबाबू मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि अस्मिता लीग से भारत के ओलंपिक पदक तालिका को बढ़ावा मिलेगा

अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन तीन अलग-अलग दौड़ श्रेणियों - 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर - में 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष और 18 से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों के लिए देशभर के 250 स्थानों पर किया गया श्रीमती रक्षा खडसे ने कहा, हर जिला खेलों में सक्रिय हो, हर बेटी आत्मविश्वास से भरी हो और फिटनेस एक राष्ट्रीय आदत बन जाए छत्रपति संभाजी नगर, 8 मार्च : युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने रविवार को कहा कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों और अन्य बहु-विषयक स्पधाओं में भारत के पदकों की संख्या में तभी सुधार हो सकता है जब खेलों में महिलाओं की भागीदारी में कई गुना वृद्धि हो।

श्रीमती खडसे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छत्रपति संभाजीनगर स्थित गरखेड़ा स्थित संभागीय खेल परिसर में अस्मिता (महिलाओं को प्रेरित कर खेलों में नई उपलब्धियां हासिल करने की पहल करना) कार्यक्रम के अंतर्गत उपमहाद्वीप के 250 स्थानों पर राष्ट्रव्यापी एथलेटिक्स लीग के शुभारंभ के दौरान यह बात कही।

माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री ने अस्मिता बैनर के अंतर्गत योगा, वुशु, किक बॉक्सिंग और भारोत्तोलन लीग का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने साइक्लोथॉन और वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनका आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) छत्रपति संभाजीनगर द्वारा माई भारत, छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम और महाराष्ट्र राज्य खेल विभाग के सहयोग से फिटनेस, खेल में भागीदारी और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। श्रीमती रक्षा खडसे ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या बढ़ाने में अस्मिता को उत्प्रेरक बताते हुए कहा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाओं के अधिकार, गरिमा और समान अवसर न केवल एक सामाजिक आवश यकता हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव भी हैं। महिलाओं को अवसर प्रदान करके पूरा समाज सशक्त होता है। यही हम अस्मिता के माध्यम से कर रहे हैं, जिसे 2021 में हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया गया था। अस्मिता हमें ग्रामीण, आदिवासी और स्कूली स्तर की पृष्ठभूमि से प्रतिभाओं को पहचानने में मदद कर रही है। जब भागीदारी बढ़ती है, तो प्रतिभाओं में भी वृद्धि होती है, प्रतियोगिता का स्तर ऊंचा होता है और फिर पदकों की संख्या में भी सुधार होता है। अगर अधिक महिलाएं खेलों में भाग लेना शुरू कर दें, तो हम बड़े आयोजनों में अपने प्रदर्शन में सुधार कर पाएंगे। इसलिए, अस्मिता एक तरह से ओलंपिक जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदकों की संख्या बढ़ाने में उत्प्रेरक का काम कर रही है।

अब तक, अस्मिता लीग में 2600 लीगों में 33 खेलों में लगभग 3 लाख महिलाओं ने भाग लिया। 2025-26 में, लगभग 1.59 लाख महिलाएं पहले ही 1287 लीगों में भाग ले चुकी हैं।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.









वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.











